Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-10, अंक-113
रायपुर, शुक्रवार 12 दिसम्बर 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00


## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गुप्त ने खड़ी बोली को न केवल काव्य की गरिमा प्रदान की, बल्कि उसे राष्ट्रीय चेतना का सशक्त वाहक बनाया। स्वतंत्रता संग्राम के चुनौतीपूर्ण समय में मैथिलीशरण गुप्त जी की रचनाओं ने देशभक्ति, स्वाभिमान और सामाजिक जागरण की ऐसी लौ प्रज्वलित की, जिसने जन-मानस को एकजुट किया। उनकी कालजयी कृति भारत-भारती सहित अनेक काव्य-रचनाएँ आज भी राष्ट्रभावना और सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन में अमूल्य योगदान देती हैं। इन्हीं अद्वितीय सेवाओं के कारण उन्हें सम्मानपूर्वक 'राष्ट्रकवि' की उपाधि से विभूषित किया गया।

### जरूरतमंद के आवास, बीमार के उपचार की करेंगे व्यवस्था: योगी



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। योगी गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की और कहा कि कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।

### डोनाल्ड ट्रंप की कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो को चेतावनी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को चेतावनी दी है कि यदि वह देश में मादक पदार्थों की स्थिति पर ध्यान नहीं देते हैं, तो उन्हें भारी मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, अगर वह (पेट्रो) समझदारी से काम नहीं लेते हैं तो उनको भारी मुसीबत का सामना करन पड़ सकता है। कोलंबिया बहुत अधिक ड्रग्स का निर्माण कर रहा है। उनके पास कोकीन बनाने वाली फैक्ट्रियाँ हैं, और वे इसे सीधे अमेरिका में बेचते हैं। इसलिए उन्हें समझदार बनना होगा, वरना वह अमेरिका का अगला निशाना होंगे और मुझे उम्मीद है कि वह सुन रहे होंगे।

# आपका मुख्यमंत्री आपके समाज के बीच का है, आपका भाई है, आप आगे बढ़ें, सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर ओलिंपिक 2025 के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने जगदलपुर के स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में संभाग स्तरीय बस्तर ओलिंपिक का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने समूचे बस्तर संभाग के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बस्तर के गांव-गांव तक विकास की धारा पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप बस्तर अब शांति, समरसता और समृद्धि की ओर निरंतर अग्रसर हो रहा है और प्रदेश तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर के युवाओं ने बड़ी संख्या में इस महती आयोजन में भाग लेकर इसे सफल और ऐतिहासिक बनाया है। सबसे अधिक हर्ष की बात यह है कि बस्तर ओलम्पिक में नुवाबाट के प्रतिभागियों ने भी उत्साहपूर्वक शामिल होकर इसे एक विशेष आयाम प्रदान किया है। बड़ी संख्या में बेटियों और बहनों की सहभागिता यह प्रमाणित करती है कि बस्तर में महिला सशक्तिकरण नई दिशा ले रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार बस्तर के युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें विकास में सहभागी बनाने के लिए कटिबद्ध है। यही कारण है कि बस्तर के युवा लोकतंत्र में आस्था एवं विश्वास के साथ आगे आ रहे हैं और विकास यात्रा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के विजेता आने वाले समय में खिलाड़ियों के लिए रोल मॉडल बनेंगे। सरकार बस्तर के युवाओं को बेहतर अवसर एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेगी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक स्पर्धाओं में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर आने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः तीन-तीन करोड़, दो करोड़ तथा एक करोड़ रुपए की सम्मान निधि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बस्तर ओलम्पिक न केवल युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने की पहल है, बल्कि उन्हें विकास की मुख्यधारा में सम्मिलित करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि बस्तर में खेल अधोसंरचना को और मजबूत किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को उचित मंच मिल सके। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जितना सिखाता है, उतना ही हार से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बस्तर ओलम्पिक युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार बस्तर के अंदरूनी इलाकों के युवाओं को अधिक अवसर देकर उन्हें प्रोत्साहित कर रही है और भविष्य में यह पहल और अधिक सशक्त रूप में जारी रहेगी। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप और ओलम्पिक में ब्रॉन्ज मेडल सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक विजेता खिलाड़ी पद्मश्री एम.सी. मेरीकॉम ने भी उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएँ दीं।

## 14 दिसंबर से शीतकालीन सत्र

# छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार रविवार को लगेगा सत्र : डॉ. रमन सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू हो रहा है। यह सत्र नवा रायपुर के नए विधानसभा भवन में होगा। सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा की। रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब रविवार अवकाश के दिन भी विधानसभा की कार्यवाही होगी। रमन सिंह ने कहा, ऐसा इसलिए हो रहा, क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद विधानसभा की पहली बैठक 14 दिसंबर को हुई थी। वो भी राजकुमार कॉलेज स्थित जशपुर हॉल के भवन में टेंट लगाकर बैठक की गई थी। 25 वर्षों की यात्रा भव्य नए विधानसभा भवन तक आ पहुंची है। बीते 25 वर्षों में कुल 76 सत्रों में 773 बैठकें हुई हैं और सदन की कार्यवाही 3456 घंटे 19 मिनट चली है। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर 17 दिसंबर तक विधानसभा का शीतकालीन सत्र आयोजित है। सत्र के दौरान कुल 4 बैठकें होंगी। 628 प्रश्नों की सूचना प्राप्त हुई है। इसमें 333 तारांकित प्रश्न और 295 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। 99.17 प्रतिशत प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। 48 ध्यानाकर्षण होगा। एक लोक महत्व के विषय पर चर्चा होगी। 9 अशासकीय संकल्प, शून्यकाल 4, याचिका 77 पर भी चर्चा होगी। 16 दिसंबर को अनुपूरक मांग पर चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना ( नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनिमय संशोधन विधेयक, 2025 (क्रमांक 28 2025) विधानसभा में पारित किया जाएगा।

## मणिपुर को ऐसा राज्य बनायें जहां हर महिला और बच्चा सशक्त बनें: राष्ट्रपति

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मणिपुर को ऐसा मजबूत राज्य बनाने की अपील की है जहां हर बच्चा सुरक्षित महसूस करे, हर महिला सशक्त महसूस करे, हर समुदाय मिलकर रहे और हर नागरिक एक उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़े। मणिपुर की दो दिन की यात्रा पर गई मुर्मु ने इम्फाल के सिटी कन्वेंशन सेंटर में मणिपुर सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी और उनका उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिपुर साहस और असाधारण सांस्कृतिक समृद्धि की भूमि है। इसके लोगों ने पीढ़ियों से खेल, सशस्त्र बलों, कला एवं संस्कृति, और सार्वजनिक सेवा सहित विविध क्षेत्रों में अपार योगदान देकर राष्ट्र को समृद्ध किया है।

## अमित शाह दबाव में आकर कर रहे हैं गलत भाषा का इस्तेमाल : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर जो बात विपक्ष कह रहा है सरकार भी जानती है कि वह सच है इसलिए गृहमंत्री अमित शाह गुस्से में हैं। कांग्रेस नेता ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि शाह 'वोट चोरी' के आरोप का सच सामने आने के बाद से ही दबाव में है। उन्होंने कहा कि जब संसद में चुनाव सुधार पर चर्चा हुई और शाह ने इस चर्चा में हिस्सा लिया तो उनके चेहरे पर विपक्ष के सवालों के कारण लकीरें थीं और वह जवाब नहीं दे पा रहे थे। गांधी ने कहा कि बुधवार को शाह का दबाव लोकसभा में पूरी तरह से सामने आ गया।

## पेट्रोलियम पदार्थों में एथनॉल मिलाने से वाहनों को कोई नुकसान नहीं: गडकरी

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोक सभा में जानकारी दी गयी कि पेट्रोल में एथनॉल मिलाने से वाहनों को कोई नुकसान नहीं होता है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रश्न काल में बताया कि पेट्रोलियम पदार्थों में एथनॉल मिलाने से वाहनों को कोई नुकसान होता है या नहीं, इसकी जांच की गयी है, जिससे स्पष्ट हुआ है इससे वाहनों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। गडकरी ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि ई20 फ्यूल के इस्तेमाल की वजह से किसानों को बहुत बड़ी रकम मिल रही है। इस व्यवस्था से देश के किसान ऊर्जादाता भी बन गये हैं। केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि ई20 फ्यूल की वजह से कच्चे तेल के आयात में कमी आयी है। इस व्यवस्था से विदेशी मुद्रा की बचत भी हुई है।

## छत्तीसगढ़ सहित छह राज्यों, केंद्र शासित क्षेत्रों में एसआईआर की तिथियां दोबारा बढ़ायी गयीं

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और तमिलनाडु तथा केंद्र शासित अंडमान निकोबार की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम में संशोधन की घोषणा की। आयोग ने इन पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार के मुख्य चुनाव अधिकारियों के अनुरोध पर वहाँ मतगणना प्रपत्र जमा कराने और संशोधित मतदाता सूची के मसौदों के प्रकाशन की तिथियां बढ़ा दी हैं। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि 11 दिसंबर से बढ़ाकर 26 दिसंबर कर दी गयी है और राज्य की संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित अंडमान में मतगणना प्रपत्र जमा कराने की तिथि 18 दिसंबर और संशोधित मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन की तिथि 23 दिसंबर कर दी गयी है। गुजरात और तमिलनाडु में मतगणना प्रपत्र को जमा करने की अंतिम तारीख 14 दिसंबर कर दी गयी है और इन दोनों राज्यों की संशोधित सूची का मसौदा 19 दिसंबर को जारी किया जाएगा। इससे पहले के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, इन सभी जगहों पर मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि ही समाप्त हो रही थी, जबकि इनमें संशोधित सूची का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था। आयोग ने इससे पहले केरल में मतगणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि संशोधित कर 18 दिसंबर कर दी थी और वहां संशोधित सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था। आयोग ने कहा है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नयी सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छुटे। आयोग ने यह भी कहा है कि नये मतदाताओं को सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 और घोषणा पत्र भरने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्हें आयोग की वेबसाइट और ऐप के माध्यम से अपना फॉर्म और घोषणा पत्र जमा कराने की सुविधा भी है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने बिहार के बाद 12 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए आयोग ने 27 अक्टूबर को आदेश जारी किया था। इसके अलावा, असम की सूची की भी विशेष संक्षिप्त समीक्षा करने का काम चल रहा है। इन संशोधित सूचियों की संदर्भ की तिथि एक जनवरी 2026 रखी गयी है।

## इंडिगो ने हवाई अड्डे पर लंबे समय तक फंसे रहे यात्रियों के लिए की मुआवजे की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने 03, 04 और 05 दिसंबर को लंबे समय तक हवाई अड्डों पर फंसे रहे यात्रियों के लिए मुआवजा और ट्रैवल वाउचर की घोषणा की है। एयरलाइंस ने जारी बयान में इस घटना पर खेद व्यक्त किया है। उसने कहा है कि सरकार के दिशा-निर्देशों के मुताबिक इन यात्रियों को पांच हजार रुपये से 10 हजार रुपये तक मुआवजा दिया जायेगा। मुआवजे की राशि इस बात पर निर्भर करेगी कि वे कितनी देर तक हवाई अडडे पर फंसे रहे। इसके अलावा इन यात्रियों को 10-10 हजार रुपये का ट्रैवल वाउचर भी दिया जायेगा। इसका इस्तेमाल अगले 12 महीने तक टिकट बुक कराने के लिए किया जा सकेगा। बयान में कहा गया है कि इंडिगो संकट के दौरान रदद रही सभी उड़ानों के यात्रियों के लिए रिफंड जारी कर दिया गया है और ज्यादातर मामलों में रिफंड की राशि पीड़ित यात्रियों के खाते में आ चुकी है। तीसरे पक्ष के प्लेटफॉर्म से बुक कराये गये रिफंड के बारे में भी एयरलाइंस ने दावा किया है कि रिफंड जारी कर दिया गया है। ऐसे यात्रियों को कस्टमर-एक्सपेरियंस-गोइंडिगो इन पर ईमेल भेजने की सलाह दी गयी है।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में अफगान तालिबान के साथ व्यावहारिक बातचीत का किया आह्वान

**नयी दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा है कि अफगानिस्तान से संबंधित प्रमुख मुददों पर समन्वित क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सर्वोपरि है और देश में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के लिए संबंधित पक्षों के साथ मजबूती से जुड़ना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। राजदूत पी. हरीश ने यूएनएससी बैठक में तालिबान के साथ व्यावहारिक जुड़ाव का आह्वान किया, साथ ही सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करने वाली सुसंगत नीति का भी समर्थन किया। भारतीय राजनयिक ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अफगानिस्तान की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में कहा, केवल दंडात्मक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने से वही पूर्ववत स्थिति जारी रहेगी जो हम पिछले साढ़े चार वर्षों से देख रहे हैं।

## सरकार क्रूर बन गयी है किसानों आदिवासियों पर लाठी चलवा रही : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में किसानों, दलितों, आदिवासियों की जमीनों के लूटने का षड्यंत्र चल रहा। सरकार जमीनों के इस लूट की सहभागी है। कल खैरागढ़ छुईखदान गया था, वहां पर सिमेंट प्लांट लगाने के नाम पर किसानों की जमीन जबरिया अधिग्रहित की गयी, जनसुनवाई का विरोध कर रहे ग्रामाणों पर लाठियां चलवाई गयी। पूरे प्रदेश में उद्योगों कोयला खदानों आदि के नाम पर किसानों की जमीन जबरिया अधिग्रहित की जा रही, किसान विरोध कर रहे तो उन पर लाठियां चलाई जा रही। हसदेव, अमोरा, तमनार, खैरागढ़, मैनपाट, बीजापुर, बैलाडीला कांकेर में यही हुआ, सरकार ने लोगों की सहमति के बिना उनकी जमीनों को उद्योगपतियों को दे दिया। खैरागढ़, अमोरा, तमनार, मैनपाट में ग्रामीणों पर लाठियां चलवाई गई। यह सरकार उद्योगपतियों की दलाल बन गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मंत्रिमंडल के द्वारा समर्पित नक्सलियों के आपराधिक प्रकरण वापस फैसले लेने की और उसकी समीक्षा की फैसला का निर्णय बेहद ही दुर्भाग्यजनक है।

## ओडिशा में 4,000 किलोग्राम विस्फोटक लूट के मामले में एनआईए ने 11 माओवादियों के खिलाफ दायर किया आरोप पत्र

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्र जांच एजेंसी ने ओडिशा के राउरकेला जिले में एक पत्थर की खदान के लिए ले जाए जा रहे लगभग 4,000 किलोग्राम विस्फोटक की लूट के मामले में 11 उग्रवादियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया। जिन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है, उनमें जरजा मुंडा उर्फ कुलु मुंडा, अनमोल उर्फ सुशांत उर्फ लालच हेंब्रम, रमेश उर्फ प्रीतम मांझी उर्फ अनल दा, पिंटू लोहरा उर्फ टाइगर, लालजीत उर्फ लालू, शिवा बोदरा उर्फ शिबू, अमित मुंडा उर्फ सुखलाल मुंडा, रवि उर्फ बीरेन सिंह, राजेश उर्फ मानसिद, सोहन उर्फ रंगा पुनेम और आप्टन उर्फ चंद्र मोहन हंसदा शामिल हैं। एनआईए अधिकारी ने बताया, सभी 11 लोगों पर यूए(पी) कानून, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), हथियार कानून और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। जांच के दौरान एनआईए ने पाया कि ये आरोपी लगभग 200 विस्फोटक पैकेट (जिनमें से प्रत्येक में 20 किलोग्राम विस्फोटक था) की लूट की आपराधिक साजिश, योजना और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल थे। ये विस्फोटक झारखंड के सारंडा जंगल में माओवादियों के गढ़ों में ले जाया जा रहा था।

## 8 दिसंबर को सीसीएम सहित 12 नक्सलियों ने किया था आत्मसमर्पण

# सरेंडर नक्सलियों ने उगले राज, लमरा जंगल से बंदूक और जिंदा कारतूस बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बीते दिनों सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने पूछताछ शुरु हो गई है। शुरूआती जानकारी में ही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है और नक्सलियों का डंप बरामद किया गया है। इसमें बंदूक, वर्दी, सेट व अन्य सामाग्रियां पुलिस को मिली है। उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में पूछताछ के बाद और भी पुख्ता जानकारी सरेंडर नक्सलियों से मिलेगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 8 दिसंबर को सीसी मेंबर रामधेर सहित 12 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। इसमें पुलिस का फोकस रामधेर पर रहा, क्योंकि वह कई बड़े कैडर्स से मिलता था। इसके अलावा नक्सल संगठन की कई अहम जानकारियां भी उसके पास है। इसलिए केंद्रीए एंजेसी, छग पुलिस और पड़ोसी राज्यों की पुलिस भी उससे पूछताछ कर रही है। इसी क्रम में बकरकट्टा लमर जंगल में डंप होने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे बरामद किया है।

### पूछताछ में प्लानिंग का भी होगा खुलासा

सरेंडर करने वाले नक्सलियों में रामधेर मझी बड़ा कैडर है। छग को लेकर उसके पास कई जानकारियां है, वह बीजापुर जिले का रहने वाला है। इस कारण पुलिस अफसरों को उम्मीद है कि जो नक्सली लीडर सरेंडर नहीं किए हैं। वह किस प्लानिंग पर काम कर रहे हैं। यह पूछताछ में काफी अहम माना जा रहा है।

### ये सामान पुलिस को जंगल से मिले

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लमरा जंगल से इंसास एलएमजी रायफल 01, 303 रायफल - 02, (58 जिंदा राउंड), 12 बोर गन 01, (25 राउंड), बीजीएल 01 (05 सेल में 04 जिंदा एवं 01 खाली), वर्दी कपड़े - 02 सेट, पोच - 02, पिट्ठू - 02, तिरपाल, मेडिकल सामग्री, नक्सली साहित्य एवं अन्य सामग्री मिली है।

## पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल की कैद

**इस्लामाबाद/वार्ता।** पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने इंटर-सर्विसेज़ इंटेलिजेंस (आईएसआई) के पूर्व प्रमुख फैज़ हमीद को कई मामलों में दोषी पाये जाने के बाद 14 साल की कड़ी कैद की सज़ा सुनाई। पाकिस्तानी सेना ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल हमीद के खिलाफ कानूनी कार्यवाही 12 अगस्त 2024 को पाकिस्तान आर्मी एक्ट के तहत शुरू हुई थी। पाकिस्तानी सेना ने बयान में कहा कि 15 महीने की सुनवाई के बाद उनके लिये यह सज़ा तय की गयी है। हमीद को राजनीतिक कार्यों में शामिल होने, देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की हद तक शासकीय गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने, सरकारी संसाधनों एवं प्राधिकार का दुरुपयोग करने और व्यक्तियों को 'गलत नुकसान' पहुंचाने के आरोप में दोषी पाया गया। बयान में कहा गया है कि राजनीतिक तत्वों के साथ मिलकर राजनीतिक अशांति और अस्थिरता भड़काने में उनकी कथित भूमिका पर अलग से कार्रवाई की जा रही है।

## लाल चंदन संरक्षण लाभार्थियों के लिए 6.2 करोड़ रुपये जारी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (एनबीए) ने संकटग्रस्त लाल चंदन के संरक्षण के लिए लाभ साझाकरण योजना के तहत 6.2 करोड़ रूप जारी किए हैं जिससे पाँच राज्यों में किसानों तथा वन-निर्भर समुदायों की आजीविका को सशक्त बनाया जाएगा। आधिकारिक सूचना के अनुसार लाभ साझाकरण निधि राज्य वन विभागों, राज्य जैव विविधता बोर्डों और लाल चंदन उगाने वालों को जारी की गई है, जो इस देशज और वैश्विक रूप से मूल्यवान प्रजाति की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लाल चंदन के सतत संरक्षण और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जारी 6.2 करोड़ रुपये में से, तेलंगाना के किसानों को 17.8 लाख रुपये और आंध्र प्रदेश के किसानों को 1.1 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके अलावा तमिलनाडु वन विभाग को 2.98 करोड़ रुपये, कर्नाटक वन विभाग को 1.05 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र वन विभाग को 69.2 लाख रुपये और तेलंगाना वन विभाग को 5.8 लाख रुपये प्राप्त होंगे और 16.0 लाख रुपये संबंधित राज्य जैव विविधता बोर्डों में बांटे जाएंगे।

# कोई पात्र मतदाता सूची से छूटे नहीं अपात्र का नाम शामिल न हो: योगी

एजेंसी < वाराणसी
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता आम जनता के बीच जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से छूट न जाए और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में होना मजबूत एवं समावेशी लोकतंत्र की आधारशिला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस समीक्षा बैठक में वाराणसी कमिश्नरी के छह संगठनात्मक जिलों वाराणसी महानगर, वाराणसी जिला, चंदौली, मछलीशहर, जौनपुर एवं गाजीपुर के विधायक, सांसद, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी तथा विधानसभा संयोजक उपस्थित रहे। उन्होने कार्यकर्ताओं से कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव कहते हैं कि चुनाव बूथ पर लड़ा जाता है, इसलिए बूथ प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। बूथ की टीम को एक्टिवेट कर दीजिए, मतदाता सूची को अच्छी तरह छान लीजिए। अभी जितनी मेहनत कर लेंगे, चुनाव के समय उतनी कम मेहनत करनी पड़ेगी और हमारी जीत निश्चित होगी। यह सुनहरा अवसर है कि समय रहते सभी त्रुटियों को दूर कर मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसएसआर) अभियान के दौरान चार प्रमुख श्रेणियों अनमैप्ड (अनमैपिंग), मृतक, अनुपस्थित (एब्सेंट) तथा स्थानांतरित (शिफ्टेड) मतदाताओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर दो-दो टीमें बनाकर घर-घर संपर्क किया जाए तथा ऐसे पात्र मतदाताओं की पहचान की जाए जिनका नाम किसी त्रुटि या लापरवाहीवश सूची में शामिल नहीं हो सका है। ऐसे सभी पात्र मतदाताओं का फॉर्म-6 भरवाकर समय से बीएलओ को सौंपा जाए ताकि किसी का नाम छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक तालमेल, तकनीकी दक्षता, नियमित मॉनीटरिंग और सतत जनसंपर्क इस अभियान को सफल बनाने की कुंजी हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलए-1, बीएलए-2, बूथ पलायन प्रभारी तथा बूथ अध्यक्ष मिलकर रणनीति बनाएं और प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने का सघन अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि संपर्क, सत्यापन और सही सूचना के आदान-प्रदान से अभियान में पारदर्शिता, तीव्रता तथा प्रमाणिकता आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, कार्य की प्रमाणिकता से ही हमारी दक्षता सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता तक पहुंचना और उन्हें मतदाता सूची से जोड़ना भाजपा की संगठनात्मक शक्ति एवं जिम्मेदारी है, जिसे पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से निभाया जाना चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी तथा पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## ठेकेदारी प्रथा खत्म कर सीधे किसानों के खाते में धनराशि जमा करें: गणेश जोशी

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड केबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने हल्द्वानी में सरकारी विभागों के तहत संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए। जोशी ने उद्यान अधिकारी द्वारा जिले में उद्यान विभाग द्वारा एप्पल एवं कीवी मिशन सहित पॉलीहाउस निर्माण कार्यों की जानकारी उपलब्ध न करा पाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त हिदायत देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठकों में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उद्यान तथा कृषि विभाग के तहत पॉलीहाउस निर्माण हेतु किसानों के खाते में सीधे धनराशि स्थानान्तरण करने के निर्देश दिये ताकि पॉली हाउस निर्माण में देरी न हो। उन्होंने कहा कि भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार पॉलीहाउस का आवंटन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि यन्त्रों का वितरण न्याय पंचायत के आधार पर किया जाये। साथ ही उन्होंने मृदा हैल्थ कार्ड शत-प्रतिशत बनाये जाने तथा कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत एक भी पात्र किसान योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मौन पालन हेतु किसानों एवं युवाओं को प्रेरित किया जाये ताकि लोग मौन पालन को स्वरोजगार के तौर पर अपनाकर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकें।

## कोरियाई कल्चरल सेंटर में लगायी गयी प्रदर्शनी भारत-कोरिया के जीवन दर्शन की प्रस्तुत करती है झलक

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत में कोरियाई कल्चरल सेंटर की स्थापना की तेरहवीं वर्षगांठ के अवसर पर यहां लगायी गयी प्रदर्शनी दोनों देशों के लोगों, जीवन और परिदृश्यों को कलाकारों की नज़र से देखने का अवसर प्रदान करती है। प्रदर्शनी में कोरिया और भारत के दो-दो कलाकारों द्वारा बनायी गयी 200 से अधिक कलाकृतियों को प्रस्तुत किया गया है। कोरियाई कलाकार सन सांगशिन (बेरेका) और ह्यो दासोम ने भारत की अपनी यात्राओं से प्रेरित रचनाएं प्रदर्शित की हैं, जबकि भारतीय कलाकार रीका नार्तियांग और समिद्धा चौधरी ने कोरिया की यात्रा के दौरान बनायी गयी कलाकृतियां प्रस्तुत की हैं। बुधवार से शुरू हुई यह प्रदर्शनी 28 फरवरी तक दर्शकों के लिए खुली है। बड़े आकार की कलाकृति से लेकर छोटे कार्यों और थ्री डायमेंशनल आर्ट तक, दोनों देशों के कलाकारों की कृतियों की लगायी यह प्रदर्शनी दर्शकों को भारत और कोरिया की एक साथ यात्रा कराने जैसा अनुभव प्रदान करती है। कोरिया के कलाकार सन सांगशिन ने अपने बड़े आकार के पेन ड्रॉइंग और वॉटरकलर कार्यों के साथ अपनी तीन प्रकाशित पुस्तकों इफदिस इज द जर्नी, इंडिया रोमांस और यू एंड आई आर ट्रूली रिमार्केबल को भी प्रदर्शित किया। कलाकार ह्यो दासोम ने प्राचीन संस्कृत लिपियों को आधुनिक शैली में पुनःव्याख्यायित करते हुए 40 डिजिटल आर्टवर्क प्रस्तुत किये। भारतीय कलाकार रीका नार्तियांग ने पारंपरिक कोरियाई मुखौटों से प्रेरित टेक्सटाइल आर्ट, हैंबोक और कोरियाई दृश्यों पर आधारित पेन एंड इंक तथा वॉटरकलर कार्य प्रदर्शित किये। समिद्धा चौधरी ने कोरियाई पारंपरिक संस्कृति को दर्शाती छह सिरेमिक कृतियां, कोरियाई स्ट्रीट फूड पर आधारित डिजिटल आर्ट सीरीज़ और कोरिया के विभिन्न दृश्यों को दर्शाती पेन ड्रॉइंग प्रस्तुत कीं। कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया के निदेशक ह्वांग इल योंग ने इस प्रदर्शनी को लेकर कहा, यात्रा कला की शुरुआत है और यह दुनिया की विविधता को समेटती है। हमें उम्मीद है कि यह प्रदर्शनी, जिसमें कोरियाई और भारतीय कलाकारों ने एक-दूसरे के देशों को अपनी कला के माध्यम से समझा, हमारे सांस्कृतिक आदान-प्रदान को एक नया आयाम देगी। विशेष रूप से हम चाहते हैं कि भारतीय युवा, जो पहले से ही के पॉप और के ड्रामा के माध्यम से कोरियाई संस्कृति से जुड़े हैं, कोरिया की परंपराओं और भावनात्मक दुनिया को और गहराई से समझ सकें।

## किसान खेत की मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाकर अपनी आय बढ़ा सकेंगे

एजेंसी < हरिद्वार
www.dailypioneer.com



आईआईटी रुड़की के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी तकनीक ईजाद की है जिससे किसान अपनी खेत की मिटटी में कार्बन की मात्रा बढ़ाकर अपनी आय को बढ़ा सकेंगे। यह तकनीक किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ उनकी खेती की लागत को कम करने तथा सिंचाई की आवश्यकता को कम करने में गेम चेंजर साबित हो सकती है। यह कार्बन क्रेडिट मॉडल फिलहाल आईआईटी रुड़की उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर चलाएगी बाद में इस पूरे देश में लागू किया जाएगा। आईआईटी रुड़की के भू गर्भ विज्ञान के प्रोफेसर ए एस मौर्य ने संवाददाता को बताया कि यह कार्बन क्रेडिट मॉडल फिलहाल उत्तर प्रदेश में शुरू किया जा रहा है। उन्होंने इस मॉडल के बारे में बताया कि किसान अपनी फसल के बाद बची हुई सामग्री जैसे गेहूं, धान की पराली गन्ने की पत्तियों और अन्य फसलों की वेस्ट जला देते हैं जिससे पर्यावरण प्रदूषण होता है और किसानों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ता है। इस तकनीक के तहत किसानों को इस बारे में शिक्षित किया जाएगा कि वह फसलों के बाद निकलने वाली बेकार सामग्री को ना जलाएं बल्कि उसे खेतों में ही रहने दे इससे जहां उनकी मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ेगी वही मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ने से खेतों में पानी की भी कम आवश्यकता पड़ेगी और कम पानी से ही अच्छी फसल पैदा होगी। विशेष बात यह है कि उन्हें अपने खेतों की कम से कम जुताई करके अधिक से अधिक फसल प्राप्त होगी। मौर्य ने बताया कि इस प्रणाली को अपनाने के बाद हर दो-तीन वर्ष बाद मिट्टी की जांच होगी और उसमें कार्बन की मात्रा को मापा जाएगा जिसे एक टन कार्बन को एक ेडिट माना जाएगा और जिसकी बिक्री के लिए देश में नहीं विदेश में भी कई एजेंसियां तैयार है। वह इसकी गुणवत्ता की जांच करके इसे खरीदने में सक्षम होगी। यह कार्यम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप डिजिटल मॉनिटरिंग, रिपोर्टिंग और वेरिफिकेशन (डी.एम.आर.वी.) प्रणाली का उपयोग करेगा।

## चमोली के मोपाटा गाँव के निकट वाहन के खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत, दो घायल

**चमोली।** उत्तराखण्ड के चमोली जिले के देवाल क्षेत्र के मोपाटा गाँव के निकट एक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वाहन सवार मोपाटा गाँव में विवाह समारोह में शामिल होने आए थे। पुलिस ने बताया वाहन स्वामी नारायण सिंह (52) पुत्र गोविन्द सिंह, निवासी चौड़ ने कार को ढलान पर न्यूट्रल में खड़ा कर हेंडब्रेक लगाया था। प्रारंभिक जाँच में प्रतीत होता है कि किसी व्यक्ति द्वारा वाहन का हेंडब्रेक डाउन कर दिया। जिसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटना में मोहिनी देवी (42) पत्नी मानसिंह, निवासी कोटेरी चौड़, बसंती देवी (35) पत्नी कुंवर सिंह, निवासी चौड़ और भजन सिंह (62) पुत्र बादर सिंह, निवासी चौड़ की मौत हो गयी। जबकि ज्योति पुत्री (23) गंगा सिंह, निवासी कोटेड़ा, और खिलाफ सिंह (65) पुत्र नारायण सिंह, निवासी चौड़ घायल हो गये। दोनों घायलों का उपचार पीएचसी देवाल में चल रहा है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## पूजा पाठ के नाम पर ठगी करने के आरोप में एक गिरफ्तार

एजेंसी < पौड़ी
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के पौड़ी में पुलिस ने पूजा पाठ के नाम पर झांसा देकर ठगी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 19 सितंबर 2025 को वादी राकेश चन्द्र बलोदी, निवासी- सतपुली द्वारा थाना सतपुली में एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी माताजी को फोन पर पूजा-पाठ एवं अनुष्ठान कराने के नाम पर पांच लाख 58 हजार की आनलाइन ठगी की। इस संबंध में थाना सतपुली पर मु.अ.सं. में बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी द्वारा आमजन के साथ हो रही साइबर एवं आर्थिक धोखाधड़ी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर अभियुक्तों की पहचान एवं शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार एवं क्षेत्राधिकारी पौड़ी के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष सतपुली के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल सर्विलांस, सुरागसी-पतारसी, तथा उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन परीक्षण करते हुए मामले की सतत एवं प्रभावी विवेचना की गई। लगातार प्रयासों एवं तकनीकी सर्विलांस के आधार पर उक्त अभियोग में संलिप्त अभियुक्त मोसीन मलिक (32) को मुजफ्फरनगर उ.प्र. से गिरफ्तार किया गया।

## बाणगंगा नदी के एक किलोमीटर चारागाह में आग लगी

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के खेड़ली मोड़ थाना क्षेत्र में इंडियन आयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पाइप लाइन से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर बाणगंगा नदी के एक किलोमीटर चारागाह क्षेत्र में आग लग जाने से हड़कंप मच गया है। झारोटी और बाछैरन गांव के क्षेत्र से निकलने बाली बाण गंगा नदी इस समय पूरी तरह से सूखी हुई है, जिसमें बड़ी संख्या में उगे पेड़ एवं सूखी घास में अज्ञात कारणों से 15 दिन पहले भी आग लग गयी थी, जिस पर काफी मशक्कत के बाद दमकलों ने काबू पाया था। सूत्रों ने बताया कि करीब दो बीघा के क्षेत्र में फैले इस चारागाह में लगी आग तेज हवा से फैलती जा रही है। इससे चिंतित ग्रामीणों ने कहा कि जल्द ही आग पर काबू नहीं पाया गया तो आग धीरे-धीरे बाकी चारागाह को भी अपनी चपेट में ले लेगी। साथ ही इससे इंडियन आयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पाइप लाइन को भी खतरा उत्पन्न हो सकता है।



## सीतापुर में ई रिक्शा सवार दूल्हे की सड़क हादसे में मौत

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के अंतर्गत धर्नाड नवादा मार्ग पर शिवपुरी के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर में ई रिक्शा पर सवार दूल्हे की मृत्यु हो गयी जबकि उसके चार परिजन घायल हो गये। विडंबना है कि आज ही उसके सिर पर सेहरा बांधना था और उसकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष इमलिया सुल्तानपुर श्यामू कनौजिया ने बताया कि आज परसेंडी ब्लॉक में प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम था। इसमें ग्राम टिकर बहादुरपुर के अंकित कुमार (19) का विवाह होना था। यह लोग अपने गांव से गांव का ही ई-रिक्शा बुक कराकर परसेंडी सामूहिक विवाह समारोह में जा रहे थे, तभी घने कोहरे के कारण अज्ञात वाहन की टक्कर लग गई। इस हादसे में अंकित की मृत्यु हो गई और उनके पिता शिवकुमार, माता शिवपति, उनके रिश्तेदार अवनीश एवं रामादेवी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल उपचार के लिये भेजा गया है।




## ट्रैक्टर फिसलकर नहर में गिरा एक की मौत, एक घायल

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में रेत से लदी ट्रॉली ले जा रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में गिर जाने से एक युवक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार, नहर के पुल पर पहुंचते ही चालक द्वारा ब्रेक लगाने की कोशिश में वाहन का संतुलन अचानक बिगड़ गया। ट्रैक्टर फिसलकर नहर में गिर गया, जिससे ट्रॉली पलट गयी। ट्रैक्टर पर सवार दो युवक पलटी हुई ट्रॉली के नीचे दब गये और उन्हें गंभीर चोटें आयीं। चब्बेवाल सीट से विधायक डॉ ईशान चब्बेवाल, जो उस समय संयोगवश उस इलाके से गुजर रहे थे, ने घायलों को फगवाड़ा के सिविल अस्पताल पहुंचाने में मदद की और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की एक टीम जल्द ही मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ितों को बचाया।

## पटना में अलग-अलग आपराधिक मामले में 85 अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी < पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के पटना जिले में अपराध नियंत्रण एवं अपराधकर्मियों पर अंकुश लगाने के लिए अलग-अलग आपराधिक मामले में 85 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूत्रों ने बताया कि अपराध नियंत्रण एवं अपराधकर्मियों पर अंकुश लगाने के लिए पटना जिले से अपराधकर्मी, अभियुक्त,शराब तस्कर, होम डिलेबर, शराब पीने वाले की गिरफ्तारी की गयी है। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को हत्या कांड में दो, दहेज मृत्युकांड में एक,लूट के कांड में एक, पुलिस पर हमला कांड में एक, एससी, एसटी कांड में 01,हत्या का प्रयास कांड में एक,अन्य विशेष प्रतिवेदित कांडों में 16,अन्य अविशेष प्रतिवेदित कांडों में 35, शराब तस्कर-होम डिलीवरी मामले में 07 तथा शराब पीने वाले 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन मामलो में 94.92 लीटर विदेशी शराब,954 लीटर देशी शराब, 308 ग्राम गांजा, 16.70 ग्राम स्मैक, चार वाहन,1730 रूपये और तीन मोबाईल फोन समेत अन्य सामान जप्त किया गया है।

## पंजाब में दो किलो हेरोइन सहित 85 तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब में पिछले 285 दिनों से चल रहे 'युद्ध नशे के विरूद्ध' अभियान के तहत पुलिस ने राज्य भर में 338 स्थानों पर छापेमारी कर 74 प्राथमिकी दर्ज की और 85 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही अब तक गिरफ्तार किए गए कुल तस्करों की संख्या बढ़कर 40,109 हो गई है। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए तस्करों से दो किलो हेरोइन, 335 नशीली गोलियाँ और 800 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। इस अभियान के दौरान 75 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में एक हजार से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 338 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि दिनभर चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 339 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने राज्य से नशों के उन्मूलन के लिए त्रिस्तरीय रणनीति – प्रवर्तन (इन्फ ेर्समेंट), नशामुक्ति (डी-एडिक्शन) और रोकथाम (प्रिवेंशन) यानी ईडीपी लागू की है। इसी रणनीति के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने 38 लोगों को नशा छोड़ने और उनके पुनर्वास कर उपचार करने के लिए सहमति दिलाई है।

## भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को बचा रही महाराष्ट्र सरकार : पटोले

एजेंसी < नागपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता नाना पटोले ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार सहित भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को लगातार बचाती आ रही है। पटोले ने चल रहे महाराष्ट्र विधानसभा सत्र के दौरान कहा कि सरकार ने कई मौकों पर भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को बचाने की कोशिश की है। उन्होंने कोरोना काल में भ्रष्टाचार के आरोपी मुंबई के सहायक नगर आयुक्त का उदाहरण देते हुए कहा कि अधिकारी को बर्खास्त करने के बजाय सिर्फ एक महीने की छुटटी पर ही भेजा गया था। उन्होंने कहा, सरकार ऐसे लोगों को बचा रही है, यहां तक कि पार्थ पवार को भी। इससे पूर्व, बॉम्बे उच्च न्यायालय ने पुणे भूमि सौदे में पुलिस जांच पर सवाल उठाते हुए पूछा कि इसमें शामिल कंपनी के बड़े साझेदार होने के बावजूद पार्थ पवार का नाम प्राथमिकी में क्यों नहीं था। न्यायमूर्ति माधव जामदार ने सवाल किया कि क्या पुलिस सिर्फ दूसरों की जांच करके उपमुख्यमंत्री के बेटे को बचा रही है। यह ज़मीन बिक्री का मामला पुणे के पॉश मुंडवा इलाके में 40 एकड़ ज़मीन से जुड़ा है, जिसे अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी को बेचा गया था। इस कंपनी में पार्थ एक बड़े हितधारक हैं। बाद में पता चला कि यह ज़मीन सरकार की है और इसे बेचा नहीं जा सकता था। इस कंपनी को कथित तौर पर 21 करोड़ रुपये की स्टाम्प ड्यूटी देने से भी छूट दी गयी थी। पटोले ने विधानसभा से कई वरिष्ठ मंत्रियों की गैरमौजूदगी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वे अपनी-अपनी प्राथमिकताओं में व्यस्त थे और विधायी जिम्मेदारियों के प्रति उन्होंने बहुत कम चिंता दिखाई। उन्होंने सरकार पर विधायिका की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया।

## नर्सरियों के माध्यम से गुणवत्तायुक्त कृषि वानिकी पौध उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा : रामकृपाल यादव

एजेंसी < पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरित भारत-समृद्ध भारत विज़न तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कृषि-हितैषी नेतृत्व में राज्य सरकार नर्सरी-आधारित पौध उत्पादन को मजबूत कर रही है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। कृषि मंत्री यादव ने बयान जारी कर कहा कि राज्य सरकार कृषि वानिकी को नई ऊर्जा, नई दिशा और बड़े पैमाने पर विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि केंद्र प्रायोजित कृषि वानिकी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तीन करोड़ 28 लाख 50 हजार की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय राज्य में कृषि वानिकी के व्यापक विस्तार, पर्यावरणीय संतुलन, हरित आवरण में बढ़ोतरी तथा किसानों को सस्ती दर पर गुणवत्तायुक्त पौधे उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यादव ने बताया कि कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य नर्सरी-आधारित कृषि वानिकी पौधों का बड़े पैमाने पर उत्पादन करना है, जिससे गम्हार, सेमल, मालाबार, नीम सहित इमारती और गैर-इमारती पौधों की उपलब्धता बढ़ सके। उन्होंने कहा कि इससे जहां किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं लकड़ी आधारित उद्योगों को स्थानीय स्तर पर आवश्यक कच्चा माल भी बेहतर ढंग से उपलब्ध हो सकेगा। इससे कार्बन अवशोषण, पर्यावरण संरक्षण, और हरित आवरण वृद्धि को भी मजबूती मिलेगी ,जो प्रधानमंत्री मोदी के मिशन लाइफ और सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति में योगदान देगा। कृषि मंत्री ने कहा कि योजना के तहत नई नर्सरियों की स्थापना के लिए किसानों एवं गैर-सरकारी संस्थानों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल रोजगार सृजन, स्थानीय उद्यमिता वृद्धि, और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने का माध्यम बनेगी। यादव कहा कि कहा कि किसानों को उन्नत कृषि वानिकी तकनीकों से जोड़ने के लिए सफल मॉडलों का अवलोकन का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को उन स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा, जहां कृषि वानिकी को प्रभावी ढंग से अपनाया गया है,जिससे वे पौध प्रबंधन, विपणन और आय वृद्धि के नवीन मॉडलों को समझ सके। कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री कुमार की कृषि केंद्रित नीतियों के अनुरूप कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक, नवाचार और हरित विकास से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नर्सरी आधारित कृषि वानिकी मॉडल किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और हरित बिहार के निर्माण में मील का पत्थर बनेगा।

## बालू माफिया के साथ पुलिस की संलिप्तता पर होगी कड़ी कार्रवाई: विजय कुमार सिन्हा

एजेंसी < पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के उपमुख्यमंत्री और खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन, अवैध परिवहन तथा इस पूरे तंत्र में शामिल किसी भी व्यक्ति या अधिकारी पर सख्त कार्रवाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सिन्हा ने बयान जारी कर कहा कि खान एवं भूतत्व विभाग के निरंतर प्रयासों और नियमित अनुश्रवण के बावजूद कुछ थाना क्षेत्रों से ऐसे मामलों की शिकायतें मिली हैं, जहां बिना नंबर प्लेट वाले बालू लदे ट्रैक्टर आसानी से निकल जा रहे हैं जो कि चिंताजनक है और इस पर तुरंत रोक लगाने के लिए नए निर्देश जारी किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को विशेष अभियान के तहत संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां तत्काल छापेमारी करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि छापेमारी केवल औपचारिकता न होकर, प्रभावी रूप से अवैध परिवहन की कड़ियों को तोड़ने की दिशा में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की आवाजाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों पर भी दायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि विभाग की टीम को हर जिले से पर्याप्त सहयोग मिले और साथ ही किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाए। सिन्हा ने बताया कि गृह विभाग को इस मामले में विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभाने और पुलिस की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर थाना, प्रखंड याअंचल पुलिसकर्मियों की संलिप्तता या मिलीभगत सामने आती है, तो उसके खिलाफ बिना देरी के कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि खनन व्यवस्था पारदर्शी, नियंत्रित और पूरी तरह विधिसम्मत हो। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा तकनीकी निगरानी बढ़ाई जा रही है।

# बस्तर खेल प्रतिभाओं का गढ़, अब आपकी बारी प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने की : बॉक्सर मैरी कॉम



पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर ओलम्पिक के भव्य शुभारम्भ कार्यक्रम में भारत की प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज़ और ओलम्पियन मैरी कॉम विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मंच पर पहुँचते ही उन्होंने छत्तीसगढ़ी में जय जोहार कहकर दर्शकों का अभिवादन किया, जिसके बाद पूरे स्टेडियम में उत्साह का माहौल बन गया। मैरी कॉम ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर खेल प्रतिभाओं का गढ़ है। यहाँ के युवा खिलाड़ी जन्मजात प्रतिभा वाले हैं और कठिन परिस्थितियों के बावजूद बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि प्रदेश और देश का नाम रोशन करने की बारी आपकी है। उन्होंने कहा कि खेल जीत-हार के साथ अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास का नाम है। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूँ कि बस्तर के खिलाड़ी आगे बढ़कर राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की पहचान बनाएँ। कार्यक्रम में उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बस्तर ओलम्पिक के आयोजन की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण व आदिवासी अंचलों के खेल प्रतिभाओं को आगे आने का बड़ा मंच देते हैं। बस्तर ओलम्पिक के उद्घाटन अवसर पर मौजूद हजारों दर्शकों ने मैरी कॉम का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## 2 से 9 जनवरी तक मनाया जाएगा रजत जयंती चावल उत्सव

**नारायणपुर।** रजत जयंती वर्ष 2025-26 के तहत् खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा 02 जनवरी से 09 जनवरी 2026 तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में 'रजत जयंती चावल उत्सव' आयोजित किया जाएगा। उत्सव के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, निगरानी समिति के सदस्य, दुकान संचालक तथा हितग्राहियों की उपस्थिति में विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न होंगी। इस अवसर पर हितग्राहियों के शेष ई-केवाईसी कार्य को पूर्ण किया जाएगा, ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का समय पर लाभ प्राप्त हो सके। चावल उत्सव के अंतर्गत उपभोक्ताओं को उपभोक्त ा अधिकारों, शिकायत निवारण की विद्यमान कार्यप्रणाली, तथा विभागीय सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

## कौशल प्रशिक्षण के लिए 15 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित

**'कोण्डागांव।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी कोण्डागांव द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत संचालित फोर-व्हीलर, इलेक्ट्रीशियन, सोलार पेनल इंस्टालेशन टेक्निशियन, ट्रैक्टर मेकेनिक एवं रिटेल कोर्सों में 15 दिसम्बर तक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 14 वर्ष से 45 वर्ष तक के हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस क्लब में की पत्रकारों से भेंट, विकास कार्यों पर चर्चा



पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया ने नारायणपुर जिला प्रवास के दौरान कुछ समय भानुप्रतापपुर में बिताया। यहाँ स्थित प्रेस क्लब का दौरा किया और स्थानीय पत्रकारों से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान सभी पत्रकारों ने टिकरिया का पुष्प गुच्छ से आत्मिय स्वागत किया। पत्रकारों के साथ करीब एक घंटे तक गहन चर्चा में केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में फीडबैक लिया साथ ही प्रेस क्लब की भी तारीफ़ की।

### विकास को धरातल पर उतारना लक्ष्य

पत्रकारों से बातचीत के दौरान, प्रदेश अध्यक्ष टिकरिया ने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद ग्रामीण अंचलों में हो रहे निरंतर विकास कार्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार द्वारा भी छत्तीसगढ़ में ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार का लक्ष्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि धरातल पर विकास की ठोस तस्वीर प्रस्तुत करना है।

### मित्र के आग्रह पर पहुंचे प्रेस क्लब

जानकारी के अनुसार, राहुल टिकरिया अपने मित्र एवं स्थानीय पत्रकार मयंक सोनी के विशेष आग्रह पर प्रेस क्लब पहुंचे थे। वह मूल रूप से युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने भानुप्रतापपुर आए थे, और युवा जोहरा कार्यक्रम के लिए नारायणपुर जा रहे थे। रेस्ट हाउस में मुलाक़ात के दौरान पत्रकार मयंक सोनी ने उन्हें प्रेस क्लब में आमंत्रित किया। लगभग 10 वर्ष पूर्व कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव के दौरान दोनों की मित्रता हुई थी, वे दोनों ही विश्विद्यालय में पत्रकारिता के छात्र रहे है। इस विशेष मुलाकात के दौरान, प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय साहू, पत्रकार दीपक शर्मा, राजेश रंगारी, संजय सोनी, आदित्य गोलानी व अनुज तिवारी सहित अन्य पत्रकारगण एवं भाजयुमो के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कोंडागांव विकासखंड के धान उपार्जन केंद्र कुम्हारपारा और बफना एवं माकड़ी विकासखंड के धान उपार्जन केंद्र अमरावती और माकड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने उक्त केंद्रों में टोकन, बारदाना की उपलब्धता, इलेक्ट्रानिक तौल यंत्र, आर्द्रतामापी यंत्र, डनेज और स्टेकिंग व्यवस्था सहित बारदाना की उपलब्धता की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक तौल मापी यंत्र से धान की बोरी की वजन की जांच करवाई और किसानों से निर्धारित वजन अनुसार खरीदी के निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में आए किसानों से भी संवाद किया और एक एक कर उनकी समस्याएं जानी। कलेक्टर ने कहा कि वन अधिकार पत्र प्राप्त वाले किसानों का चिन्हांकित कर ऐसे प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करें, ताकि वे अपना धान बेच सकें। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न हो और कोई भी समस्या हो तो विभागीय अधिकारी को तुरंत सूचित करें।

# सेजस पावरास सुकमा की छात्राओं को मिली सौगात, सरस्वती साइकिल योजना से खिले नन्हें सपने

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, सुकमा में का दिन छात्राओं के लिए बेहद खास रहा। कक्षा नौवीं में अध्ययनरत 32 छात्राओं को शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा, अनिल राठी, शैलेन्द्र ठाकुर, अनिता नागे, पोया तथा संस्था की प्राचार्या ट्रीजा दास शामिल हुईं।

छात्राओं को संबोधित करते हुए दीपिका शोरी ने कहा कि जीवन में उच्च स्थान प्राप्त करने का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है। जो बच्चियां शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ती हैं, वही समाज का भविष्य तय करती हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा-यात्रा को साझा करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया और कहा कि संवेदनशील सरकार की यह योजना उन बच्चियों के लिए वास्तविक वरदान है, जो दूर-दराज क्षेत्रों में साधन के अभाव के कारण शिक्षा से वंचित रह जाती थीं। उनकी बातें सुन छात्राओं ने गहरी गंभीरता से उन्हें आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सबसे हर्षित क्षण तब आया जब 32 बच्चियों को साइकिलें प्रदान की गईं। साइकिल हाथ में आते ही उनकी आँखों में खुशी की चमक और चेहरों पर आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। इन साइकिलों के माध्यम से अब छात्राएं न केवल समय से स्कूल पहुँच सकेंगी बल्कि शिक्षा के प्रति उनका मनोबल भी और अधिक मजबूत होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा और प्राचार्या ट्रीजा दास ने भी इस योजना को शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य शासन का अभिनव और दूरदर्शी कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे सुकमा जैसे आदिवासी अंचल में बालिकाओं की शिक्षा यात्रा और सशक्त होगी।

**शासन की सकारात्मक पहल–भविष्य की ओर बढ़ता कदम –** सुकमा जिले में संचालित यह योजना शिक्षा के अधिकार को जमीन पर उतारने का सशक्त प्रमाण है। सरकार की इस पहल ने न केवल छात्राओं के जीवन में नई ऊर्जा भरी है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर किया है। यह कार्यक्रम सुकमा जिले में बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को समर्पित एक प्रेरणादायी संदेश बनकर उभरा है– जहाँ साइकिलें पहुंचीं, वहाँ सपने आगे बढ़ चले।

# दिव्यांग छात्र छात्राओं को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण

**नारायणपुर।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा परियना में अध्ययनरत् एवं आवासीय विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग छात्रा लखेश्वरी पोटाई (कैलिपर्स), रंजीत (कैलिपर्स), मनीषा वडडे (बैशाखी), भार्या मण्डावी (दोनो पैरों का कैलिपर्स), पेनूज भोयना (कैलिपर्स एंव व्हीलचेयर), मंजीत नूरेटी (कैलिपर्स), संतोष नेताम (कैलिपर्स एवं व्हील चेयर), अविनाश यादव (व्हीलचेयर), ललिता पोटाई (जूता), आकाश कुमार (जूता), विकेश (कैलिपर्स) तथा लक्ष्मीनाथ, पिता सुकालू, ग्राम कुंदला जनपद पंचायत ओरछा को कृत्रिम हाथ बनाकर जगदलपुर कृत्रिम अंग केन्द्र से प्रदाय किया गया। कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण मिलने से दिव्यांगों के दैनिक कियाकलाप, शौक्षणिक तथा अन्य गतिविधियों में गति बढ़ेगी। समस्त हितग्राहियों को 08 दिसम्बर 2025 को कृत्रिम अंग केन्द्र आड़ावाल, जगदलपुर जिला बस्तर भेजा गया था।

# नियद नेल्लानार गांव पूवर्ती के खिलाड़ी विजय डोडी और ओरछा सलोनी की बने मशालवाहक

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर ओलंपिक 2025 संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक आगाज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, अन्य मंत्री गण एवं बॉक्सर मैरी कॉम ने किया। हजारों दर्शकों की मौजूदगी में मंच से मुख्यमंत्री द्वारा बस्तर ओलंपिक की मशाल प्रज्वलित की गई। इसके बाद यह गौरवशाली मशाल सुकमा जिले के सुदूर अंचल पूवर्ती के प्रतिभावान खिलाड़ी विजय डोडी और ओरछा ब्लॉक नारायणपुर जिले की निवासी सलोनी कवाची को सौंपा गया। कबडडी खिलाड़ी विजय डोडी और खो-खो खिलाड़ी सलोनी कवाची ने पूरी ऊर्जा और गर्व के साथ ग्राउंड की परिक्रमा लगाते हुए मशाल को लेकर मुख्य प्रज्वलन स्थल तक पहुंचकर बस्तर ओलंपिक आयोजन की मशाल प्रज्वलित की। सुकमा और नारायणपुर जिले के लिए यह अत्यंत गर्व और भावनात्मक क्षण था, जब माओवाद-प्रभावित एवं दूरस्थ क्षेत्र के खिलाड़ी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ हजारों दर्शकों के सामने दौड़ लगाई। उनकी दौड़ के साथ दर्शकों का उत्साह भी चरम पर दिखा। बस्तर ओलंपिक के इस भव्य उद्घाटन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बस्तर की माटी में असीम खेल प्रतिभाएं पनप रही हैं और राज्य सरकार तथा प्रशासन के संयुक्त प्रयास से इन प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में मज़बूत कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

# आप नेता देवलाल नरेटी की मांग, निर्दोष आदिवासियों को तत्काल रिहा करे सरकार

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री देवलाल नरेटी ने राज्य सरकार से जेलों में सालों से बंद निर्दोष आदिवासियों और गैर-आदिवासियों को तत्काल रिहा करने की जोरदार मांग की है। उन्होंने कहा है कि जब सरकार समर्पण करने वाले नक्सलियों के केस वापस लेने और उनके पुनर्वास की बात कर रही है, तो उन निर्दोष लोगों पर भी तत्काल विचार किया जाना चाहिए जिन्हें 'नक्सली' या 'नक्सल सहयोगी' बताकर फर्जी तरीके से जेलों में डाला गया है। नरेटी ने मीडिया को जारी बयान में इस बात पर जोर दिया कि ऐसे कई सामाजिक नेता और आम नागरिक हैं जो अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के मुददों की लड़ाई लड़ते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व की कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों ही सरकारों के दौरान, सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले ऐसे लोगों को 'नक्सल' या 'नक्सल सहयोगी' बताकर संगीन धाराओं में सालों तक जेलों में यातनाएं झेलनी पड़ी हैं।

**पुनर्वास के साथ-साथ निर्दोषों की रिहाई जरूरी -**आप नेता नरेटी ने कहा अभी जो नक्सली थे उनके लिए सरकार पुनर्वास की योजना तो बना रही है, लेकिन जो नक्सलियों के नाम पर जिन लोगों को फर्जी तरीके से अंदर किया गया है, उनके लिए भी सरकार को तत्काल सोचना चाहिए। उन्होंने मांग की कि इन सभी निर्दोष लोगों को तत्काल रिहा किया जाए और उन्हें भी मुख्य धारा में लौटकर अपने परिवार और समाज के साथ सामान्य जीवन जीने तथा काम करने का अवसर मिलना चाहिए। नरेटी ने वर्तमान भाजपा सरकार से इस मामले में ठोस रणनीति तैयार करने और निर्दोषों पर लगे केस वापस लेने की अपील की है।

**परिस्थितियाँ बदल गई हैं, अब बहाना नहीं चलेगा -** संगठन महामंत्री ने कहा कि अब परिस्थितियाँ बदल गई हैं। सरकार खुद यह दावा कर रही है कि वर्तमान समय में जो नक्सल लीडर थे या तो मारे गए हैं या सरेंडर कर चुके हैं। उन्होंने तर्क दिया, नक्सल खात्मे के डेड लाइन तक नक्सल के नाम पर बंद पड़े निर्दोष लोगों को भी रिहा करनी चाहिए। अब जब असल में जो नक्सली रहे हैं, उनको मुख्य धारा में लौटकर सामान्य जीवन जीने का अवसर मिल सकता है, तो ऐसे में सरकार को यह भी सोचना पड़ेगा जो नक्सलियों के नाम पर जिनको फर्जी तरीके से सालों सालों से जेलों में हैं, उनको भी तत्काल रिहा करना चाहिए और उनके भी केस वापस होने चाहिए।

## आपकी पूंजी आपका अधिकार अंतर्गत सुविधा शिविर 12 को टाउन हॉल में

**कोंडागांव।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग नई दिल्ली के निर्देशानुसार आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के अंतर्गत दावा न की गयी वित्तीय संपत्तियों का पता लगाने और उन पर दावा करने में नागरिकों को सक्षम बनाने हेतु दावा सुविधा शिविर का आयोजन 12 दिसंबर को सुबह 11 बजे टाउन हॉल (सामुदायिक भवन) विकास नगर, कोंडागांव में किया जायेगा। अग्रणी जिला प्रबंधक ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर में उपस्थित होकर बैंकों में लंबित अथवा दावा न की गई वित्तीय सम्पतियों से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करीं और दावा प्रक्रिया को समझ कर उसका लाभ उठा सकते हैं।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत कुटीर उद्योग शुरू करने आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य शासन की मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के अजा, अजजा एवं अपिव वर्ग को सेवा क्षेत्र सायकल रिपेयरिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरिंग ब्यूटि पार्लर, फोटो कापी, वीडियोग्राफी, मंडप डेकोरेशन, कम्प्यूटर सेंटर होटल इत्यादि के लिये एक लाख रूपये एवं विनिर्माण क्षेत्र फेब्रिकेशन, दूध निर्माण, दोना पत्तल निर्माण, मोमबत्ती निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, पशु चारा निर्माण, सिलाई कार्य, मसाला निर्माण, दलिया निर्माण, इत्यादि) के लिये 3 लाख रुपये तक का लोन बैंक के माध्यम से प्रदान किया जाता है, जिसमे 35 : अनुदान का लाभ दिया जाता है। इस योजना में हितग्राही को परियोजना लागत का 5: स्वयं लगाना होता है। आवेदक की आयु सीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होना है। आवश्यक दस्तावेज में पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र (अंकसूची) ग्राम पंचायत अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज शामिल है। इच्छुक व्यक्ति जिला पंचायत कार्यालय कोण्डागांव स्थित सहायक संचालक छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड रूम नंबर 20 में स्वरोजगार हेतु आवेदन जमा कर सकते हैं।

## केशकाल विकासखंड में राष्ट्रीय साक्षरता महापरीक्षा का सफल आयोजन

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के नेतृत्व और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में विकासखंड केशकाल में राष्ट्रीय साक्षरता महापरीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए 6142 शिक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 164 परीक्षा केंद्रों के माध्यम से 4875 शिक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इस महापरीक्षा का उददेश्य समाज के उन लोगों को औपचारिक शिक्षा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित रह गए थे। इसा महापरीक्षा में महिला-पुरुष शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। परीक्षा को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने में शिक्षक, संकुल समन्वयक और संकुल प्रभारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शीतलहर से राहत देने कोंडागांव नगर पालिका क्षेत्र में रोजाना अलाव की व्यवस्था

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र में इन दिनों शीतलहर जारी है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कोंडागांव नगर पालिका प्रशासन द्वारा प्रतिदिन शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है। बस स्टैंड, जिला अस्पताल परिसर सहित कई अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, जिससे रात्रि के समय ठंड से ठिठुर रहे लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। नगरवासियों द्वारा इस पहल की सराहना भी की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि हम रोजाना वार्डों का निरीक्षण कर रहे हैं। बस स्टैंड और जिला अस्पताल में बाहर से आने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा अलाव की व्यवस्था की जा रही है। यह सेवा प्रतिदिन जारी रहेगी। नगर पालिका उपाध्यक्ष जकसेतु उसेंडी ने कहा कि वे प्रतिदिन वार्डों और सार्वजनिक स्थानों का भ्रमण के दौरान कई बार रात में देखा है कि बस स्टैंड पर यात्री लंबे समय तक बस का इंतजार करते हैं और ठंड के कारण उन्हें परेशानी होती है। इसे देखते हुए अलाव की व्यवस्था की गई है। इसी तरह जिला अस्पताल में भी ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग रात में रुकते हैं, इसलिए उनके लिए भी अलाव जलाया जा रहा है।

# परिसरों की साफ-सफाई एवं आवारा कुत्तों के पर्यवेक्षण के लिए प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत कोंडागांव के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोंडागांव के मार्गदर्शन में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 07 नवम्बर 2025 को अंतरिम पारित आदेश के परिपालन में परिसरों की साफ सफाई तथा आवारा कुत्तों के पर्यवेक्षण हेतु नोडल अधिकारी एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उक्त आदेशानुसार संस्थागत क्षेत्रों के आवारा कुत्तों के काटने की घटना में वृद्धि को संज्ञान में लेकर जन सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आवारा कुत्तों के प्रबंधन के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये हैं। निर्देश के परिपालन में ग्रामीण क्षेत्र में भी जनता को कुत्ते काटने से राहत एवं बचाव हेतु प्रयास एवं ग्राम पंचायत स्तर में प्रचार-प्रसार किये जा रहे हैं और इस संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, सार्वजनिक खेल परिसरों, स्टेडियम, बस स्टैण्ड की पहचान कर ली गई है। ऐसे समस्त चिन्हांकित परिसरों के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। ये नोडल अधिकारी इन परिसरों में स्वच्छता, साफ-सफाई एवं परिसर को आवारा कुत्तों से मुक्त रखने के लिये जिम्मेदार होंगे। प्रत्येक चिन्हांकित ऐसे परिसर में नोडल अधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश जारी किये गये हैं। नोडल अधिकारी के कार्यों की निगरानी रखने इन परिसरों के लिये निरीक्षणकर्ता अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। इन निरीक्षणकर्ता अधिकारियों के कर्तव्य एवं दायित्व तय किये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्रो में आवास कुत्तों के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत हो तो निदान हेतु 1100 नम्बर पर कोई भी व्यक्ति शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत प्राप्त होने पर बकायदा इसका डेटा संधारित किया जाएगा तथा निराकरण की समीक्षा भी की जायेगी। जनपद पंचायत स्तर पर कार्य के लिये नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी, निरीक्षणकर्ता अधिकारियों, का प्रशिक्षण आज प्रशिक्षण कराया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से किरवई में नई उम्मीद, गांव में विकास कार्यों से बढ़ी समृद्धि

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय गरियाबंद से लगभग 55 किलोमीटर दूर बसे ग्राम किरवई की पहचान एक समृद्ध, मेहनतकश और कृषि आधारित गांव के रूप में की जाती है। यहां के लोग प्रारंभ से ही कृषि कार्य में दक्ष, मेहनती और निष्ठावान रहे है। जिसके कारण गांव की सामाजिक व आर्थिक स्थिति वर्षों से मजबूत रही है। ग्राम पंचायत किरवई की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि दर्शाती है कि प्रारंभ में यहां कुल 557 परिवार निवासरत थे। यह गांव स्टेट हाईवे से मात्र 08 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यहां के लोगों का प्रमुख जीविकोपार्जन स्त्रोत कृषि और मजदूरी है। गांव में स्थित शीतला मंदिर, पुजेरिन दाई मंदिर तथा शीतला तालाब यहां के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं। वर्तमान में ग्राम की कुल जनसंख्या 3 हजार 612 है, जिसमें 1 हजार 862 महिलाएं तथा 1 हजार 750 पुरुष शामिल हैं। किरवई में कुल 20 वार्ड हैं। यहां अनुसूचित जनजाति के 179, अनुसूचित जाति के 170, अन्य पिछड़ा वर्ग के 3 हजार 125 तथा सामान्य वर्ग के 119 मतदाता सहित कुल मतदाता संख्या 2 हजार 725 है। यहाँ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 122 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। किरवई के लोगों की आर्थिक स्थिति में बीते वर्षों में काफी सुधार हुआ है। कृषि, मजदूरी, स्व-सहायता समूह गतिविधियों तथा अन्य रोजगार साधनों ने लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है। ग्राम संगठन के अंतर्गत कुल 25 महिला स्व-सहायता समूह सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इन समूहों ने बैंक से ऋण प्राप्त कर आय में वृद्धि की है तथा कृषि एवं इससे संबंधित अनेक गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बने हैं।

# नित्य योग का रजत जयंती, फिर जुड़े ऋषिकेश के स्वामी शिवानन्द आश्रम से

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



योग से स्वास्थ्य ठीक करने को शहर में योग निरंतर सिंधु भवन से सन 2000 से शुरूआत हुई थी। भवन के अभाव में योग को स्वाध्याय केंद्र मानस भवन कांग्रेस भवन संजय कानन केमिस्ट भवन राम मंदिर फिर 2013 से अपने खुद के योगभवन में निरंतर जारी हैं 25 वर्ष पूर्ण होने पर, योगभवन महासमुंद में 25 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सुबह 10 बजे से भजन कीर्तन एवं 12 बजे से भोजन प्रसाद का आयोजन किया जा गया है। महासमुंद में योग की शुरुआत चोइथराम राजपाल परमानंद बजाज दौलत राम चन्द्राकर ने की। तारेंद्र चन्द्राकर नियमित रूप से योग सिखाते हैं निरंतर योग लंबे समय तक चलता रहा। उसके बाद योग के साथ धर्म अध्यात्म की गतिविधि को भी शामिल किया गया। फिर दिब्य जीवन संघ का संगठन कर उनके बैनर तले ऋषिकेश के स्वामी शिवानन्द के आश्रम से संबंध हो गए। धीरे धीरे शहर के लोग जुड़ते गए। डोंगरगढ आश्रम से स्वामी विद्यानन्द सरस्वती द्वारा लगातार अपने स्वामी शिवानंद आश्रम में आकर प्रशिक्षण देते रहते हैं।

### तुंहर टोकन एप्प से खरीदी लिमिट की 70 प्रतिशत टोकन ऑनलाइन

**बलौदाबाजार।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी में पारदर्शिता एवं किसानों की सुविधा की दृष्टिकोण से तुहर टोकन ऐप के माध्यम से दैनिक खरीदी लिमिट की 70% टोकन ऑनलाइन एवं 30% टोकन समिति स्तर से काट सकते हैं। इस वर्ष टोकन की संख्या में भी परिवर्तन किया गया हैं जिसमें 2 एकड़ तक भूमिधारी किसानों को 1 टोकन, 2 एकड़ से अधिक एवं 10 एकड़ भूमिधारी किसानों को 2 टोकन एवं 10 एकड़ से अधिक भूमिधारी किसानों को 3 टोकन की पात्रता है। किसान उपरोक्त पात्रता अनुसार टोकन ऑनलाइन या ऑफ लाइन प्राप्त कर सकते हैं।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने भाटापारा में दो फर्मो का किया निरीक्षण, फूटा चना का लिया सैम्पल



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने भाटापारा में औरामाइन (नॉन परमिटटेड सिंथेटिक फूड कलर है ) जांच हेतु फर्मो का निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम द्वारा भाटापारा स्थित फर्म मेसर्स कोमल उद्योग तथा मेसर्स आनन्दम एग्रो इन्डस्ट्रीज भाटापारा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त फर्मो से रोस्टेड चना लूज का नमूना लेकर जांच हेतु गुरुग्राम हरयाणा भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। औरमाइन जो कि नॉन परमिटेड सिंथेटिक फूड कलर है, जिनका उपयोग रोस्टेड चना (भूना चना) और अन्य खाद्य उत्पाद में रंगाई में किया जा रहा है।यह खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 3 (1) (55) (4) के अंतर्गत असुरक्षित है।

# जिला पंचायत सीईओ चंद्राकर ने मैनपुर ब्लॉक में किया आवासों का सघन निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारलटी, मदांगमुड़ा, छैलडोंगरी, कांडेकेला एवं ग्राम पंचायत तौरेंगा में पीएम आवास योजना, पीएम-जनमन तथा एमएमएवाई आवासों का डोर टू डोर निरीक्षण किया। चंद्राकर ने हितग्राहियों एवं स्व-सहायता समूह के दीदीयों से चर्चा कर उन्हें शीघ्र ही आवास निर्माण कराने के लिए प्रेरित किया। जिसमें मुख्य रूप से वर्ष 2024-26 के समस्त आवासों को 01 सप्ताह के भीतर तक प्रारम्भ कराने व छत स्तर के आवासों को 01 सप्ताह के भीतर ढलाई कार्य पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने सभी सम्बंधित ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच व तकनीकी सहायकों को आवास निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था, सेंट्रिंग प्लेट व मिस्त्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा ज़िला व जनपद के अधिकारी, कर्मचारियों को निरंतर मॉनिटरिंग करने, निर्माणाधीन आवासों में प्रगति लाने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ, ज़िला समन्वयक, आवास समन्वयक, विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, जीआरएस व आवास मित्र उपस्थित थे।

# अवैध धान पर संयुक्त टीम की कार्यवाही 401 कट्टा अवैध धान एवं 19 कट्टा चावल जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में संयुक्त टीम के द्वारा टुंडरा एवं भाटापारा तहसील में कटटा 401 कटटा अवैध धान एवं 19 कट्टा चावल जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील टुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम हसुआ में सहित केसरवानी की दुकान में अवैध रूप से रखे 100 कटटा धान, अशोक केसरवानी के यहां से 40 कटटा धान एवं चूड़ामणि साहू के घर से 186 कट्टा धान एवं 19 कट्टा चावल जब्त कर सरपंच ग्राम पंचायत हसुआ के सुपुर्द किया गया। तहसील भाटापारा के ग्राम बोरसी में यदुनंदन किराना से 75 कट्टा अवैध धान जब्त कर ग्राम पटेल को सुपुर्द किया गया। धान खरीदी केंद्र खैरी का निरीक्षण राजस्व विभाग की टीम द्वारा किया गया। कार्यवाही में



एसडीएम कसडोल रामरतन दुबे, तहसीलदार युवराज कुर्रे, नायब तहसीलदार प्रेमा किसपोट्टा, अभिषेक अग्रवाल शामिल रहे।

# जरूरतमंदों की मदद को सदैव तत्पर महापौर रामू रोहरा




पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

जनसेवा और मानवीय संवेदनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण प्रस्तुत करते हुए महापौर रामू रोहरा ने साल्हेवर पारा निवासी गीतांजलि टंडन की बेटी भारती टंडन, जो वर्तमान में पॉलिटेक्निक कॉलेज रायपुर में अध्ययनरत है, की पढ़ाई में आ रही आवश्यकताओं को तत्परता से पूरा किया। छात्रा की पढ़ाई हेतु आवश्यक ड्राइंग बुक, पेन, कॉपी, ड्राइंग कलर, फाइल व अन्य शैक्षणिक सामग्री की आवश्यकता की जानकारी मिलने पर महापौर रामू रोहरा ने बिना विलंब अपने स्तर पर सभी सामग्री मंगवाकर प्रदान की। इस सहयोग से छात्रा की पढ़ाई में सुविधा मिलेगी और वह आगे बेहतर प्रदर्शन कर सकेगी। महापौर रामू रोहरा ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा ही समाज के समग्र विकास की नींव है। किसी भी छात्रा की शिक्षा आर्थिक अभाव के कारण बाधित नहीं होनी चाहिए। जरूरत पड़ने पर महापौर सदैव सहायता के लिए तत्पर रहेंगे। इस मानवीय पहल के लिए गीतांजलि टंडन और उनके परिवारजनों ने महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनकी बेटी के उज्ज्वल भविष्य के लिए संबल साबित होगा।

# पाटसेंद्री विद्यालय को नृत्य प्रतियोगिता में मिला प्रथम पुरस्कार



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में फूलझर सेवा समिति स्तरीय पंडित जयदेव सतपथी स्मृति अंतर शालेय क्रीडा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक संध्या में कंपटीशन नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में पाटसेंद्री विद्यालय के स्वयंसेवक निक्की साहू, नीतू प्रधान, मोनिका विशाल, बेबी प्रधान, तेज कुमारी नायक, अंकिता पटेल, ज्योत्स्ना दास, गरिमा दास, रोशनी साहू आर्या चौहान ने कार्यक्रम अधिकारी सोमेश्वर प्रसाद नायक सहायक पुष्पा नायक कु हिना दास के निर्देशन में वृद्धो के वेदना का प्रदर्शन करते हुए वृद्धाश्रम थीम पर जीवंत प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मंत्री फूलझर सेवा समिति, प्रख्यात साहित्यकार पंडित विद्याभूषण सतपथी जी द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया विद्यालय के प्राचार्य साखीराम पटेल, शिक्षकगण सुशील सतपथी, सुनीता नायक, चेतन कुमार पटेल, लीलांबर पटेल, जन्मजय पटेल, गुणसागर पटेल, रितेश पटेल कर्मचारी अनंतराम पटेल, किशन बाघ, वेदप्रकाश पटेल ने प्रतिभागी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## जीएडी कॉलोनी खपराडीह एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अर्जुनी में चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जीएडी कॉलोनी ग्राम खपराडीह भाटापारा स्थित शासकीय क्वार्टर एवं उसके अंदर रखे अलमारी का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम सहित कुल 1,85,000 का सामान अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी कर लिया गया था। इसी प्रकार 1 व 2 दिसंबर की मध्य रात्रि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ग्राम अर्जुनी के घर आंगन के बाहर खड़े एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स 04 9048 को अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 303(2), 305, 331(4) बीएनएस के तहत पृथक-पृथक दो प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना भाटापारा ग्रामीण एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए विधि से संघर्षरत 02 बालकों को हिरासत में लिया गया जिनसे विस्तृत पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जीएडी कॉलोनी ग्राम खपराडीह, भाटापारा स्थित शासकीय क्वार्टर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम तथा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अर्जुनी से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया गया।

# भव्य रामकथा का आयोजन 23 दिसंबर से, कथावाचक होंगे पं.अतुल कृष्ण महाराज

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com




धर्म की नगरी धमतरी में 23 से 31 दिसंबर तक 9 दिवसीय श्री रामकथा की अमृत वर्षा होगी। उक्त कथा का आयोजन शहर के रामलीला गौशाला मैदान में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। आयोजन की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। इस पावन कथा के कथावाचक पंडित अतुल कृष्ण महाराज होंगे। आयोजन की जिम्मेदारी शहर के धर्मप्रेमियों एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा द्वारा संभाली जा रही है। कथा के सुचारू संचालन और व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु राधाकृष्ण परिसर में सहयोगी सदस्यों की बहु-चरणीय बैठकें आयोजित की जा रही हैं। बैठक में यह रणनीति बनाई गई कि शहर के अधिक से अधिक धर्मानुरागी नागरिक इस आध्यात्मिक आयोजन से जुड़ सकें। इसके लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष संपर्क टीमों के माध्यम से रामकथा का आमंत्रण पहुंचाने की योजना बनाई गई है। आयोजक पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि यह आयोजन धमतरी के लिए अत्यंत सौभाग्य का अवसर है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य विराजीकरण के बाद हमारे शहर में रामकथा का विराट आयोजन होना हम सभी के जीवन में ऐतिहासिक क्षण है। यह कार्यक्रम न सिर्फ धार्मिक वातावरण को समृद्ध करेगा, बल्कि धमतरी में प्रेम, सौहार्द और सनातन संस्कृति की भावना को और मजबूत करेगा। श्री रामकथा का शुभारंभ 23 दिसंबर को दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। द्वितीय दिवस 24 दिसंबर को शिव पार्वती विवाह, 25 दिसंबर को श्रीराम प्राकट्योत्सव जन्मोत्सव, 26 दिसंबर को बाल लीला एवं अहिल्या उद्धार, 27 दिसंबर को श्रीराम सीता विवाह एवं श्री परशुराम संवाद, 28 दिसंबर को श्रीराम वनवास तथा केवट प्रसंग, 29 को भरत चरित्र एवं शबरी प्रसंग, 30 दिसंबर को श्री सुंदरकांड होगा एवं अंतिम दिवस 31 दिसंबर को कथा प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे आयोजित की जायेगी जिसमें श्रीराम राजतिलक एवं हवन पूर्णाहुति तथा महाप्रसादी कार्यक्रम होंगे। पं.राजेश शर्मा ने सभी नागरिकों से उपस्थिति की अपील की। धमतरी में सांस्कृतिक, धार्मिक और खेल गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए पंडित राजेश शर्मा पहले से ही एक अलग पहचान रखते हैं। नवरात्रि में आराध्य गरबा, परम पूज्य शंकराचार्य का आगमन, रुद्राभिषेक, भागवत कथा जैसे अनेक आयोजन उनके द्वारा पूर्व में किया जा चुका है। शहरवासियों का मानना है कि आगामी राम सप्ताह धमतरी के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में एक नई, गौरवपूर्ण कड़ी के रूप में जुड़कर शहर की सनातन परंपराओं को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

# बिलासपुर संभाग प्रभारी बनाए जाने पर निगम परिवार ने दी महापौर को बधाई



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

बिलासपुर संभाग प्रभारी के रूप में नियुक्त किए जाने पर नगर पालिक निगम धमतरी के सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने महापौर रामू रोहरा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। महापौर कार्यालय पहुंचकर निगम परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह दायित्व मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी है। संगठन ने जो विश्वास मुझ पर व्यक्त किया है, उसे मैं पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और परिश्रम के साथ निभाऊंगा। बिलासपुर संभाग के विकास, संगठन के मजबूतीकरण तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना मेरी प्राथमिकता रहेगी। आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद से हर कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रयास करूँगा। महापौर ने निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारियों का आभार जताते हुए कहा कि टीमवर्क और सकारात्मक सोच के साथ धमतरी तथा संभाग के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किए जाएंगे।

# पीएमश्री चनाट के शिक्षक ने जन्मदिन पर बच्चों को दिया न्यौता भोज



**भंवरपुर ।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट में पदस्थ शिक्षक विजय दास महंत द्वारा स्कूली बच्चों को अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर न्यौता भोज कराकर अपने जन्मदिन को यादगार बनाया। यहां बच्चों को खीर, पुड़ी, सब्जी परोसा गया। इस आयोजन के लिए प्रधान पाठक नीलांबर नायक ने महंत परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि समाज एवं ग्राम पंचायत के सभी समृद्ध लोगों को ऐसे आयोजन करने हेतु खुल कर सामने आना चाहिए। बच्चों को न्यौता भोज कराना बहुत अच्छा एवं पुनीत कार्य है। समय समय पर इस प्रकार का आयोजन होते रहना चाहिए। इस आयोजन में सभी विद्यार्थी सहित विद्यालय के स्टाफ प्रभा जगत, नीलम राजहंस, रविलाल चौहान, नरेश यादव तथा रसोईया भारमोती एवं उमावती शामिल रहीं। न्यौता भोज खाकर बच्चों में आनंद एवं उत्साह का माहौल था।

# अपराध में तेजी से बढ़ोत्तरी, कप्तान की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में चाकूबाजी, हत्या, सट्टा, जुआ, शराब जैसे अपराधों में कोई नियंत्रण पुलिस विभाग द्वारा नहीं लगाया जा सका है जिसके चलते ऐसे जरायमपेश लोगों के हौसले बुलंद हैं और आये दिन छोटी छोटी बात को लेकर चाकूबाजी की घटना से जिला पूरी तरह दहशत में आ गया है। पहले के दौर में इतना अपराध घटित नहीं हुआ करता था जिसका मुख्य कारण पूर्व के अधिकारियों द्वारा शहर के जागरूक नागरिकों को बुलाकर परामर्श लिया जाता रहा है जो प्रक्रिया पिछले कुछ महीनों से बंद है। इसी कारण शहर के वार्डों में होने वाली गतिविधियां, अधिकारियों के पास नहीं पहुंच पा रही हैं। स्वयं अधिकारी भी कुर्सी में बैठकर अधिनस्थों को आदेश, निर्देश देते रहते हैं जिससे उनके अधिनस्थों में भी उनके व्यवहार के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। पुलिस विभाग द्वारा पिछले लंबे समय से उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जागरूक नागरिकों से मिल-जुलकर शहर की गतिविधियों पर विचार विमर्श किया जाता था, पश्चात वैसे निर्देश गश्त करने वाले आरक्षकों को दिया जाता था और ऐसे आरक्षक शहर के भीतरी ईलाकों में पहुंचकर अडडेबाजी करने वालों के विरूद्ध पूर्व की धारा 151 के तहत कार्यवाही करते थे। लेकिन पिछले कुछ महीनों से देखा जा रहा है कि पुलिस विभाग के अनेक वाहनें मात्र शहर के मुख्य सड़कों पर ही सायरन बजाते हुए निकल जाते हैं। उनके समक्ष यदि यातायात बाधित है तो उसे नजरअंदाज ये आगे बढ़ जाते हैं। यही हाल अड्डेबाजी करने वालों के विरूद्ध भी मूकदर्शक बने नजर आते हैं। भीतरी ईलाकों में पुलिस की गतिविधियां बिल्कुल शून्य हैं जिसके चलते आवारा किस्म के युवकों द्वारा चौक चौराहों में बैठकर अड्डेबाजी, छेड़खानी, अवैध शराब, सूखा नशा जैसे नशीले पदार्थो का सेवन कर अपराध घटित कर दिया जाता है। जिले के विभिन्न ब्लॉकों में हो रहे अपराधों को रोकने में पुलिस विभाग पूरी तरह नाकाम है जिसका मुख्य कारण वरिष्ठ अधिकारियों की घोर लापरवाही एवं जागरूक नागरिकों से तालमेल नहीं बनाया जाना है। समूचे शहर के 40 वार्डों की बात तो दूर, थानों के ईर्दगिर्द स्थित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सट्टा, जुआ, अवैध शराब, की शिकायतें लगातार मिल रही है। पिछले दिनों कुरूद थाना क्षेत्र में भी मामूली बात को लेकर कुछ लोगों ने मिलकर एक युवक पर प्राणघातक हमला किया जिससे उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार अन्य थाना क्षेत्रों में भी चाकूबाजी की घटना जिलेवासियों के लिये चिंता का सबब बन चुकी है। खबर के मुताबिक अधिकारी से उनके अधिनस्थ भी काफी नाराज हैं। हालांकि ये लोग खुलकर नहीं बोल सकते। इसकी जानकारी राजधानी के अधिकारियों को नहीं होने के कारण ऐसे कर्मी मन मसोसकर अपने दायित्वों को निभाते आ रहे हैं। लेकिन कार्य की अधिकता की वजह से न सिर्फ मैदानी अमले में कार्यरत कर्मचारी अपितु लाईन में रहने वाले आरक्षक भी काफी डरे-डरे काम कर रहे हैं। अनेक कर्मी तो दबाव के चलते लंबी छुटटी लेने को तैयार हैं। अधिकारी के दबाव के चलते कर्मियों में मानसिक तनाव देखा जा रहा है जिसके चलते कुछेक लोगों ने तो आत्मघाती कदम भी उठाया है। इस मामले में यदि जांच की मांग उठती है तो उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता है। जांच का शब्द अब फैशन बन चुका है। हरेक विभागों में जांच की जा रही है, जांच होगी, बस यही कहा जा रहा है जबकि ऐसे मामलों में प्रदेश के अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर इसका पटाक्षेप करना चाहिये और संलिप्त लोगों पर त्वरित कार्यवाही होनी चाहिये।

# लाइट खरीदी में अब दूसरा दांव: अब कांग्रेसी पार्षदों को रिझाने में लगे भाजपाई

## पार्षद निधि से लाइट खरीदी का मामला, 10 हजार का ऑफर लागू

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम के पार्षदों को उनकी निधि से एक लाख रुपए की स्ट्रीट लाइट खरीदने का प्लान दे दिया गया है। अब दूसरे चरण में निगम के 8 कांग्रेसी पार्षदों को भी कमीशन का लालच देकर लाइट खरीदी करने का ऑफर दिया जा रहा है। इस तरह बेखौफ होकर भाजपा के नेता सरकारी राशि का उपयोग बनाकर कमाई का जरिया बनाकर काम कर रहे हैं, लेकिन इस पर जनप्रतिनिधि या संगठन के नेता कुछ बोलने को तैयार नहीं है, दूसरी तरफ अब विपक्ष इस पर मोर्चा खोलने की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है कि नगर निगम से जुड़े भाजपा नेताओं ने एक स्कीम लॉच की है, उसके तहत हर पार्षद पर यह दबाव तक बनाया जा रहा है कि वह अपनी निधि से स्ट्रीट लाइट की खरीदी करें। एक




लाख की खरीदी पर बाकायदा उन्हे 10 हजार रुपए एडवांस दिया जा रहा है। इसकी पुख्ता जानकारी खुद भाजपा के पार्षद दे रहे हैं, क्योंकि कई पार्षद लाइट खरीदी के पक्ष में नहीं है, वे वार्ड में छिटपुट का कराना चाहते हैं। लेकिन दबाव के चलते उन्हें खरीदी करनी पड़ रही है। दूसरी तरफ अब भाजपा नेता कांग्रेसी पार्षदों से संपर्क कर रहे हैं, कुछेक से संपर्क हो भी गया है, तो कुछ से चर्चा बाकी है। यह बात सामने आ रही है कि ज्यादातर कांग्रेसी पार्षद लाइट खरीदी के पक्ष में नहीं है। इसमें दो से तीन का नाम सामने आ सकता है तो भाजपाईयों के ऑफर को मान ले।

### अपने फायदे के लिए बेवजह की जरूरत बता रहे

शहर के तमाम हिस्सों में लाइटों की समस्या है, इसे नकारा नहीं जा सकता। लेकिन उसके लिए नगर निगम ने पूर्व में तकरीबन 98 लाख रुपए की लाइट खरीदी थी। लेकिन अब दोबारा पार्षद निधि का उपयोग कर खरीदी करने का काम किया जा रहा है। इसमें निगम के भाजपा नेता सक्रिय है, जो सप्लाई करने जा रहे हैं।

### शिकायत होगी और सामान्य सभा में उठाएंगे



स्ट्रीट लाइट खरीदी को लेकर यह तरीका जो अपनाया जा रहा है, वह गलत है। उसे लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही है, कुछ कांग्रेसी पार्षदों से भी संपर्क किया गया है, मुझे जो जानकारी अब तक है, उसके अनुसार कांग्रेसी पार्षदों के वार्डों में ऐसी कोई जरूरत नहीं दिखी है। खरीदी में कमीशन देने का काम किया जा रहा है, मामले की शिकायत होगी और इसे प्रमुखता के साथ सामान्य सभा में उठाया जाएगा।

-संतोष पिल्ले, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम

## रिश्ता हुआ शर्मसार, नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार

रायगढ़। रायगढ़ जिले में एक कलयुगी पिता ने डरा धमकाकर अपनी ही नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद महिला थाना की पुलिस टीम ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 साल की पीड़िता ने महिला थाना में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया है कि उसकी मां आसपास के घरों में काम करने जाती है और उसके पिता घर में ही रहते हैं। पीड़िता ने बताया कि 26 जनवरी 2023 को वह अपनी सहेलियों के साथ घुमने गई थी इस दौरान उसके पिता ने उसे देख लिया था। जहां से जब वह घर पहुंची उसकी मां और दोनों भाई नही थे। तब उसके पिता ने उससे मारपीट करते हुए जबरन उसके साथ संबंध बनाया। इस दौरान विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दिया। पीड़िता ने बताया कि इस घटना के बाद जब भी घर में कोई नही रहता उसके पिता उससे मारपीट करते हुए उसके साथ संबंध बनाते आ रहा था।

# नो-इंट्री पर दादागिरी: एंबुलेंस ड्राइवरों को रोका तो सुपरवाइजर और गार्ड की पिटाई

## मामला मेडिकल कॉलेज हास्पिटल का, दो चालकों पर एफआईआर

- प्राइवेट एंबुलेंस चालकों की मनमानी जारी, मनाही पर की मारपीट

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज में प्राइवेट एंबुलेंस ड्राइवरों की दादागिरी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन गुरूवार को उनकी गुंडागर्दी खुलकर सामने आई, जब सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें हास्पिटल के भीतर प्रवेश करने से मना किया। इस पर वे विवाद करने वे अमादा हो गए हैं और सुरक्षा कंपनी के सुपरवाइजर और गार्ड के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद मामला लालबाग थाना पहुंचा और दो ड्राइवर पप्पू मेश्राम और साहिल के खिलाफ मामला कायम किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज हास्पिटल प्रबंधन ने पहले ही यह आदेश जारी किया है कि प्राइवेट एंबुलेंस चालकों को अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस




कारण उनकी नो-इंट्री है, इसके बाद वे मरीज और उनके परिजनों से संपर्क करने के लिए भीतर चले जाते हैं। गुरूवार को सुबह तकरीबन साढ़े 11 बजे भी यही हुआ। इस पर सुपरवाइजर दिनेश मिरे वे ड्राइवरों को अंदर जाने से रोका।

इसके बाद आरोपियों ने उससे मारपीट करनी शुरू कर दी। इस दौरान गार्ड तेजेश्वर विश्वकर्मा वहां पहुंचा और उसके साथ भी मारपीट की गई। इसमें दोनों को चोटें भी आई। कर्मचारियों ने बताया कि पूर्व में प्राइवेट एंबुलेंस चालक इसी तरह से दादागिरी करते हैं, महिला कर्मचारी खड़ी रहती है और वे गाली-गलौज करने पर उतारू हो जाते हैं। ऐसा कई बार हो चुका है, लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं होती। कर्मचारियों बताया कि मारपीट की घटना के बाद हास्पिटल प्रबंधन को भी सूचना दी गई, इसके बाद लालबाग थाना में भी शिकायत दी गई है। लालबाग टीआई राजेश साहू ने बताया कि पप्पू मेश्राम और साहिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है, आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सेवा के नाम पर लूट और दादागिरी

बात चाहे मेडिकल कालेज हास्पिटल की हो या फिर जिला अस्पताल की। प्राइवेट एंबुलेंस सेवा के नाम पर मरीजों और उनके परिजनों को लुटने का काम कर रहे हैं। उन्हें लग्झरी कारों के बराबर किराया ले रहे हैं। इसी कमाई के लिए वह हास्पिटल के भीतर जाना चाहते हैं, ताकि परिजनों से दुर्ग या रायपुर रेफर मरीजों को ले जाने की सीधे डील कर सके। जबकि नियमानुसार उनका प्रवेश निषेध है।

# राजस्व वसूली के संबंध में विशेष समीक्षा बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में राजस्व करों की वसूली हेतु अपर आयुक्त, लेखाधिकारी, राजस्व टीम एवं अधिकृत एजेंसी पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि की उपस्थिति में वित्तीय वर्ष 2025-26 की राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। निगम आयुक्त द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित भवनों/भूमियों पर बकाया संपत्तिकर एवं अन्य करों की वसूली हेतु करदाताओं से संपर्क कर राशि वसूल करने राजस्व टीम एवं अधिकृत एजेंसी को निर्देशित किये हैं। निर्धारित लक्ष्य अनुसार करों की वसूली कम होने पर आयुक्त ने एजेंसी से नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में



तेजी लाने निर्देशित किये है। करदाताओं से बकाया वसूली हेतु नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के तहत तत्काल बिल जारी करने कहा गया है। निर्धारित अवधि में राशि का भुगतान नहीं करने पर अधिनियम की धारा 174 के अधीन मांग की सूचना जारी किया जाएगा। इसके बाद भी राशि जमा नहीं करते है, तो धारा 175 के तहत कुर्की (शक्ति वारंट) की कार्यवाही की जायेगी।राजस्व करों की वसूली हेतु एजेंसी को बड़े बकायादारों की सूची तैयार करने कहा गया है। साथ ही एजेंसी को एस.एम.एस. एवं व्हाटसअप के माध्यम से करदाताओं को सूचित करने निर्देशित किया गया है। राजस्व करों की वसूली हेतु प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त कर्मचारी रखने एवं वार्ड में मुनादी कराने निर्देशित किये है। जिनका करदाताओं का संपत्तिकर आई.डी. में नाम दर्ज नहीं है, उनकी सूची तैयार करने एवं ऐसे भवनों/भूमि स्वामियों का संपत्तिकर आई.डी. में मोबाईल नंबर नहीं है, उसे अपडेट कराने कहा गया है।

# निगम आयुक्त द्वारा नवनिर्मित सड़क एवं इंडोर स्टेडियम का किया गया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार अंतर्गत नवीन डामरीकरण सड़क, नवनिर्मित सामुदायिक भवन, निगम स्वामित्व के भूखण्ड सहित इंडोर स्टेडियम का अवलोकन निगम आयुक्त द्वारा किया गया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा वार्ड क्रं. 51 पंडित दीनदयाल कालोनी में नवीन डामरीकरण सड़क निर्माण का अवलोकन किया गया है। इस सड़क के निर्माण से सैकड़ो राहगीरों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी। कालोनी में ही नवीन सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, जहां पार्किंग एरिया में पूर्व से लगे पेवर ब्लाक को साफ-सफाई एवं



व्यवस्थित कराने उप अभियंता चंद्रकांत साहू को निर्देशित किये हैं। निगम स्वामित्व के भूखण्ड का अवलोकन करते हुए भूखण्ड से निगम की आय बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई है। आयुक्त द्वारा खुर्सीपार में इंडोर स्टेडियम में चल रहे संधारण कार्य का अवलोकन किया गया एवं बेहतर व्यवस्था हेतु साफ-सफाई कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी को निर्देशित किया गया है। साथ ही स्टेडियम को रूचि की अभिव्यक्ति बुलाकर निजी संस्था को दिये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। जिसके कार्यवाही हेतु कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा को निर्देशित किये है। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, सुपरवाइजर वेंकट सहित जोन-4 के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# तालाब के पास ग्रामीण की लाश मिली, ठंड से मौत होनें की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में तालाब के पास एक ग्रामीण की लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बरपाली के जोबा तालाब में विनोद कुमार राठिया 42 साल की लाश मिली है। बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदि था और कल किसी काम के सिलसिले में घरघोड़ा गया था और देर रात तक घर नही पहुंचा था, इस दरम्यान आज सुबह से ही परिजन उसकी खोजबीन में जुटे हुए थे इसी बीच तालाब के पास विनोद की लाश



मिली। मृतक के शरीर में किसी प्रकार के चोट के निशान नही मिले हैं, ऐसे में ग्रामीणों ने ठंड से मौत होनें की भी आशंका जताई है। तालाब के पास लाश मिलने की जानकारी मिलते ही गांव के सरपंच मृतक के परिजनों के साथ थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मर्ग पंचनामा कार्रवाई पश्चात शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। बहरहाल इस पूरे मामले में घरघोड़ा पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# आदर्श ग्राम कौही में राशन दुकान संचालक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, समय पर नहीं खुलता उचित मूल्य की दुकान



पायनियर संवाददाता < रानीतराई
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत पाटन के आदर्श ग्राम पंचायत कौही में राशन कार्ड धारियों ने दुकान संचालक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है, जो उनकी परेशानियों को दर्शाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि संचालक समय पर राशन नहीं दे रहा, खासकर नमक और शक्कर के लिए लोगों को महीनों चक्कर काटने पड़ रहे हैं। नवंबर माह का राशन अभी दिसंबर माह में दिया जा रहा है। फिर से चावल देने के लिए सेल्समैन आया, लेकिन 2 महीने से नमक और शक्कर न मिलने पर ग्रामीणों ने विरोध किया और राशन लेने से मना कर दिया। ग्रामीणों ने सरपंच से लिखित में मांग की है कि दुकान संचालक को हटाकर गांव के महिला समूह को दिया जाए। अब देखना होगा कि खाद्य विभाग और अनुविभागीय अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं। ग्रामीणों की मांग जायज़ है, उम्मीद है उचित कदम उठाए जाएंगे। मौके पर सत्यवती मारकंडे, उमा सोनकर, जानकी साहू, दुर्गेश नंदिनी साहू, उषा, जमुना बाई, विष्णु, टेकराम सोनकर, मानबाई, जागेश्वर, कीर्तन, प्रभा, प्रीतम, उत्तम कुमार, खूब लाल मेश्राम, दौवा राम, सुरेश, दिलीप ठाकुर, तामेश्वर, चिंताराम सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# शहरी पथ विक्रेताओं का किया जा रहा है सर्वे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत चल रहा अभियान

- इच्छुक विक्रेता निगम एनयूएलएम शाखा में संपर्क कर ले सकते हैं योजना का लाभ

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण एनयूएलएम की टीम द्वारा किया जा रहा है।

सर्वेक्षण के दौरान जिन शहरी पथ विक्रेताओं ने अब तक इस योजना का लाभ नहीं लिया है, उन्हें स्वनिधि योजना की सुविधा का लाभ पहुंचाई ऑनलाइन आवेदन कर जोड़ा जा रहा है। निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देशानुसार निगम रायगढ़ के डे-एनयूएलएम के तहत कार्यरत सामुदायिक संगठन की टीम माया वर्मा, सरिता वर्मा, मनोरमा सदावर्ती, दीपक पटेल, ऋषि मनहर तथा मिशन प्रबंधककृशहरी क्षेत्र के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों और अन्य व्यावसायिक



स्थलों में जाकर पथ विक्रेताओं से संपर्क कर रही है। टीम द्वारा पथ विक्रेताओं की आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है और मौके पर ही उनका ऑनलाइन आवेदन भरवाया जा रहा है। निगम प्रशासन ने सभी पथ विक्रेताओं से अपील की है कि जो भी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, वे निगम की एनयूएलएम शाखा से संपर्क कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

# मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में निर्मित दुकानें प्राप्त करने का सुनहरा अवसर 15 दिसम्बर तक

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-4 खुर्सीपार वार्ड क्रं. 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर स्थित पंडित दीनदयाल मिनी स्टेडियम खेल परिसर के दुकानों को अस्थाई किराये में दिया जा रहा है। स्टेडियम में भूतल पर निर्मित 32 एवं प्रथम तल पर निर्मित 28 इस प्रकार कुल 60 दुकानों को किराये में देने निविदा/आफर बुलाया गया है। इच्छुक व्यक्ति निविदा/आफर में भाग लेने अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2025 तक आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए निगम की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com एवं शिवाजी नगर जोन-4 कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते है। दुकानों को किराये में देने का मुख्य उददेश्य



आम नागरिको को रोजगार प्राप्त होगा, साथ ही निगम की आय में वृद्वि होगी। दुकानो का प्रकार भूतल ए टाइप 16 दुकान क्षेत्रफल 52.15 व.मी. मासिक किराया 7801 रूपये अमानत राशि 46806 रूपये, भूतल बी टाइप 6 दुकान क्षेत्रफल 28.70 व.मी. मासिक किराया 4293 रूपये अमानत राशि 25758 रूपये, भूतल सी टाइप 8 दुकान क्षेत्रफल 9.60 व.मी. मासिक किराया 1436 रूपये अमानत राशि 8616 रूपये, भूतल ए-1 टाइप 2 दुकान क्षेत्रफल 41.65 व.मी. मासिक किराया 6230 रूपये अमानत राशि 37380 रूपये, प्रथम तल ए टाइप 20 दुकान क्षेत्रफल 27.30 व.मी. मासिक किराया 3690 रूपये अमानत राशि 22140 रूपये, प्रथम तल बी टाइप 4 दुकान क्षेत्रफल 25.15 व.मी. मासिक किराया 3400 रूपये अमानत राशि 20400 रूपये एवं प्रथम तल सी टाइप 4 दुकान 11.20 व.मी. मासिक किराया 1514 रूपये अमानत राशि 9084 रूपये निर्धारित किया गया है।

## धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी व सुव्यवस्थित बनाए रखने प्रशासन की सतत निगरानी

# ग्राम कुरू में 51 कट्टी अवैध धान जब्त, मंडी अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई

- वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी करने तथा कोचियों और बिचैलियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी सुनिश्चित करने तथा अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों और बिचैलियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश राजस्व एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। इसी क्रम में



एसडीएम खरसिया प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में खरसिया तहसील अंतर्गत ग्राम कुरू में निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान कंचन दास, पिता शीतल दास महंत के दुकान परिसर में अवैध रूप से संग्रहित 51 कट्टी धान पाए जाने पर मामला उजागर हुआ। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में धान के अवैध भंडारण, खरीद-फरोख्त एवं परिवहन पर सख्ती से नियंत्रण रखा जा रहा है और इस प्रकार की गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम तिवारी ने व्यापारियों एवं किसानों से शासन द्वारा निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

कार्यालय नगर पंचायत नया बाराद्वार, जिला-सक्ती (छ.ग.)
E-mail ID - np.nayabaradwar@gmail.com

क्र./924/लो.नि.वि./न.पं./2025-26
नया बाराद्वार, दिनांक 11/12/2025

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

नगर पंचायत नया बाराद्वार क्षेत्रांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अधोसंरचना मद अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु आन-लाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01, 02 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (S.T.N. No.-181544) | 49.07 लाख | 37000/- | 30.12.2025 |
| 2 | वार्ड क्र. 07 में काई तालाब के पास गार्डन निर्माण कार्य। (S.T.N. No.-181545) | 36.74 लाख | 28000/- | 30.12.2025 |
| 3 | वार्ड क्र. 01, 08, 10 एवं 15 में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य। (S.T.N. No.-181547) | 75.48 लाख | 57000/- | 30.12.2025 |
| 4 | वार्ड क्र. 15 में समलाई मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य। (S.T.N. No.-181548) | 19.33 लाख | 15000/- | 30.12.2025 |

निविदा की विस्तृत जानकारी UAD Portal : एवं https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।
स्वच्छ भारत भारत निर्माण में योगदान दें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नया बाराद्वार

## संपादकीय

# रामराज्य के उत्सव की एक और गौरव गाथा

## दीपोत्सव अब अमूर्त सांस्कृतिक विरासत



वंदे मातरम और भारत माता के जयकारों की गंज के बीच हम सबके लिए एक और गौरव का क्षण आया है। इतना ही नहीं इससे भारत और दुनिया भर के लोग रोमांचित हैं। यह रोमांचक क्षण उस समय आया जब प्रमुख भारतीय पारंपरित उत्सव दीपावली को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में जगह मिल गई। दीपावली राम राज्य यानी सुशासन का एक महान उत्सव है। आज इस ख्याति और उपलब्धि से हर भारतीय धन्य है। भारत में धर्म ध्वजा लहराने के साथ ही अब दीप उत्सव के नाम की पताका भी दुनिया में फहराने लगी है। यह वह पल है जब मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्री राम की धरा से समूची दुनिया आलोकित होने लगी है और भारत अपनी अपनी पारंपरिक पहचान को पुर्नस्थापित करने की प्रक्रिया में लीन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने का आभार जताते हुए कहा कि इससे त्यौहार की वैश्विक लोकप्रियता में और वृद्धि होगी। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने वाली भारत की 16वीं सांस्कृतिक परंपरा है। भारत की 15 सांस्कृतिक परंपराएं वर्तमान में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल हैं, जिनमें कुंभ मेला, कोलकाता की दुर्गा पूजा, गुजरात का गरबा नृत्य, योग, वैदिक मंत्रोच्चार की परंपरा और रामलीला - महाकाव्य 'रामायण' का पारंपरिक प्रदर्शन शामिल हैं। प्रकाश का उत्सव दीपावली भारत के उन चिरस्थायी त्यौहारों में से एक है जो अब दुनिया के कई अन्य हिस्सों में भी मनाया जाता है। शेखावत ने कहा, हर भारतीय के लिए दीपावली बेहद भावनात्मक त्यौहार है। भारत की इस प्राचीन परंपरा को पीढ़ियों से हम आत्मसात करते आए हैं। यह नई उपलब्धि भारतवासियों के लिए 'तमसो मां ज्योतिर्गमय' के संस्कृत मंत्र का सार है और राष्ट्रीय सम्मान है। यह सम्मान भारत की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को मजबूत करता है और यह भारत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण और हर भारतवासी के लिए वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति का स्वर्णिम अध्याय भी। अब दुनिया दीपावली के बारे में और अधिक गहराई से जानेगी। हर राज्य इस पल को गर्व से मनायेगा।

# बच्चों का कल्याण और यूनिसेफ से बढ़ती उम्मीदें

**योगेश कुमार गोयल**



संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तबाह हुए देशों के बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 दिसम्बर 1946 को न्यूयार्क में यूनिसेफ की स्थापना की गई थी। उस समय इसे 'यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स इमरजेंसी फंड' के नाम से जाना जाता था। विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थायी हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतर्राष्ट्रीय' तथा 'आपातकालीन' (इमरजेंसी) शब्दों को हटा दिया गया। 1953 में यूनिसेफ के संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बन जाने के बाद इसका नाम 'यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड' (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) कर दिया गया लेकिन मूल संक्षिप्त नाम 'यूनिसेफ' को बरकरार रखा गया। यूनिसेफ का गठन करने में पोलैंड के चिकित्सक लुडविक रॉश्मन ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है, जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है।

अपनी स्थापना के बाद के इन 79 वर्षों में यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। नोबेल पुरस्कार दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर यूनिसेफ का कार्य और तेज हो गया। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यूनिसेफ की शिक्षा इकाई के कारण ही वर्ष 2006 तक विश्वभर में करीब 12 मिलियन बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल वापस जा सके। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए यूनिसेफ आपात स्थितियों में कार्रवाई करता है और युद्ध, आपदा, घोर गरीबी, हर प्रकार की हिंसा और शोषण तथा विकलांगता से पीड़ित सर्वाधिक वंचित बच्चों के लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। यह बच्चों को पहला अधिकार दिलाता है और वंचित बच्चों तथा उनके परिवारों के लिए उपयुक्त नीतियां बनवाने और सेवाएं प्रदान करने की देशों की क्षमता का निर्माण करता है।

1946 में यूनिसेफ की स्थापना द्वितीय युद्ध में प्रभावित बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से ही की गई थी लेकिन अब यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण के लिए कार्यरत है। वर्तमान में यूनिसेफ के कार्यकर्ता दुनियाभर के 190 से भी अधिक देशों में बच्चों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। भारत में इस संस्था ने वर्ष 1949 में कार्य करना प्रारंभ किया था और अब हमारे यहां यह नई दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, उड़ीसा इत्यादि राज्यों में कार्य कर रही है। बाल विकास और पोषाहार, बाल संरक्षण, शिक्षा, बाल पर्यावरण, पोलियो उन्मूलन, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, बच्चे और एड्स, सामाजिक नीति, नियोजन, निगरानी एवं मूल्यांकन, हिमायत और भागीदारी, आचरण परिवर्तन संदेश, आपात स्थिति तैयारी और कार्रवाई जैसे क्षेत्रों पर यूनिसेफ का मुख्य फोकस रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग के अलावा यूनिसेफ द्वारा दुनियाभर में मौजूद अनेक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के साथ मिलकर बच्चों को पानी, स्वच्छता, इंफेक्शंस आदि के लिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में नवजात बच्चों के टीकाकरण के लिए तीन बिलियन से भी अधिक टीके प्रदान किए जाते हैं। यूनिसेफ की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण हेतु कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, राजनीतिक विचारधारा इत्यादि के आधार पर भेदभाव नहीं करती। यह संस्था 49 से भी अधिक देशों में एचआईवी/एड्स से बचाव की लड़ाई में निरन्तर कार्यरत है। यूनिसेफ का 36 सदस्यों का कार्यकारी दल इसके कार्यों की देखरेख करता है, इसकी नीतियां बनाता है तथा यूनिसेफ के वित्तीय एवं प्रशासनिक योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान करता है। यूनिसेफ का अधिकांश कार्यक्षेत्र 190 देशों अथवा क्षेत्रों में मौजूद है। 150 से अधिक देशों के कार्यालय, मुख्यालय और यूनिसेफ के नेटवर्क से जुड़े अन्य कार्यालय तथा 34 राष्ट्रीय समितियां मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से यूनिसेफ के मिशन को पूरा करते हैं। सात क्षेत्रीय कार्यालय आवश्यकतानुसार सभी देशों में स्थित कार्यालयों को तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं। वर्तमान में यूनिसेफ फंड एकत्रित करने के लिए विश्वस्तरीय एथलीट और टीमों की सहायता लेता है। इस संस्था का वित्त पोषण विभिन्न सरकारों तथा निजी दानदाताओं द्वारा किया जाता है। संस्था के संसाधनों का दो-तिहाई योगदान विभिन्न देशों की सरकारें करती हैं और शेष योगदान निजी समूहों तथा व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय समितियों के माध्यम से किया जाता है। यूनिसेफ के लक्ष्यों की एक लंबी सूची है, जिसमें न्यूनतम-लागत हस्तक्षेप के माध्यम से लाखों बच्चों के जीवन को बचाने, बच्चों के अवैध व्यापार और शोषण को रोकने तथा मां-बच्चे के बीच एचआईवी/एड्स के संक्रमण को समाप्त करने में सहायता करना शामिल हैं। अनुमान लगाया जाता रहा है कि यूनिसेफ के राजस्व का करीब 92 फीसदी हिस्सा सेवा कार्यक्रमों के लिए वितरित कर दिया जाता है। वर्तमान में यूनिसेफ द्वारा बच्चों का विकास, बुनियादी शिक्षा, लड़कियों की शिक्षा सहित लिंग के आधार पर समानता, बच्चों का हिंसा से बचाव, शोषण, बाल-श्रम के विरोध में, एचआईवी/एड्स, बच्चों के अधिकारों के वैधानिक संघर्ष इत्यादि के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। यूनिसेफ इस बात में विश्वास रखता है कि बच्चों का पोषण और देखभाल करना मानव प्रगति की आधारशिला है और उसका मानना है कि अगर दुनिया में फैली असमानता को मिटाया नहीं गया तो वर्ष 2030 तक लगभग 167 मिलियन बच्चे भीषण गरीबी में जीवन जीने को मजबूर होंगे। दरअसल माना जा रहा है कि 2030 तक पांच वर्ष से कम आयु के करीब 19 मिलियन बच्चों की विभिन्न कारणों से मौत हो जाएगी और करीब 60 मिलियन बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। रूस-यूक्रेन और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध ने इन चुनौतियों को और बढ़ाया है। ऐसे में बच्चों के कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत यूनिसेफ से उम्मीदें काफी बढ़ जाती हैं, जिसकी नीति है कि कोई अन्य विकल्प नहीं होने पर ही अनाथालयों को केवल बच्चों के लिए अस्थायी आवास के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए। दरअसल यूनिसेफ बच्चों के लिए स्थायी अनाथालयों के बड़े पैमाने पर निर्माण का विरोध करता रहा है। उसका कहना है कि जहां तक संभव हो, परिवारों और समुदायों में ही बच्चों के लिए स्थान खोजने अर्थात उन्हें गोद देने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यूनिसेफ अनाथ बच्चों को विदेशी माता-पिता को गोद देने के बजाय स्वदेश में ही बच्चों की देखभाल करने पर जोर देता रहा है।

# भारत-रूस की मित्रता लाएगी वैश्विक शांति

**विकेश कुमार बडोला**

> पुतिन-मोदी की अध्यक्षता में संपन्न 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य तथा भारतीय विदेश मंत्रालय की प्रेस भेंटवार्ता से स्पष्ट है कि दोनों देश अब आगे भविष्य में सामरिक संबंधों के साथ-साथ आर्थिक-व्यापारिक संबंधों को भी शक्तिसंपन्न करने हेतु संकल्पबद्ध हैं।



दो दिवसीय यात्रा पर भारत पधारे रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का न केवल भारतीय शासन ने अत्यंत गरिमामयी ढंग से राजकीय सम्मान किया, अपितु देश के लोगों में भी उनके आगमन से अपार हर्ष है। पुतिन की इस यात्रा द्वारा दोनों देशों के ऐतिहासिक पारस्परिक संबंधों को एक नया विश्वसनीय आयाम प्राप्त हुआ है। हालांकि भारत-रूस के संबंध गत नौ-दस दशकों से विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर विश्वास तथा सहायता पर आधारित ही रहे हैं, किंतु गत एक दशक में विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की एक नवायामी दिशा परिलक्षित होती हुई दिखाई दे रही है। इससे विश्व के देशों की नई शक्ति श्रेणी निर्धारित हो रही है। अमेरिका, चीन तथा यूरोपीय देशों की अहितकारी गुप्त नीतियों को भारत-रूस की मैत्री से कठिन चुनौतियां मिल रही हैं। संभवतः विश्व में भारत एवं रूस ही ऐसे दो देश हैं, जिनका संबंध-संयोजन स्वार्थ की भेंट नहीं चढ़ा। इनके मध्य उपभोक्ता उत्पादों के व्यापार में अधिक भागीदारी न होने के बाद भी, दोनों ही राष्ट्रों ने इस कारण कभी एक-दूसरे के प्रति हीनता, अनादर की भावना नहीं रखी।

इसके विपरीत भूराजनीतिक, आर्थिक, युद्धक एवं अन्य संकटों की समयावधि में दोनों ही देशों ने एक-दूसरे की बढ़चढ़ कर सहायता की है, और अभी पुतिन की इस यात्रा के बाद तो सुनिश्चित होता दिख रहा है कि दोनों देश परस्पर विश्वास, सहायता एवं समर्पण की परिधि को सुदृढ़तापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए सदैव कटिबद्ध रहेंगे। पुतिन ने इससे पहले सन 2000, 2012, 2014, 2018, 2021 में पांच बार भारत की यात्रा की है। कोरोना काल के बाद उनकी यह पहली भारतीय यात्रा है। हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्तारूढ़ होने के बाद सात बार रूस की यात्रा की है, किंतु गत सितंबर में चीन के तियानजिन में एससीओ शिखर वार्ता में रूस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के समय दोनों राष्ट्राध्यक्षों के मध्य पुतिन की कार में बैठकर परस्पर व गुप्त संवाद करने का जो चित्र-चलचित्र प्रसारित हुआ था, उससे भलीभांति अवगत हो गया था कि विश्व, विशेषकर दक्षिण एशिया में अमेरिकी कूटनीतिक प्रसारण पर प्रतिबंध हेतु अधि संभवतः रूस-भारत तथा कम संभावित रूप में रूस-भारत-चीन के बीच एक नई वैश्विक राजनीतिक समझ विकसित होने लगी है। पुतिन की भारत यात्रा की समयावधि में यह पहली बार है कि दोनों देशों की ओर से रक्षामंत्रियों, विदेशमंत्रियों एवं सुरक्षा सलाहकारों के स्तर पर टू प्लस टू वार्ता का आयोजन किया गया।

पुतिन-मोदी की अध्यक्षता में संपन्न 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य तथा भारतीय विदेश मंत्रालय की प्रेस भेंटवार्ता से स्पष्ट है कि दोनों देश अब आगे भविष्य में सामरिक संबंधों के साथ-साथ आर्थिक-व्यापारिक संबंधों को भी शक्तिसंपन्न करने हेतु संकल्पबद्ध हैं। दोनों नेताओं की भेंटवार्ताओं से भारत-रूस की कार्यनीतिक सहभागिता को नवदिशा प्राप्त हुई है। हालांकि दोनों ही देशों के मध्य सोवियत संघ के अस्तित्व के समय से ही द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश समझौतों का दीर्घकालिक दृढ़ संबंध रहा है, किंतु विगत कुछ वर्षों में दोनों का द्विपक्षीय व्यापार इनके आर्थिक समन्वयन के साथ नवशिखर तक पहुंचा है। सोवियत संघ के विघटन पर रूस की उत्पत्ति के बाद रूस-भारत का द्विपक्षीय व्यापार 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में 68.7 बिलियन डालर तक पहुंच चुका है, और अब इस शिखर वार्ता के उपरांत द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जहां पुतिन ने भारत को निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति करते रहने का आश्वासन दिया है, वहां दोनों देशों ने निवेश अनुबंधों के अंतर्गत भारतीय कंपनियों को रूस के तेल एवं गैस, औषधि व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, तो रूसी कंपनियों को भारत के ऊर्जा, अवसंरचना निर्माण तथा विनिर्माण क्षेत्रों में पहले से अधिक निवेश करने के लिए प्रेरित किया है। वार्ता में ऐसे ही विभिन्न कार्यक्षेत्रों सहित निर्बाध एवं सुगम पारस्परिक प्रवासन व गतिशीलता के 16 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच सहयोग अधिक बढ़ेगा। शिखर वार्ता में यह संभावना प्रकट की गई है कि द्विपक्षीय सहयोग पर आधारित औषधीय उद्योग द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा बढ़ेगी तथा नवीन उद्योग विकसित होंगे। चूंकि जहां एक ओर, भारत में प्राकृतिक फाइबर, कारपेट से लेकर तकनीक आधारित वस्त्रोत्पादन की प्रचुरता, उपलब्धता है, और साथ ही साथ इनकी अभिकल्पना, कारीगरी में भी वैश्विक उपस्थिति है, वहीं दूसरी ओर रूस पॉलिमर और सिंथेटिक कच्ची सामग्री का एक बड़ा उत्पादक है। अतः दोनों देश एक साथ एक स्थायी व लाभकारी वस्त्र कारोबार कर सकते हैं। व्यापार में घनिष्ठता बढने पर दोनों देश उर्वरक, सिरेमिक, सीमेंट, विनिर्माण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग करते हुए नए आर्थिक आयाम प्राप्त कर सकते हैं। पुतिन ने ब्रिक्स संगठन को सशक्त करने में भारत-रूस के सहयोग पर भी ध्यानाकृष्ट किया। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की अपनी-अपनी राष्ट्रीय कार्यनीति का भी समर्थन किया। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर तटस्थ बने रहने के आरोप का खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि युद्ध किसी भी देश की संतुलित प्रगति में सबसे बड़ा बाधक है, अतः रूस-यूक्रेन ही नहीं, अपितु विश्व में कहीं किन्हीं देशों के बीच युद्ध होना ही नहीं चाहिए।

भारत-रूस के दृढ़ संबंधों में अधिक सुदृढ़ता, डेमोक्रेट्स के राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में अमेरिका तथा अमेरिका के नेतृत्व में यूरोपीय देशों द्वारा रूस से कच्चे तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाने के बाद, पनपी है। यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझे हुए रूस के बारे में अमेरिका, यूरोपीय देशों से लेकर अन्य देशों ने वैरभाव पाल लिया है। ये देश यूक्रेन की संप्रभुता, स्वायत्तता तथा शोषण के लिए तो रूस का विरोध अवश्य करते रहे हैं और निरंतर कर रहे हैं, किंतु साथ ही रूसी संप्रभु, स्वायत्त एवं राष्ट्रीय अधिकारों की उपेक्षा भी कर रहे हैं। अमेरिका ने तो रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर व्यापार शुल्क में अतिशय वृद्धि कर दी थी। किंतु चीन, स्वयं कुछ यूरोपीय देशों तथा यहां तक कि अमेरिका ने भी अपने आर्थिक-व्यापारिक हितों के लिए रूस से कच्चा तेल सहित अन्य निर्मित व अर्द्धनिर्मित खनिजों की खरीददारी जारी रखी है। इन विरोधाभासों के बीच भारत-रूस ने पारस्परिक संबंधों, मैत्री तथा विश्वास को गहरा करने पर ही अपना ध्यान केंद्रित रखा। रूस पर अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के प्रतिबंध से उत्पन्न व्यापारिक-आर्थिक संकट में भारत ने मित्रता का कर्तव्य निभाते हुए वर्ष 2021 से लेकर 2024 तक बड़ी मात्रा में रूसी कच्चा तेल खरीदा, अपने संशोधन संयंत्रों में उसे खपतयोग्य सीमा तक संशोधित किया तथा वापस यूरोपीय देशों और यहां तक कि यूक्रेन को भी बेचना आरंभ कर दिया। रूस-भारत के इस व्यापारिक सहसंबंध के कारण भारत की अर्थव्यवस्था को पंख लग गए।

## आप की बात

### वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति का स्वर्णिम अध्याय

दीपावली को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में जगह मिल गई। दीपावली राम राज्य यानी सुशासन का एक महान उत्सव है। आज इस ख्याति और उपलब्धि से हर भारतीय धन्य है। प्रकाश का उत्सव दीपावली भारत के उन चिरस्थायी त्यौहारों में से एक है जो अब दुनिया के कई अन्य हिस्सों में भी मनाया जाता है। दीपावली बेहद भावनात्मक त्यौहार है। भारत की इस प्राचीन परंपरा को पीढ़ियों से हम आत्मसात करते आए हैं। यह सम्मान भारत की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को मजबूत करता है और भारत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है और हर भारतवासी के लिए वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति का स्वर्णिम अध्याय है। धर्म ध्वजा फहराए जाने के बाद हम सभी के लिए एक नया गौरव का क्षण आया है और राम राज्य की राह भी दिखने लगी है।

राजेश लखनऊ

### समस्याओं से पार पाना है तो सजग रहिए सब कुछ सरकार पर ही मत छोड़िए

सरकार गली-कूचे में क्या कुछ जनसमस्याएं हैं, इसको लेकर कुछ कर नहीं सकती। इसकी वजह भी है और इसकी जिम्मेदारी के लिए प्रशासन स्तर पर तंत्र भी विकसित है लेकिन फिर भी लोगों को तमाम समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। अब ऐसे में निचले स्तर की जिम्मादारी तय होनी चाहिए और साथ ही उसकी जवाबदेही भी। लेकिन ऐसा होता नहीं, अफसरान किसी आम आदमी की सुनते नहीं और जनप्रतिनिधि भी कमाल के हैं। उनका मकसद आप बस उनके वोटर बने रहें। आम आदमी क्या झेल रहा है और कैसे गुजर-बसर कर रहा है उनका इससे कुछ लेना देना नहीं। इसके साथ ही सबसे अहम ीजिम्मदारी हम उन लोगों की बनती है जो समस्याओं से घिरे हुए हैं। आपसी सहयोग और जन सहभागिता अगर हो तो कोई भी दिक्कत आपके लिए पहाड़ नहीं हो सकती। बावजूद इसके सरकार और शासन प्रशासन को इतनी बेरुखी नहीं दिखानी चाहिए। व्यवस्था एसी हो कि किसी भी समस्या को लेकर आम आदमी जब चाहे अपनी बात सरकार तक पहुंचा सके। खास तौर पर नागरिक सुविधाओं से जुड़े तंत्र सक्रि य और सतर्क हो और प्रशासन उनकी निरंतर मानीटरिंग करता रहे। दूसरी ओर आम नागरिकों को भी सजग होना पड़ेगा ताकि किसी भी मुद्दे पर अगर दस्तक दी जाए तो उसकी आवाज सरकारी तंत्र तक जरूर पहुंचे। अगर वीआईपी और खास इलाकों को छोड़ दिया जाए तो समस्याएं इतनी हैं कि फेहरिस्त छोटी पड़ जाए। ऐसे में खुद सजग होकर सरकारी तंत्र को सतर्क रखना होगा और तभी रोज की दिक्कतों से आप पार पा सकते हैं।

सनी सिंह, लखनऊ

### गुलदस्ते छोड़ो, फल थमाओ

एक सेब रोज़ डॉक्टर को दूर रखता है, लेकिन मध्य प्रदेश के 50 लाख बच्चे पाँचवीं तक सेब तक नहीं देख पाते। दूध दूर की बात, अंजीर तो उनके लिए किसी परग्रह की चीज़ है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भोपाल में यह कड़वा सच उजागर किया और पूछा झ "इन बच्चों को पौष्टिक भोजन कौन देगा?" यह कोई आंकड़ा नहीं, यह पूरे राज्य के भविष्य पर ग्रहण है। भूखा दिमाग किताबें नहीं, रोटी खोजता है। कुपोषित शरीर क्लास में टिकता नहीं, सपने देखने की ताकत खो देता है। मिड-डे मील है, पर घर में रात का खाना नहीं। योजना है, पर पेट भरने की गारंटी नहीं। श्री प्रधान का सुझाव क्रांतिकारी है झ भंडारे कराने वाले नेता हफ्ते में एक दिन बच्चों को काजू, बादाम, बेसन के लड्डू बाँटें। गुलदस्ते छोड़ें, फल थमाएँ। यदि हर विधायक, सांसद, पंच-सरपंच अपने क्षेत्र के 500 बच्चों को हर महीने एक किलो फल-मेवा दें, तो लाखों बच्चे कुपोषण की जंजीर तोड़ सकते हैं। सेब का एक टुकड़ा कलाम बनने की पहली सीढ़ी हो सकता है। समय है गुलदस्ते फेंकने और फल थमाने का, क्योंकि भूखे बच्चे से बड़ा राष्ट्रद्रोह कोई नहीं।

प्रो. आरके जैन "अरिजीत", बड़वानी (मप्र)

### बच्चों के कल्याण की उम्मीदें

विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है, जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है। 11 दिसंबर वह अहम दिन जब इस मुद्दे पर विस्तार से मंथन करने की जरूरत है। यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को कई सम्मान मिल चुके हैं। ऐसे में इन उपलब्धियों से अब बच्चों के कल्याण को लेकर चल रहे प्रयासों को बल मिला है।

अंकित भोपाल

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# राष्ट्र के नव निर्माण में आदिवासी समाज के वीर शहीदों का योगदान अनुपम : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## राजाराव पठार ग्राम कर्रेझर में वीर मेला महोत्सव के अवसर पर आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह के श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल






पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राष्ट्र व समाज के नव निर्माण में आदिवासी समाज के अमर शहीदों एवं महापुरूषों का योगदान अनुपम एवं अद्वितीय योगदान है। उन्होंने कहा कि जब जब राष्ट्र व समाज पर विपत्ति आई है, आदिवासी समाज ने उनका डट कर मुकाबला कर विघटनकारी तत्वों को मुहतोड़ जवाब दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बालोद जिले के गुरूर ब्लॉक के ग्राम कर्रेझर में आयोजित विराट वीर मेला महोत्सव के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री एवं अतिथियों ने 3 दिवसीय विराट वीर मेला के अंतिम दिवस पर बुधवार को आयोजित शहीद वीर नारायणसिंह श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर अमर शहीर वीरनारायण सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पश्चात मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम भगवान बूढ़ादेव, राजाराव बाबा और शहीद वीरनारायण सिंह को पूजा अर्चना कर उन्हें नमन किया। उन्होंने आदिवासी समाज की संस्कृति, इतिहास और विरासत को अत्यंत वैभवशाली बताते हुए उसकी भूरी-भूरी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम कर्रेझर में मेला स्थल के समीप तालाब निर्माण हेतु 15 लाख, मेला आयोजन हेतु आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा प्रदान कि जाने वाली 10 लाख रूपये की सहयोग राशि को बढ़ाकर 20 लाख रूपये करने तथा राजाराव पठार स्थित देवस्थल में किचन शेड निर्माण करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने मेला स्थल पर कुल 71 लाख 93 हजार रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने ने आदिवासी समाज के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु समाज प्रमुखों के साथ राजधानी रायपुर में बैठकर उनका निराकरण करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा, कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसाय मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, पूर्व विधायक ब्रम्हानंद नेताम, प्रीतम साहू, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पुर्व नपाध्यक्ष राकेश यादव, वीर मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष उमेंदीराम गंगराले सहित अकबर राम कोर्राम, तुकाराम कोर्राम एवं अन्य समाज प्रमुखों के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, तथा विशाल संख्या में सामाजिक प्रतिनिधी एवं आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

### मोदी की गारंटी के सभी वायदों को पूरा किया गया : विष्णुदेव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि दुनिया में आदिवासी संस्कृति का एक समृद्धि इतिहास है। इस अवसर पर उन्होंने आदिवासियों के हितों के संरक्षण एवं देश-दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाने हेतु पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योगदानो का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी के द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान आदिवासियों के विकास एवं उनके हितों के संरक्षण हेतु सर्व प्रथम जनजाति कार्य मंत्रालय की स्थापना की थी। आज जनजाति कार्य मंत्रालय का बजट हमारे राज्य के आधे बजट से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योगदानों के फलस्वरूप देश में राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद पर आदिवासी समाज की महिला विराजमान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देश और दुनिया में आदिवासी समाज के इतिहास एवं विरासत को विशिष्ट पहचान मिला है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह एवं गैंदसिंह नायक के अदम्य वीरता, साहस एवं राष्ट्र भक्ति का उल्लेख करते हुए उसे अतुलनीय बताया। उन्होंने कहा कि हमारे सरकार के द्वारा मोदी की गारंटी के तहत किए गए सभी वायदों को पूरा किया गया है। हमारी सरकार ने राज्य में सत्ता की बागडोर संभालने के पश्चात तत्काल 18 लाख प्रधानमंत्री आवास निर्माण की स्वीकृति एवं प्रति क्विंटल 3,100 रूपये की दर से धान खरीदी, मेहनतकश तेंदुपत्ता संग्राहकों के हित में चरण पादुका योजना लागू करने के अलावा तेंदुपत्ता मानक बोरा में वृद्धि करते हुए 5,500 रूपये करने का निर्णय लिया। इसके अलावा भूमिहीन किसान न्याय योजना जैसे जनहितैषी योजना शुरू करने के अलावा राज्य के शिक्षित युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए पीएससी घोटाले का निष्पक्ष जाँच करने का भी निर्णय लिया है।

### सरकार राज्य के विकास के लिए कोई कसर नही छोड़ेगी

उन्होने छत्तीसगढ़ प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने तथा पूरी देश और दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाने हेतु आदिवासी समाज एवं छत्तीसगढ़ की जनता से विनम्र आशीर्वाद भी मांगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से राज्य में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। उन्होंने कहा कि बस्तर सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। नक्सलवाद की समाप्ति के पश्चात् बस्तर सहित समूचे छत्तीसगढ़ में हम विकास की नई गंगा बहाएंगे। उन्होंने राज्य की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि हमारी सरकार राज्य के विकास के लिए कोई कसर नही छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राजाराव पठार में आगे भी अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होने किसी भी समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा को सबसे बड़ा अस्त्र बताते हुए आदिवासी समाज को आने वाले पीढ़ी को शिक्षित एवं ज्ञानवान बनाने की दिशा में कार्य करने को कहा। मुख्यमंत्री ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आदिवासी समाज के कल्याण हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत कुल 80 हजार करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज प्रमुखों के मांग पर राजधानी रायपुर में समाज प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित आदिवासी समाज के मांगों एवं समस्याओं की निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने की भी बात कही। मुख्यमंत्री ने राजाराव पठार में विशाल एवं भव्य वीर मेला महोत्सव के आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की।

### मुख्यमंत्री पूरी तरह से आपके साथ खड़े हैं : रामविचार

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने राज्य के विकास में सबसे बड़ी बाधक नक्सलवाद का लगभग समाप्तप्राय होने पर राज्य व केन्द्र सरकार के प्रयासों की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों तक नक्सलवाद की समाप्ति असंभव एवं दुष्कर लगता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं छत्तीसगढ़ सरकार के ठोस एवं कारगर प्रयासों के फलस्वरूप पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी समाप्ति की ओर है। इस अवसर पर उन्होंने राजाराव पठार में विराट वीर मेला महोत्सव के आयोजन के महत्व एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज के मांगों एवं समस्याओं की ओर मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ सरकार का ध्यान भी आकृष्ट कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदिम जाति कल्याण एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि आप सभी के बीच आकर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि सरकार और आपके मुख्यमंत्री पूरी तरह से आपके साथ खड़े हैं, किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हमारा संकल्प स्पष्ट है, प्रदेश के हर वर्ग का समग्र विकास। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विकास के कई नए कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। राजधानी रायपुर में नव निर्मित नया म्यूजियम हमारी संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा।

### मुख्यमंत्री लगातार बस्तर के विकास में जुटे : केदार

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जिन मुद्दों के लिए हमारे पूर्वजों ने संघर्ष किया, वे साकार हो रहे हैं। वन अधिकार की लंबी लड़ाई का परिणाम है कि आज उनके परिजनों को उनका अधिकार मिल रहा है। शहीद वीर नारायण सिंह ने देश और संस्कृति के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश खुशहाली की ओर बढ़ रहा है और बस्तर वर्षों पुरानी नक्सली पीड़ा से मुक्त हो रहा है। यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली आ रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्माण और विकास की मजबूत नींव बस्तर में रखी जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा रोडमैप तैयार कर लगातार बस्तर के विकास में जुटे हैं। उन्होने धर्मांतरण को रोकने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आदिवासी संस्कृति की रक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि बस्तर में तीन मेडिकल कॉलेज और एक विश्वविद्यालय स्थापित हुए हैं। दिल्ली में आदिवासी बच्चों के लिए बने छात्रावास से उन्हें डॉक्टर और इंजीनियर बनने में बड़ी सहायता मिल रही है। समारोह में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए वीर मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष यूआर गंगराले ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अतिथियों के समक्ष समाज के प्रमुख मांगों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पूर्व विधायक ब्रम्हानंद नेताम ने किया। इस अवसर पर आदिवासी समाज के लोक कलाकारों के द्वारा रेला, मांदरी, हुलकी आदि परंपरागत लोक विधाओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जीवंत प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आदिवासी समाज के रचनाकार हेमवती ठाकुर के द्वारा रचित पुस्तक 'आदिशक्ति माँ अंगारमोती' एवं मरई राधेश्याम बस्तरिया की पुस्तक 'घोटुल पुंदाना' पुस्तक का भी विमोचन किया।

# बेमेतरा में 17 दिसम्बर को जिला स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा उत्सव का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले में युवाओं को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ते हुए उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से जिला स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा उत्सव का आयोजन 17 दिसंबर को शासकीय पी.जी. महाविद्यालय बेमेतरा में किया जा रहा है। यह आयोजन युवा वर्ग में उत्साह, प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता : दो आयु वर्गों में रोमांचक मुकाबले

विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिताएँ दो आयु वर्गों में आयोजित होंगी 09 से 18 वर्ष तक, 18 से 35 वर्ष तक इन आयु वर्गों में निम्न खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमे एथलेटिक्स (100 मी., 400 मी. दौड़, तवा फेंक), खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकशी 7 पहले इन प्रतियोगिताओं का आयोजन विकासखंड स्तर पर किया जाएगा, जहां प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी ही जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगी।

### युवा उत्सव : कला, संस्कृति और नवाचार का मंच

जिला स्तरीय युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के युवक-युवतियाँ अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, संगतकारों की उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। इस उत्सव में शामिल प्रमुख विधाएँ सामूहिक एवं लोक विधाएँ: लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, एकांकी, रॉक बैंड 7 एकल प्रतियोगिता मे कहानी लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, नवाचार, कविता लेखन, पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता सामूहिक नृत्यों में अधिकतम 10 प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे तथा रिकॉर्डेड संगीत की अनुमति नहीं होगी। सभी प्रतिभागियों को अपने पंजीयन प्रपत्र में संपूर्ण जानकारी भरकर जमा करनी होगी। विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रतिभागी निम्न कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं विकासखंड शिक्षा अधिकारीः बेमेतरा, साजा, बेरला, नवागढ़ जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, बेमेतरा 7 युवा ऊर्जा और महिला शक्ति को मंच देने की शानदार पहल 7 यह जिला स्तरीय आयोजन न केवल खेल और संस्कृति को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं और महिलाओं में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करेगा। 17 दिसंबर को बेमेतरा जिले में प्रतिभाओं का यह महाकुंभ एक यादगार आयोजन बनने जा रहा है।

# 16 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**बेमेतरा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कार्यालय परिसर रुम न. 64 एवं 65 में 16 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नियोक्ता के 10 पद, योग्यता, 10 वीं, वेतनमान 14000-16000 आयु 18 से 35 वर्ष, कार्यक्षेत्र, बेमेतरा, साजा, नवागढ़, बेरला, आवेदक के पास स्मार्ट फोन व बाइक अनिवार्य है, सभी पद पुरुष आवेदक हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है।

# होटल संचालको के मध्य विवाद मामले में कार्रवाई

## मारपीट प्रकरण में दोनो पक्षों से 5 आरोपी गिरफ्तार, योगेश दोसा एवं गौतम होटल के संचालकों के मध्य रंजिश प्रकरण

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में पखवाड़ेभर पुर्व गत माह 20 नवंबर की रात्रि श्रीरामद्वार चौक समीप विवाद एवं मारपीट प्रकरण में आखिरकार पुलिस ने कार्रवाई की है। प्रकरण में दोनों पक्षों योगेश दोसा एवं गौतम होटल के मारपीट के अधिकतर आरोपी गिरफ्तार किये गए हैं। उल्लेखनीय है कि होटल संचालकों के मध्य विवाद से उपजे मारपीट के मामले में नागपुर से कुछ लोग शामिल थे, जिनकी नागरिकों द्वारा गुर्गे समझकर पिटाई कर दी गई थी। पुलिस द्वारा आधिकारिक जानकारी मुताबिक 20 नवंबर की रात्रि में नगर के गौतम होटल के पास दो पक्षो में विवाद व मारपीट की सूचना पर मौके पर पुलिस की टीम पहुंची थी। मेनरोड स्थित योगेश दोसा एवं गौतम होटल के संचलको द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर वाद विवाद एवं मारपीट होने की। पुष्टि हुई थी। मारपीट की घटना में प्रार्थी भान बाई यादव पति भानु यादव, 50 वर्ष, वार्ड 11 सिनेमा लाईन डोंगरगांव की रिपोर्ट पर अपराध क्र 361/25 बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), 191(2), 333 दर्ज की गई थी। इसी प्रकार प्रार्थी योगेश देवांगन पिता त्रिलोचन देवांगन, 33 वर्ष, निवासी वार्ड 02 जेन्टस क्लब मैदान के पास डोगरगांव के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने पर अपराध क्रमांक 363/2025 धारा 296 115(2), 191(2), 49, 109 बीएनएस एवं का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी दिलीप सिसोदिया के दिशानिर्देश में थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पाटले द्वारा टीम गठित कर अपराध की विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी।

### योगेश दोसा पक्ष से 2 गिरफ्तार

पुलिस की माने तो विवेचना दौरान अपराध क्रमांक 361/25 धारा 296, 115(2), 351(2), 191(2), 333 बीएनएस के आरोपी योगेश देवांगन पिता त्रिलोचन देवांगन, 33 वर्ष, निवासी डोंगरगांव तथा त्रिलोचन देवांगन, पिता स्व भरतलाल देवांगन, 62 वर्ष, निवासी डोंगरगांव को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। इसके अलावा अन्य आरोपी नागपुर अस्तपाल में उपचाररत होने से गिरफ्तारी नही की जा सकी है।

### गौतम हॉटल पक्ष से 3 गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि अपराध क्र 363/2025 धारा 296 115(2), 191(2), 49, 109 बीएनएस में आरोपी सुजल मोंगरे पिता विक्की कुमार मोंगरे, 19 वर्ष, साकिन इंदिरा आवास, शुभम सोनकर पिता स्व सुरेश सोनकर, 19 वर्ष, साकिन पवन ज्वेलर्स के सामने, राजेन्द्र यादव पिता स्व शंकर लाल यादव, 33 वर्ष, साकिन वार्ड 12, तीनों डोंगरगांव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बाकी है।

# शिव महापुराण कथा में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने भाव-विभोर किया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा की कृषि उपज मंडी इन दिनों आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान है, जहां दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती द्वारा शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन जारी है। कथा का पांचवा दिन भी श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक अनुभूति से परिपूर्ण रहा। बेमेतरा के साथ ही कवर्धा, खमरिया और नवागढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर दिव्य कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। प्रवचन में स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग को अत्यंत भावपूर्ण और शास्त्रोक्त विधि से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष–ये चारों पुरुषार्थ शिव आराधना से सहजता से प्राप्त होते हैं, क्योंकि शिव ही ज्ञान, ऊर्जा, प्राण और समग्र सृष्टि के आधार हैं। स्वामी ने कहा कि शिव ने शक्ति को आदिशक्ति जगदम्बा के रूप में प्रकट कर सृष्टि की रचना का शुभारंभ किया। आदिशक्ति की अष्टभुजाएं अपार सामर्थ्य का प्रतीक हैं, जिनकी उपासना से मनुष्य को दिव्य बल प्राप्त होता है। सूत जी महाराज के पुराण वचनों का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि आदिशक्ति जगत को मोहिनी रूप में संचालित करती हैं, वहीं शिव कर्पूर-गौर रूप धारण कर कामदेव को भी मोहित कर देते हैं। धतूरा, शमीपत्र, अक्षत और जलाभिषेक शिव को अत्यंत प्रिय हैं, जो उनके सर्वांग पूजा का आधार है। गौ महिमा पर बोलते हुए स्वामी ने कहा कि गौ सेवा ही देव सेवा है, क्योंकि 33 करोड़ देवता गौ माता के शरीर में वास करते हैं। उन्होंने बताया कि मृत्यु के समय मनुष्य का कोई साथ न दे, परंतु गौ माता का दर्शन और स्पर्श ही जीव को मोक्ष की ओर ले जाता है। स्वामी ने बताया कि सलधा स्थित सपाद लक्ष्मेश्वर धाम में सवा लाख शिवलिंग स्थापना का विराट आयोजन चल रहा है, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु अपने और अपने परिजनों के नाम से शिवलिंग अर्पित कर रहे हैं। यहां एक शिवलिंग से सवा लाख शिवलिंगों का जलाभिषेक होने का अदभुत पुण्य प्राप्त होगा। धाम में गौ सेवा, विद्यार्थी शिक्षा और लोककल्याण के विविध कार्य भी संचालित हैं। कथा के समापन में स्वामी ने कहा कि शिव स्मरण मात्र से ही जीव को पुण्य प्राप्त होता है, और पार्थिव पूजा करने वाला भक्त सायुज्य मुक्ति का अधिकारी बन जाता है। उन्होंने बताया कि काशी शिव को अत्यंत प्रिय है और उसका निर्माण स्वयं भगवान शिव ने किया है।

भक्तों ने स्वामी के दिव्य प्रवचनों का आनंद लिया और कथा स्थल पूरे दिन शिवमय माहौल से आलोकित रहा। आयोजन में मुख्य रूप से मानस केसरी प्रमोद शास्त्री नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के साथ पार्षद गौरव साहू, लक्की साहू, चांदनी रोशन दत्ता, रश्मि फणेन्द मिश्रा, केशव प्रसाद तिवारी, सुनिल नामदेव, शत्रुघ्न सिंह साहू के साथ बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# धान खरीदी केंद्र में सुगम और पारदर्शी व्यवस्था से किसान आसानी से बेच रहे धान

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों का सीधा लाभ इस वर्ष कबीरधाम जिले में धान खरीदी व्यवस्था में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। टोकन तुंहर हाथ ऐप ने किसानों को घर बैठे ही सरलता से टोकन प्राप्त करने की सुविधा दी है, जिससे खरीदी केंद्रों में अनावश्यक भीड़, भागदौड़ और प्रतीक्षा जैसी समस्याएँ लगभग समाप्त हो गई हैं। केंद्रों में बारदाना उपलब्धता, तौल, भंडारण और भुगतान की सभी व्यवस्थाएँ इस बार पहले से कहीं अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और समयबद्ध हैं। इन्हीं सुविधाओं का लाभ ग्राम छांटा के किसान भोलाराम चंद्रवंशी को मिला है। 5.57 एकड़ भूमि वाले भोलाराम चार एकड़ में धान और शेष में गन्ने की खेती करते हैं। इस सीजन उन्होंने 84.40 क्विंटल धान बेचा और बताते हैं कि पूरे खरीदी प्रक्रिया के दौरान उन्हें एक भी बार किसी प्रकार की समस्या या असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। तौल से लेकर भुगतान तक उनका संपूर्ण कार्य निर्धारित समय में और बिना किसी भागदौड़ के पूरा हो गया। समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल मिलने से उनकी आमदनी में वृद्धि हुई है। वे बताते हैं कि उचित मूल्य से मिली यह आय उनके परिवार के सपनों को नई दिशा दे रही है। वर्तमान में वे अपने परिवार के लिए पक्का मकान बना रहे हैं और कहते हैं कि पहले जो सपने दूर लगते थे, वे अब सरकार की पारदर्शी और धान खरीदी व्यवस्था की बदौलत साकार हो रहे हैं।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के दो वर्षों में कवर्धा विधानसभा को मिली विद्युत विकास की नई रफ्तार, विभिन्न कार्यो के लिए 390 करोड़ रूपए स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में कवर्धा विधानसभा में बिजली अधोसंरचना का निरंतर विस्तार हुआ है। सुदूर वनांचल इलाकों में सब-स्टेशन स्थापना की शुरुआत से लेकर गांव-गांव तक बिजली पहुंचाने, पुराने आपूर्ति तंत्र को दुरुस्त करने और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तक हर स्तर पर कार्य किया गया है। जिससे किसानों को सिंचाई में आसानी हुई है, वहीं आम नागरिकों को बेहतर घरेलू विद्युत सुविधाएं मिल रही हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा की बिजली व्यवस्था को मजबूत एवं सक्षम बनाने का जो संकल्प लिया था, वह अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। बिजली अधोसंरचना के इन कार्यों ने विकास को नई ऊँचाई दी है और क्षेत्र को प्रगति की सतत धारा से जोड़ा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कवर्धा विधानसभा के सुदूर वनांचल और दुर्गम क्षेत्रों में विद्युत अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी गई है। आरडीएस योजना अंतर्गत 6 महत्वपूर्ण कार्यों के लिए 341 करोड़ 46 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। इस राशि का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने, पुराने ढांचे के नवीनीकरण और नई लाइनों के विस्तार, ट्रांसफार्मर की संख्या और क्षमता बढ़ाने जैसे कार्य किए जा रहे है। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलु उपयोग व कृषि पंपो के लिए आपूर्ति हेतु अलग-अलग फीडर की व्यवस्था की जा रही है। ताकि दोनों प्रयोजनों हेतु विद्युत आपूर्ति निर्बाध हो तथा लाईन लॉस को घटाया जा सके। इसी प्रकार वनांचल क्षेत्र झलमला, सिल्हाटी क्षेत्रों में विद्युत सब-स्टेशन स्थापना और व्यापक विद्युतीकरण कार्यों के लिए कुल 46.13 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप यह इलाके अब निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्धता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री आंतरिक विद्युतीकरण योजना के तहत कवर्धा विधानसभा में 75 कार्यों के लिए 2.करोड़ 47 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है, जिससे गांवों के भीतर विद्युत सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है। पिछले दो वर्षों में कवर्धा विधानसभा में विद्युत अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर विस्तार किया गया है। इसमें 6.94 किमी 33 के.वी. लाइन, 247.07 किमी 11 के.वी. लाइन तथा 1175.82 किमी एल.टी. लाइन का विस्तार शामिल है। इन कार्यों ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को अधिक स्थिर, विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण बनाने में अहम भूमिका निभाई है।



# नए किस्म का साइबर फ्रॉड: दो लोगों को गुमराह कर, 2 लाख का सरिया 40 हजार नगद ठगी, एक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

■ **एक ठग को लोहरदगा झारखंड से ढूंढ लाई जशपुर पुलिस, भेजा जेल**




गौरतलब है कि वर्तमान परिपेक्ष्य में साइबर ठगो के द्वारा, ठगी के लिए नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, जिसमें जागरूकता की कमी के कारण लोग ठगी का शिकार भी हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थाना सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत सामने आया है, जिसमें ठगों ने ग्राम गिरांग के सरिया व्यापारी व महुआ टोली के एक व्यक्ति जो कि अपना खुद का गृह निर्माण करा रहा था को झांसे में लेकर सरिया छड़ दिलाने के नाम पर 40 हजार रुपए की ठगी कर लिए।

**यह है मामाला** - 9 नवंबर को प्रार्थी नेल्सन कुजूर, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम गिरांग, थाना सिटी कोतवाली जशपुर, जिसका ग्राम गिरांग में अरुण एंड संस नाम से सीमेंट व सरिया छड़ की दुकान है के द्वारा थाना सिटी कोतवाली जशपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 5 नवंबर को उसके भाई के मोबाइल फोन पर, एक अज्ञात मोबाइल नंबर से, फोन आया था, जिसके द्वारा, ग्राम महुआ टोली, निवासी एक सत्येंद्र सिंह नाम के व्यक्ति के पास, जो कि गृह निर्माण करा रहा था, के पास सरिया छड़ गिराने का ऑर्डर दिया गया था, जिस पर प्रार्थी के द्वारा 06.11.25 को एक पिकअप के माध्यम से, महुआ टोली में सत्येंद्र सिंह की दुकान में जाकर, 01 लाख 90 हजार रु की छड़ को खाली करा दिया गया था, प्रार्थी के द्वारा जब सत्येंद्र सिंह से छड़ की कीमत की मांग की गई, तो सतेन्द्र सिंह ने बताया कि उसके द्वारा, 40 हजार रूपए, कथित तौर पर, उस व्यक्ति को फोन पे के माध्यम से दिया गया है, जिसे उसने छड़ गिराने का ऑर्डर दिया था, जिस पर प्रार्थी के द्वारा, उस संदिग्ध मोबाइल नंबर पर, जिससे प्रार्थी को महुआ टोली में छड़ गिराने का ऑर्डर मिला था, से संपर्क करने की कोशिश करने पर संदिग्ध मोबाइल नंबर, बंद बता रहा है. प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली जशपुर में आरोपी ठगों के विरुद्ध बी एन एस की धारा 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया।

**छड़ दिया और लिए 40 हजार**- जांच विवेचना के दौरान पुलिस को यह पता चला कि आरोपी ठगों के द्वारा पहले महुआ टोली के व्यक्ति सुरेन्द्र सिंह को अपने को जशपुर का ठेकेदार बताते हुए,झांसे में लेते हुए, कम कीमत पर सरिया छड़ दिलाने की बात कही गई, फिर ठगों ने फोन के माध्यम से ग्राम गिरांग के, सीमेंट व सरिया व्यापारी नेल्सन कुजूर को फोन कर, ग्राम महुआ टोली में सत्येंद्र सिंह के यहां सरिया छड़ गिराने का ऑर्डर दे दिया गया, फिर जब नेल्सन कुजूर के द्वारा, सत्येंद्र सिंह के यहां सरिया छड़ गिराया जा रहा था, तभी आरोपी ठगों ने, फोन के माध्यम से, सत्येंद्र सिंह से संपर्क कर, अपने फोन पे में 40 हजार रुपए ले लिए। नेल्सन कुजूर के द्वारा, सतेन्द्र सिंह से अपने गिराए गए सरिया छड़ की कीमत मांगने पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ, पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए, नेल्सन कुजूर के गिराए सरिया छड़ को, नेल्सन कुजूर को वापस कर दिया गया है।

**लोहरदगा से हुई गिरफ्तारी** -मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के द्वारा ठगों की धर पकड़ हेतु विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी, जिनके द्वारा पुलिस की टेक्निकल टीम की मदद से, संदिग्ध मोबाइल नंबर, जिसका उपयोग ठगों के द्वारा, ठगी हेतु किया गया था, को लगातार ट्रेस किया जा रहा था, इसी दौरान पुलिस को पता चला कि मामले का एक आरोपी ठग अहतास अंसारी उम्र 22 वर्ष, झारखंड राज्य के लोहरदगा जिला, क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम गाराडीह, थाना केरो का रहने वाला है, जिस पर तत्काल पुलिस की विशेष टीम, लोहरदगा झारखंड जाकर, ग्राम गाराडीह से संदिग्ध अहतास अंसारी को हिरासत में लेकर वापस लाई।

**दो मास्टर माइंड फरार** - पुलिस की पूछताछ पर संदिग्ध आरोपी अहतास अंसारी ने बताया कि वह अपने दो अन्य साथियों, जो कि उक्त ठगी के मास्टरमाइंड थे,के साथ घटना 06.11.25 के तीन दिनों पूर्व ही, जशपुर क्षेत्रांतर्गत, अलग अलग जगहों पर जाकर, ठगी हेतु लोगों को चिन्हित किया जा रहा था, इसी दौरान उनके द्वारा, ग्राम महुआ टोली के सत्येंद्र सिंह व गिरांग के सीमेंट सरिया व्यापारी नेल्सन कुजूर को चिन्हित कर ठगी को अंजाम दिया गया था। मामले में पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी अहतास अंसारी की निशानदेही पर, ठगी के मास्टरमाइंड, उसके दो दोस्तों को भी चिन्हित कर लिया है, जो कि फरार है, पुलिस के द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही है, शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

**भेजा गया जेल** - पुलिस की पूछताछ पर अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर, आरोपी ठग अहतास अंसारी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

**इन्हें मिली सफलता** - मामले की कार्यवाही व आरोपी की गिरफ्तारी में सहायक उप निरीक्षक जय प्रकाश मिर्रे, प्रधान आरक्षक अनंत मिराज किस्पोट्टा व आरक्षक उपेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

> जशपुर पुलिस ने सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक सायबर ठगी के मामले में एक आरोपी को लोहरदगा झारखंड से पकड़ कर, न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। साथ ही आम जनता से अपील की है कि लालच में न आए, साइबर ठगो के द्वारा अंजान नंबरों से फोन कर ठगी को अंजाम दिया जा रहा है, ऐसे किसी भी कॉल पर, विश्वास न करें, अपनी जानकारी साझा न करें, जागरूकता ही बचाव है।
>
> **-शशि मोहन सिंह, एसएसपी जशपुर**

# कार्य नहीं करने पर दो ठेकेदार को किया गया ब्लैक लिस्टेड

■ **कमिश्नर ने एफडीआई राशि को राजसात करने के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा शहर में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण करने के साथ इंजीनियर्स ठेकेदार की बैठक लेकर कार्य प्रगति की समीक्षा की जा रही जा रही है। इसी क्रम में टेंडर लेकर कार्य नहीं करने पर बुधवार को वेस्ट मैनेजमेंट अंतर्गत एवं निर्माण कार्य के अंतर्गत एक एक ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया। इस दौरान ठेकेदारों द्वारा टेंडर प्राप्त करने के एवज में जमा किए गए एफडीआई को राजसात करने के निर्देश दिए गए। सीजी वेस्टेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर के पास प्लास्टिक वेस्ट थ्रेडर यूनिट, हाइड्रोलिक वेल्डिंग यूनिट, ट्रामेल यूनिट, इंसीनरेशन यूनिट सामग्री प्रदाय एवं स्थापित करने का कार्य लिया गया था। यह पूरा कार्य एक करोड़ 69 लाख की लागत से ज्यादा राशि का था। बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी उक्त फर्म द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट के उक्त सामग्रियों की सप्लाई नहीं की गई न ही यूनिट स्थापित की गई। इसी तरह बालाजी कंस्ट्रक्शन द्वारा कृष्णा वाटिका में 50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य लिया गया था। निविदा मिलने के उपरांत निगम प्रशासन द्वारा ठेकेदार को पत्र जारी कर अनुबंध करने एवं कार्य शुरू करने के लिए कहा गया, लेकिन उक्त ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया। इसे देखते हुए आज कमिश्नर श्री क्षत्रिय द्वारा सीजी वेस्टेज प्राइवेट लिमिटेड रायपुर एवं बालाजी कंस्ट्रक्शन रायगढ़ के एफडीआर की राशि को राजसात करते हुए 1 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया।

**गुणवत्ता से समझौता नहीं** -कमिश्नर क्षत्रिय ने स्पष्ट कहा कि शहर में विकास कार्यों की समय सीमा एवं गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो भी ठेकेदार काम में लापरवाही करेगा या मानक के विपरीत कार्य करेगा, उनके खिलाफ इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 9वीं से 12वीं की छात्राओं के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




शासकीय कन्या उच्चतर मध्यमिक विद्यालय (शिक्षा विभाग) मनेंद्रगढ़ में नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत रिटेल ट्रेड में अध्ययन कर रही 9वीं से 12वीं की छात्राओं के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । मनेंद्रगढ़ के शिक्षा कोचिंग सेंटर की संचालक और शिक्षिका मिस शिवानी गुप्ता को अतिथि व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया उन्हें उन्होंने छात्राओं को रिटेल विषय से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण टॉपिक जिसमें रिटेलिंग के महत्व, स्टॉक का रख रखाव, स्टॉक स्तर के प्रकार, ग्रहकों से तालमेल बनाकर उन्हें अधिक खरीदी के लिए मार्गदर्शन देना, स्टॉक नियंत्रण के तरीके और रिटेल स्टोर में दुर्घटनाओं और आपातकालीन स्थिति को पहचान करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिया गया। मिस शिवानी गुप्ता ने स्टॉक नियंत्रण के तरीके और आपातकालीन स्थिति की पहचान करने संबंधी विषयों को काफी गहराईयों एवं बारिकियों से छात्राओं को समझाया। गौरतलब है कि शाला में यह पाठ्यक्रम पिछले सात वर्षों से संचालित है जिसमें रिटेल ट्रेड के अंतर्गत कुलदीप कुमार नामदेव प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। छात्राएं व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से स्कूल लेवल से ही रोजगारुन्मुख शिक्षा प्राप्त कर रही है एवं खुद को रोजगार के बेहतर अवसर के लिए तैयार कर रहीं हैं। संस्था की प्राचार्या अर्चना वैष्णव, व्याख्याता टी विजय गोपाल राव, नारायण तिवारी सर एवं राम रक्षा द्विवेदी ने व्यावसायिक शिक्षा की सराहना की और इस अतिथि व्याख्यान को संपन्न करने में अपना अमूल्य योगदान दिया।

# एनटीपीसी लारा में अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा पर मॉकड्रिल का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



अग्नि दुर्घटना की स्थिति में कर्मचारियों की सुरक्षा एवं बचाव के लिए एनडीआरएफ, सी.आई.एस.एफ, जिला प्रशासन एवं आस पास के बड़ी उद्योग के सहभागिता में एनटीपीसी लारा के प्रशासनिक भवन चक्रधर भवन में मोक्क ड्रिल का आयोजन किया गया। आगजनी के समय लोगोकों सुरक्षित बचाव करना एवं जान माल की नुकसान को यथा संभव कम करने के लिए सभी पक्ष की सयुंक्त प्रयास से मोक्क ड्रिल का आयोजन किया गया। पूरे प्रकरण को जीवन्त प्रदर्शन करते हुए बिल्डिंग मे आग लगने की साइरन बजाया गया एवं लोगोकों आपदा एकत्रित स्तल पर इकठा किया गया साथ ही एम्ब्युलेन्स एवं अग्नि शमन विभाग को बुलाया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा आग को बुझाया गया और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल को बुलाया गया। जिनहोने ऐसी स्थिति से निपटने में माहिर है। एनडीआरएफ की जवानो ने ऐसी आपदा में लोगों को भवन से निकालने तथा अगर कोई धुएँ के कारण दमघुटने के कारण अचेत हुआ हो उसको बचाव करने के लिए रस्सी से केसे नीचे उतारा जाता है उसका जीवंत प्रदर्शन कियागया। साथ साथ प्रभावितों को फास्ट ऐड देना एवं बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान के लिए हस्पताल भेजना आदि सम्पन्न किया गया। पूरे व्यवस्था को अच्छे से सम्पन्न करने के लिए केशब चन्द्र सिंघा रॉय, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर उप कमांडेंट पवन जोशी, उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, राहुल पटेल, जिला अग्नि अधिकारी प्रमोद जोगी एवं उनके टीम, अदानी पावर के सुरक्षा अधिकारी संदीप सिंह, जाकिर खान, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एनटीपीसी लारा के सुरक्षा विभाग एवं उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# 12 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त आबकारी वृत्त सक्ती की कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देश और प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में नंदेलीभाठा वार्ड नंबर 2 थाना सक्ती में रवि सतनामी पिता रामजी सतनामी के द्वारा भारी मात्रा में महुआ शराब बेचने की मुखबिर सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल ने पहले छद्म खरीददार से महुआ शराब की खरीदारी कराई, महुआ शराब बिक्री की पुष्टि होने पर रवि सतनामी से ग्राहकों को बेचने के लिए तैयार 6 नग प्लास्टिक बोतल प्रत्येक में 2 लीटर इसप्रकार कुल 12 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया।आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क 34(2) 59 के तहत प्रकरण दर्ज कर माननीय न्यायालय से रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल की टीम में परसराम कहरा, बसंती चौधरी और नगर सैनिकों का सराहनीय योगदान रहा।

# कोतवाली थाना में जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की बैठक

**सामाजिक सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान पर सम्मान**



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना कोतवाली में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं कोटवारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल ने की, जिसमें वार्ड पार्षद और जन प्रतिनिधियों से वार्ड स्तर की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि झगड़ा, मारपीट जैसी घटनाओं की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों अथवा असामान्य गतिविधियों की जानकारी भी तुरंत देने का आग्रह किया, जिससे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक के दौरान थाना प्रभारी द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षकों, पैरा लीगल वालेंटियर और स्वास्थ्यकर्मियों को उनके कार्यों के साथ सामाजिक सहभागिता के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित नागरिकों में शासकीय सरदार वल्लभ भाई पटेल स्कूल के व्याख्याता डॉ. बरतराम पटेल, अध्यापन कार्य के साथ छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन, नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, विधिक सेवा केंद्र पी.डी. कॉमर्स कॉलेज के डॉ. प्रदीप शर्मा, इनके द्वारा निःशुल्क विधिक सलाह, प्रशिक्षण व जागरूकता प्रदान किया जा रहा है।

# समय-सीमा में गुणवत्ता के सभी मानकों को अपनाते हुए निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश

■ **कमिश्नर ने किया तालाब सौंदर्यीकरण, सामुदायिक भवन व नाली-नाला निर्माण कार्यों का निरीक्षण**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने शहर में चल रहे सामुदायिक भवन निर्माण तालाब सौंदर्यीकरण कार्य, नाली-नाला निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित इंजीनियर एवं निर्माण करने वाले ठेकेदार को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर, पूर्ण गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर क्षत्रिय ने सबसे पहले सराईभदर में चल रहे सामुदायिक भवन एवं तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित इंजीनियर से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। इसी तरह दोनों कार्यों को समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के सभी मानकों को अपनाते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर क्षत्रिय ने संबंधित इंजीनियर को कार्यों की सतत निरीक्षण करने और प्रति दिवस की प्रगति से अवगत कराने की बात कही। इसके बाद मिट्ठुमुड़ा तालाब सौंदर्यीकरण एवं सामुदायिक भवन निर्माण, पतरापाली में नाला निर्माण, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड तिराहा एवं एकार्ड होटल के पास चल रहे नाला निर्माण के कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने स्थल पर मौजूद इंजीनियर व ठेकेदार को तालाब सौंदर्यीकरण कार्य में पाथवे निर्माण, रेलिंग, बैठने की सुविधा तथा लाइटिंग कार्य में उच्च मानकों को अपनाते हुए कार्य करने और नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने तालाब के किनारे स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसी तरह भवन की नींव से लेकर फिनिशिंग तक सभी कार्य मानकों के अनुरूप करने, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच करने, सभी कार्यों में अपेक्षाकृत प्रगति लाते हुए समय पर पूर्ण करने की बात कही गई। कमिश्नर क्षत्रिय ने कहा कि समय पर पूर्ण गुणवत्ता युक्त और टिकाऊ निर्माण कार्य नगर निगम की प्रथम प्राथमिकता है। लापरवाही या विलंब पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता अशोक सिंह एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

# 14 दिसंबर को होगा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन, गोविंद देवांगन ने दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय शक्ति के वार्ड नंबर-11 नारायण सागर रोड उद्यान के पास आगामी 14 दिसंबर 2025 को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है,इसकी जानकारी देते हुए हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति शक्ति के जिला संयोजक गोविंद देवांगन एवं सहसंयोजक संजय कश्यप ने बताया कि हिन्दुकः सोदराः सर्वे, न हिंदू पतितो भवेत। मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्रः समानता भवार्यः सभी हिंदू भाई-भाई है, कोई भी हिंदू पतित नहीं है। हिंदुओं की रक्षा ही मेरी दीक्षा है, समानता ही हमारा मंत्र है। इन्हीं भावनाओं को लेकर विशाल हिन्दू सम्मेलन का कार्यक्रम नारायण सागर रोड, गार्डन के पास सक्ती (छग.) में आयोजित किया गया है जिला संयोजक गोविंद देवांगन ने बताया की हम सब सनातनी भारत माता को परम वैभय के शिखर पर ले जाने के उददेश्य से समग्र हिन्दू समाज को संगठित करते हैं. संगठित हिन्दू शक्ति का जागरण समाज में नयी ऊर्जा, चेतना एवं आध्यात्मिक शक्ति का जागरण करता है, इसी तारतम्य में समग्र हिन्दू समाज के लिये एक स्थान पर एकत्र होने का एवं राम राज्य के स्थापना के संकल्प की सिद्धी करने का उत्सव हिन्दू सम्मेलन 2025 के रूप में मनाने जा रहे हैं आइये हम सब एक जुट होकर समाज की एकता सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा समग्र विकास की दिशा में हिंदू होने के नाते कदम बढ़ाये, उक्त संम्मेलन में पूर्ण मनोयोग से सपरिवार सहभागी बने। इस पुण्य अवसर पर संत, महात्मा, समाज प्रमुखो एवं समाज प्रबुद्ध जनों का सानिध्य हम सभी को प्राप्त होगा। आप सभी अपने परिवार जनों के साथ (विशाल हिन्दू सम्मेलन) में भंडारा / प्रसाद ग्रहण कर सामाजिक समरसता निमित्त इस कार्यक्रम को सफल बनाये।

**विराट हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम का विवरण**-शक्ति में होने वाला विराट हिंदू सम्मेलन 14.12.2025, दिन-रविवार को समय सुबह 12:00 बजे दोपहर से 2:00 बजे तक स्थान :- नारायण सागर रोड, गार्डन के पास सक्ती (छ.ग.) मैं आयोजित किया गया है

**सम्मेलन का घर-घर जाकर दिया जा रहा निमंत्रण**- 14 दिसंबर को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर आयोजन समिति के जिला संयोजक गोविंद देवांगन एवं जिला सहसंयोजक संजय कश्यप के नेतृत्व में घर-घर जाकर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा लोगों को आमंत्रण दिया जा रहा है।

**दो दिनों में मकान तोड़कर फसलों को पहुंचा रहे नुकसान**

# कापू रेंज के लिप्सी गांव पहुंचा 20 हाथियों का दल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ जिले में दो दिनों से 20 हाथियों का दल गांव पहुंच कर ग्रामीणों के मकान को तोड़ते हुए फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। वन विभाग की टीम नुकसान का आकलन के करते हुए हाथियों के दल पर निगरानी रखते हुए गांव के ग्रामीणों को सावधानी बरतने अपील की जा रही है। मामला धर्मजयगढ़ वन मंडल का है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के धर्मजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों 37 हाथी अलग अलग दल में विचरण कर रहे है, जिसमें कापू रेंज के लिप्सी बीट में सबसे अधिक 20 हाथी का दल पिछले दो दिनों से विचरण कर रहा है, जिसमें शावक भी शामिल है। 20 हाथियों का दल जहां कल गांव में कुछ मकान को तोड़ा था वहीं बीती रात बांधपारा पाराघाटी में दिलीप, यदुमणी यादव के मकान को तोड़ते हुए तीन बोरियों से अधिक धान और मक्के का खाया है। साथ ही साथ पखनाकोट में हाथियों के दल ने वहां लगे गोभी, टमाटर के फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। कापू के लिप्सी बीट के कमरई, सोनाजोरी, और पखनाकोट इलाके में 20 हाथियों के पहुंचने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर ना केवल हाथियों के दल को जंगल की तरफखदेड़ा बल्कि हाथियों के दल पर 24 घंटे निगरानी की जा रही है। हाथी प्रभावित गांव के लगातार मुनादी कराते हुए सुबह व शाम के समय जंगल तरफनही जाने की अपील की जा रही है। साथ ही साथ बस्ती के करीब हाथियों के पहुंचने पर उससे दूरी बनाये रखने की बात कही जा रही है। ताकि किसी प्रकार की अनहोनी घटना न घटित हो।

# डिजिटल ठगी पर लगाम जरूरी: पूनम सिंह



पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

देशभर में तेजी से बढ़ते डिजिटल लेन-देन के साथ साइबर ठगी के मामले भी चिंताजनक स्तर पर पहुंच गये हैं। बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी कॉल, ओटीपी स्कैम और सोशल मीडिया हैकिंग जैसी घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि तकनीक जितनी तेज़ी से आगे बढ़ रही है उतनी ही सतर्कता आम नागरिकों में होना जरूरी है। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ की निदेशिका और युवा कांग्रेसनेत्री पूनम सिंह ने इस गंभीर विषय पर कहा की हाल के दिनों में पुलिस और प्रशासन द्वारा साइबर जागरूकता अभियान तेज किये गये हैं। स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बताया जा रहा है कि अनजान कॉल, लिंक या ऐप से कैसे दूरी बनाए रखें साथ ही किसी भी संदिग्ध लेन-देन की तुरंत शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर करने की अपील की जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार डिजिटल साक्षरता बढ़ाने से ही साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। मजबूत पासवर्ड, दो-स्तरीय सुरक्षा और व्यक्तिगत जानकारी साझा ना करने जैसी सावधानियां अपनाकर आम लोग खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। पूनम सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, जागरूक बनें और किसी भी तरह की साइबर ठगी की स्थिति में देर किये बिना संबंधित विभाग को सूचना दें।

# समाधान महाविद्यालय मे वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय एवं आईटीआई में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया गया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार एवं राष्ट्रगान का गायन सभी ने मिलकर किया। महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि समाधान महाविद्यालय अपने नाम के अनुरूप निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। महाविद्यालय में आयोजित हर गतिविधि में पूरी तन्मयता और जिम्मेदारी के साथ भाग लेना चाहिए। भविष्य में जो विद्यार्थी शिक्षक बनेंगे, उन्हें स्वयं खेल में दक्ष होने के साथ-साथ दूसरों को खेल का प्रशिक्षण देने की क्षमता भी विकसित करनी होगी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि जीवन में जिस ज्ञान और अभ्यास को जितना आत्मसात किया जाएगा, सफलता के अवसर उतने ही व्यापक और सुनिश्चित होंगे। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राजेश गजपाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा को रखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय पी.जी. कॉलेज बेमेतरा की प्राचार्या डॉ. वीणा त्रिपाठी रही। उन्होंने विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि महाविद्यालय प्रांगण में वार्षिक गतिविधियों के स्नेह सम्मेलन के तहत क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। खेल मानव जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, जिसकी प्रक्रिया नवजात अवस्था से ही प्रारंभ हो जाती है। परिस्थितियों और शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा के बीच भले ही खेल पीछे छूट जाए, परंतु व्यक्तित्व विकास में इसकी भूमिका सर्वाधिक प्रभावी होती है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, और खेल में जीत से अधिक महत्वपूर्ण उसकी भागीदारी मानी जाती है। पिछले सत्र में महाविद्यालय द्वारा अंतर-महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया था। अंतर-कक्षीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की उभरती प्रतिभा देखने को मिलेगी, जो



आगामी सत्र में एक सक्षम टीम के रूप में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार होगी। शासकीय पी.जी. कॉलेज बेमेतरा के क्रीड़ा अधिकारी दुर्गा प्रसाद जंघेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन समाधान महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राजेश गजपाल के मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में निहित प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनकी क्षमताओं को उजागर करना है, ताकि वे भविष्य में महाविद्यालय का गौरव बढ़ाने वाली मजबूत खेल-टीमों के रूप में सामने आ सकें। खेल का संचालन योगेश्वर सिन्हा, राजेंद्र वर्मा, आकाश हिरवानी व हरीश कुमार पटेल द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया। खेल के निर्णायक के रूप में डॉ. जी. डी.मानिकपुरी, निधि तिवारी, नंदनी वर्मा, गायत्री राजपूत, अमित कुमार पटेल, शिवराज साहू, श्रद्धा राजपूत, नूतन मिश्रा, संगीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल,रूपेंद्र डहरिया, तुकाराम जोशी, होरीलाल देवांगन, शुभम गजभिए, राजेश यादव, रूपेंद्र डहरिया, श्रीयता तिवारी, रेशमा पटेल एवं जोगेंद्र साहू रहे। बालक 100 मीटर दौड़ में राजू सोनकर आईटीआई स्टेनो से प्रथम व सुनील वर्मा बीएड से द्वितीय, बालिका 100 मीटर दौड़ में पूर्वी वर्मा आईटीआई से प्रथम व ललिता पीजीडीसीए से द्वितीय, बालक 200 मीटर दौड़ में कामेश्वर यादव पीजीडीसीए से प्रथम व राजू सोनकर आईटीआई स्टेनो से द्वितीय, बालिका 200 मीटर दौड़ में ललिता साहू पीजीडीसीए से प्रथम व पूर्वी वर्मा आईटीआई कोपा से द्वितीय, जलेबी दौड़ बालक में जीतूराज पीजीडीसीए से प्रथम व कामेश पीजीडीसीए से द्वितीय, जलेबी दौड़ बालिका में डॉली पीजीडीसीए से प्रथम व मनीषा बीसीए से द्वितीय, गोला फेक बालक में कुलेश्वर राव बीएससी से प्रथम व इलेक्ट्रीशियन से कोमल यादव द्वितीय, गोला फेक बालिका में गामिनी डेहरे स्टेनो से प्रथम व डॉली पीजीडीसीए से द्वितीय, तवा फेक बालक में कामेश्वर पीजीडीसीए से प्रथम व जीतू साहू पीजीडीसीए से द्वितीय, तवा फेक बालिका में पायल पीजीडीसीए से प्रथम व डॉली पीजीडीसीए से द्वितीय, शतरंज बालक में यज्ञांश तिवारी बीएससी से प्रथम व मुकेश बीएससी से द्वितीय, शतरंज बालिका में केसर बीएड से प्रथम व सुनीता बीएड से द्वितीय, कैरम बालक में मुकेशलाल बीएससी से प्रथम व जीतू आईटीआई इलेक्ट्रीशियन से द्वितीय, कैरम बालिका में प्रीति लहरें व प्रीति साहू बीएड से प्रथम व आरती व मनीषा पीजीडीसीए से द्वितीय, लंबी कूद बालक में देवांश डीसीए से प्रथम व कामेश्वर पीजीडीसीए से द्वितीय, लंबी कूद बालिका में मेघा प्रथम व पायल साहू द्वितीय, गोली चम्मच बालिका में गनिता बीएड से प्रथम व दीप्ति बीएड से द्वितीय, गोला चम्मच बालक में कामेश्वर पीजीडीसीए से प्रथम व देवेंद्र बीएससी से द्वितीय, बैडमिंटन बालक में सुनील वर्मा व सुनील ध्रुव बीएड से प्रथम और यनीस घृतलहरें व डोमेन निषाद आईटीआई से द्वितीय तथा बैडमिंटन बालिका में सौम्या व नेहा धुर्वे बीएड से प्रथम व मिथिलेश्वरी व भूमिका बीएड से द्वितीय, सुई धागा बालक में देवांश डीसीए से प्रथम व युवराज साहू द्वितीय, सुई धागा बालिका में गनिता बीएड से प्रथम व श्वेता चतुर्वेदी बीएड से द्वितीय स्थान, भाला फेक बालक में डॉली वर्मा पीजीडीसीए से प्रथम व पायल साहू पीजीडीसीए से द्वितीय, भाला फेक बालिका में कोमल यादव इलेक्ट्रीशियन से प्रथम व कुलेश्वर बीएससी से द्वितीय, रस्सा कसी बालक में धनंजय, सुभाष, खेमलाल, कमलेश्वर व बलदेव बीएड से प्रथम तथा कामेश्वर, राकेश, रमेश, राज व पंकज द्वितीय, रस्सा कसी बालिका में निशा, दीक्षा, अंजना, प्रीति व गनिता बीएड से प्रथम और डॉली, ललिता, पायल, तारिणी व सोनम पीजीडीसीए से द्वितीय स्थान पर रहे। खो-खो बालक में इलेक्ट्रीशियन विजेता व डिग्री उपविजेता, खो-खो बालिका में डिग्री विजेता व बीएड उपविजेता, कबड्डी बालक में इलेक्ट्रीशियन विजेता व बीएड उपविजेता, कबड्डी बालिका में डिग्री विजेता व आईटीआई कोपा उपविजेता रहे। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। अतिथियों को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बेमेतरा में सहयोग संस्था द्वारा बरगद के पेड़ को बचाने का प्रयास



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वन विहीन बेमेतरा जिले मे पेड़ो की कटाई पर कोई रोक नही है जिसका जीता जागता उदाहरण जिला मुख्यालय बेमेतरा मे देखने को मिल रहा है। विकास के नाम पर पेड़ो की बलि चढ़ाई जा रही है। ज्ञात हो की बेमेतरा शहर के सिमगा रोड़ से के के ढाबा के पास से एक बाई पास बनाया जा रहा है जो पिकरी मे समाप्त हो रहा है जिसकी आड़ मे सेकड़ो विशाल वृक्ष काटे जा रहे है। इसी कड़ी मे मोहभट्टा गार्डन के उपर से बाई पास से एक प्लाई ओवर जाना है जिसके लिए एक 50 वर्ष पुराना बर्गद का पेड़ काटा जा रहा था सहयोग जो की क्षेत्र मे जल गंगाल जमीन के संरक्षण के लिए कार्य करता है। ज्ञात हुआ कि एक विशाल बरगद काटा जा रहा है तो संस्था के सदस्य उसे कटने से बचाने के लिए स्थल पर पहुँचे जहां बरगद के पेड़ को आधा से ज्यादा काटा जा चूका था को काटने से रोका गया और पूछ ताछ करने पर बगैर अनुमति के विशाल बरगद को काटा जाना ज्ञात हुआ। सहयोग ने इसका पुरजोर विरोध किया। वन विभाग नेशनल हाइवे के अधिकारीयों नगर पालिका अधिकारी एस डी एम कलेक्टर सभी से फोन से पेड़ को काटाने से रोकने का आग्रह किया। तब वन विभाग के अधिकारी नए बताया की हमने बरगद काटाने की अनुमति नही दी है उसके पश्चात बरगद का कटना रुका अधिकारियों नए कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस विरोध मे सहयोग से हसन कादरी गिरीश मिश्रा मुन्ना माखीजा प्रो लक्ष्मीनारायण साहू संजय दुबे रमन काबरा नगर पालिका के विपक्ष के नेता प्रिंट मिडिया और इलेक्ट्रोनिक मिडिया के लोग उपस्थित थे। सहयोग ने लोगो से पेड़ को काटने से बचाने की अपील की है।

## लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा मेन की वर्षा गौतम नई अध्यक्ष बनी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा मेन की दिसंबर माह की बैठक सम्पन्न हुई। लीनेस क्लब के नए सत्र 2026 के लिए नए पीएसटी का गठन का प्रस्ताव रखा गया। कनकलता द्वारा अध्यक्ष पद के लिए वर्षा गौतम का नाम प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से क्लब के बी.डी.ओ. ने स्वीकार किया और नए सत्र में वर्षा गौतम को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। वर्षा गौतम, अध्यक्ष, कनकलता सचिव एवं रानी रवानी कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई। आरती साहू को उपाध्यक्ष, ममता ताम्रकार सह सचिव, पार्वती दुबे सह कोषाध्यक्ष,अनु पांडे पीआरओ एवं डॉ. नेहा वर्मा टेल ट्विस्टर के पद पर निर्वाचित हुई। इस अवसर पर बी.ओ.डी. रश्मि ताम्रकार ललिता साहू, वीना त्रिपाठी अध्यक्ष शशि तिवारी, सचिव आरती साहू, कोषाध्यक्ष वर्षा गौतम नेहा वर्मा लिनीलम साहू रानी रवानी मुमताज रवानी पार्वती दुबे, अनु पांडे, अंकिता तिवारी ममता ताम्रकार चंद्रप्रभा तिवारी उपस्थित रही।



## कर्मा समाज गंगा पैनल के विजयी पदाधिकारियों का विधायक निवास में भव्य स्वागत



### सभी विजयी प्रत्याशियों को विधायक दीपेश साहू ने दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला साहू संघ बेमेतरा के प्रतिष्ठित निर्वाचन 2025 का आयोजन नगर के टाउन हॉल में अत्यंत सौहार्द्रपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस निर्वाचन में कर्मा समाज गंगा पैनल के सभी प्रत्याशियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक विजय दर्ज की। टाउन हॉल में संपन्न हुए मतदान में कुल 1804 मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में नारद साहू ने 969 मत प्राप्त कर शानदार जीत हासिल की, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी गैंदा साहू को 635 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार नारद साहू 334 मतों के अंतर से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अन्य निर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार हैं–पुरुष उपाध्यक्षः रेखाराम साहू,महिला उपाध्यक्षः नूतन साहू,संगठन सचिव (पुरुष): माधो साहू,संगठन सचिव (महिला): तारकेश्वरी साहू, अध्यक्ष सहित सभी निर्वाचित समाज पदाधिकारियों को साहू समाज के वरिष्ठजनों, नौ तहसीलों के अध्यक्षों तथा बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने हार्दिक बधाई दी। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### विजयी रैली एवं विधायक निवास में भव्य स्वागत

विजय घोषणा के पश्चात हजारों की संख्या में समाजजन, समर्थक और सम्मानित नागरिक विजयी पदाधिकारियों के साथ उत्साहपूर्ण विजय रैली के रूप में विधायक निवास कार्यालय पहुँचे। वहाँ विधायक दीपेश साहू एवं उनके परिवारजनों ने विजयी टीम का पारंपरिक विधि-विधान से आत्मीय स्वागत किया। आरती, तिलक, पुष्पवर्षा और आतिशबाज़ी के साथ सभी प्रत्याशियों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात विधायक ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को साल एवं गमछा पहनाकर अभिनंदन किया और समाजहित में उनके आगामी कार्यों के लिए शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में विधायक दीपेश साहू ने कहा साहू समाज परिश्रम, प्रगति, नैतिकता और संगठन का प्रतीक बन चुका है। जिस परंपरा, संस्कार और सामूहिक एकजुटता के साथ हमारे समाज ने अपनी पहचान बनाई है, वह पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय है। इस लोकतांत्रिक और पारदर्शी निर्वाचन ने यह सिद्ध किया है कि साहू समाज सामाजिक जागरूकता, जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता में निरंतर आगे बढ़ रहा है। 'कर्मा समाज गंगा पैनल' की यह विजय केवल एक पैनल की जीत नहीं–बल्कि पूरे साहू समाज की अपेक्षाओं, विश्वास और प्रगति के संकल्प की विजय है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से मेरी अपेक्षा है कि आप समाज के सभी वर्गों–युवा, महिलाएँ, किसान, व्यवसायी, छात्र, ग्रामीण एवं शहरी नागरिक–को साथ लेकर समाज के समग्र विकास हेतु समर्पित होकर कार्य करेंगे। शिक्षा का प्रसार, युवा मार्गदर्शन, सामाजिक उत्थान, सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और संगठनात्मक मजबूती–इन सभी क्षेत्रों में नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है कि नई टीम इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य करेगी। साहू समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता में है। आप सभी इस गौरवशाली परंपरा को और अधिक सशक्त बनाएंगे–इसी विश्वास के साथ आप सभी को हार्दिक बधाई। इस दौरान सामाजिक जनो ने कहा की इन चुनावों में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू जी द्वारा समाज के बीच लगातार संवाद, मार्गदर्शन और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। उनकी प्रेरणा, सहयोग और संगठनात्मक दिशा ने कर्मा समाज गंगा पैनल के प्रत्याशियों को मजबूत समर्थन प्रदान किया, जिसके परिणामस्वरूप समाज में एकता, जागरूकता और नेतृत्व का सुंदर समन्वय देखने को मिला। आप सभी विजयी पदाधिकारियों की यह सफलता समाज के संगठन, समर्पण और सामाजिक उत्थान की भावना को और मजबूत करेगी। शिक्षा, जागरूकता, विकास एवं समाज हित में आपका नेतृत्व निश्चित रूप से प्रेरणादायी सिद्ध होगा।

## जिले के 12 उपार्जन केंद्रों से डीओ के माध्यम से 12 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

धान खरीदी के लंबे समय बाद यानि कि 26 दिनों बाद धान का उठाव शुरू हो पाया है। बीते 2 दिन में डीओ के माध्यम से 12 उपार्जन केंद्रों से 12 हजार 460 क्विंटल से अधिक धान का परिवहन किया जा चुका हैं। हालांकि उठाव की रफ्तार बेहद ही धीमी हैं, क्योंकि बुधवार सुबह तक 29 हजार क्विंटल से अधिक का डीओ जारी किया गया हैं। अब तक 50 अरवा व 12 उसना यानि कि कुल 62 मिलर्स ने अनुबंध कराया है। शेष मिलर्स 70 प्रतिशत में एलिजिबल नही होने की वजह से अनुबंध नही करा सके हैं। बता दे कि जिन मिलर्स ने पिछले वर्ष का 70 प्रतिशत चावल जमा किये हैं, धान उठाव का अनुपाती, उन्ही को ही पंजीयन कराने की पात्रता हैं। जिसकी वजह से 123 में 62 मिलरो का अनुबंध हो सका हैं। इनमें बड़े मिलर्स ज्यादा है, जिन्होंने 70 प्रतिशत चावल जमा



नही किया हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के 143 उपार्जन केंद्रों में अब तक 41 हजार 16 किसानों से 18 लाख 8 हजार 83 क्विंटल धान खरीदी हुई है। धान का उठाव बालोद, गुरुर, डौंडीलोहारा और गुंडरदेही ब्लॉक के 12 उपार्जन केंद्रों में शुरू हुआ है। यहां से बुधवार शाम तक 12 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव हुआ है। आज गुरुवार को 3 हजार 183 किसानों का एक लाख 48 हजार से अधिक क्विंटल धान का टोकन जारी किया गया हैं।

### किसानों को 303.48 करोड़ रुपए का शुद्ध भुगतान

धान खरीदी के साथ ही किसानों के खाते में पैसा भी डाला जा रहा है। जिले में 18 लाख 8 हजार 83 क्विंटल धान खरीदी हुई है जिसकी कुल लागत राशि 429 करोड़ 59 लाख 77 हजार 432 रुपए है। किसानों से 126 करोड़ 10 लाख 78 हजार 730 रुपये की ऋण वसूली पश्चात 303 करोड़ 48 लाख 98 हजार 701 रुपये का शुद्ध भुगतान किसानों के खाते में किया गया हैं।

### 62 राइस मिलर ही उठाव के लिए पंजीकृत

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि अरवा व उसना 62 मिलरों से ही अनुबंध हो पाया है। जिले में 123 राईस मिलर है। लेकिन पिछले साल धान उठाव कर मिलिंग का चावल जमा नहीं किया। जिसकी वजह से शेष 61 मिलरों को अभी भी उठाव के लिए पात्रता नहीं मिल पाई है। जिसकी वजह से धान के उठाव करने में देरी भी हुई है। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर बताते है कि अगर धान के उठाव की रफ्तार तेज नही हुई और टीओ कटना शुरू नही हुआ तो पूरे सोसायटियों में एक हफ्ते बाद जाम की स्थिति निर्मित हो जाएगी। क्योंकि रोजाना करीबन डेढ़ लाख क्विंटल धान की खरीदी हो रही हैं। 50 प्रतिशत मिलर्स मैदान में नही आये हैं। उन्होंने बताया कि धान का डीओ कटने के रेसियो होता है, एफसीआई का पहले 5 डीओ कटेगा तो नागरिक आपूर्ति निगम का एक डीओ कटेगा। लेकिन अब 3 और एक का रेसियो हो गया है, तो उम्मीद है कि और राइस मिलर्स डीओ कटवाएंगे।

### 15,825 किसानों का 750 हेक्टे. रकबा समर्पण

धान बेचने के साथ ही किसानों से रकबा भी समर्पण करवाया जा रहा है। यानी जो किसान अपनी उपज बेच चुके हैं और रकबे के हिसाब से और धान बेच सकते हैं लेकिन ऐसे किसानों से रकबा समर्पण करवाया जा रहा है। रकबा समर्पण करने से धान खरीदी में दलालों की भूमिका समाप्त हो जाएगी और पारदर्शी तरीके से यह कार्य होगा। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि रकबा समर्पण में किसान संख्या में बालोद राज्य में दूसरे स्थान पर है, पहला धमतरी हैं। और धान की मात्रा में बालोद तीसरे स्थान पर है। अब तक 15 हजार 825 किसानों ने 750 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को हर्राठेमा खरीदी केंद्र में 6 किसानो ने अपनी उपज बेचने के बाद रकबा समर्पण करवाया हैं।

धान उठाव शुरू हुए दो दिन हो गए है, डीओ के जरिये 12 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव हो चुका है, टीओ कटना शुरू नही हुआ है।

**टिकेंद्र राठौर, डीएमओ, बालोद**

## नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : तोरण साहू

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका दल्ली राजहरा में 1 मार्च से अब तक दो बार सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई है। इस बात की जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम की धारा के अनुसार पहली बैठक 30 अप्रैल एवं द्वितीय बैठक 22 सितंबर को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। हमारा उद्देश्य ही है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ हमने सभी विपक्षी जनप्रतिनिधियों के साथ विकास की परियोजनाओं को चर्चा कर शहर का विकास कर रहे हैं, जिसके तहत दल्ली राजहरा शहर में केंद्रीय विद्यालय का कार्य प्रगति पर है विभिन्न वार्डों में जनमानस को असुविधा न हो इसके लिए नाली, सीसी रोड, कई वार्डों में बंद पड़े स्ट्रीट लाइटों में विद्युत सुधार कर नई लाइट की व्यवस्था की गई है एवं विगत 5 वर्षों से बंद पड़ी जल आवर्धन योजना को नगर पालिका के अथक प्रयास से शासन द्वारा राशि स्वीकृत कराई गई है। पेयजल की समस्याओं का निदान करते हुए नगरवासियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कर रही है। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर राजहरा शहर को सुंदर एवं विकास की राह पर अग्रसर करें।

## लाजवंती देवी वाधवानी का निधन

**दल्लीराजहरा।** राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं राजहरा सिंधु समाज के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी की माता लाजवंती देवी वाधवानी का निधन गुरूवार सुबह हो गया। वे लगभग 90 वर्ष की थी जो पिछले काफी समय से बीमार चल रही थी। इनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा। लाजवंती देवी वाधवानी, गोलू उर्फ मयूर वाधवानी की दादी थीं।




**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**
ईमेल - ee-pwd.mmac@cg.gov.in

**// निविदा आमंत्रण विज्ञति निरस्तीकरण सूचना //**

इस कार्यालय द्वारा निविदा आमत्रंण विज्ञाप्ति ज्ञापन क्रमांक क्रमांक 2470/व.ले.लि /1403/2025-26 मो.मा.चौकी दिनांक 04/11/2025 को जिसका जी-252604640/1 /252604640/2 /252604640/3 है। जो दिनांक 04/11/2025 द्वारा विज्ञाप्ति प्रकाशन हेतु प्रेषित किया गया था। जिसका निविदा क्रमांक **T0039** एवं जी 252604640/1/ 252604640/2/ 252604640/3 है। जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. (भ/स) संभाग**
**मोहला-मानपुर-अं. चौकी**

G-252605363/3



**कार्यालय नगर पंचायत भानुप्रतापपुर जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)**

क्र./665/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 भानुप्रतापपुर, दिनांक 11/12/2025

**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत निम्नानुसार कार्य कराये जाने हेतु लो.नि.वि. द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''अ'' में तीन लिफाफा (निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि एफ.डी.आर.) पद्धति से मुहरबंद पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** :- 19.12.2025 दिन शुक्रवार समय 5.00 बजे तक
**निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि** :- 26.12.2025 दिन शुक्रवार समय 4.30 बजे तक
**निविदा प्रस्तुत करने की तिथि** :- 02.01.2026 दिन शुक्रवार समय 3.00 बजे तक
**निविदा खोलने की अंतिम तिथि** :- 02.01.2026 दिन शुक्रवार समय 4.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राकल्लन राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ.डी.आर. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+आवे.शु. सहित | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निकाय क्षेत्रांतर्गत शासकीय भवनों में RWH निर्माण कार्य। | 8.25 | 6200.00 | 750+100 | 3 माह |

उपरोक्त कार्य हेतु टेक्नीकल स्पेसिफिकेशन, निविदा संबंधी संपूर्ण शर्तें/जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय नगर पंचायत भानुप्रतापपुर से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय पोर्टल http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत भानुप्रतापपुर**



**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली**
**जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक केशव बास पिता बालमुकुन्द जाति रावत निवासी ग्राम बैतारी तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम बैतारी दिनांक 07/04/2021 को आवेदक के पिता बालमकुन्द्र बाघ की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 12/12/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**सरायपाली**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-कांकेर**
Phone No. :-07868-241213, Email id :- ee-res.kanker@gov.in

**// मैनुअल पद्धति जोनल निविदा सूचना //**

क्रमांक/25/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2025-26 कांकेर, दिनांक 08/12/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल पद्धति जोनल निविदा दिनांक 16.12.2025 शाम 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से (आमंत्रण क्रम तृतीय बार) आमंत्रित की जाती है तथा निविदा दिनांक 17.12.2025 को 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी:-

| क्र. | कार्य का नाम एवं स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रू. 30.00 लाख तक लागत के भवन/रंगमंच नाली/आहता/पुल/पुलिया एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य (विद्युतीकरण कार्य छोड़कर) **जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)** | रू. 40.00 लाख |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट 2.10 एवं 2.13) व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग-कांकेर**

G-252605358/4

# सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग रायपुर में सम्पन्न हुआ बीएससी नर्सिंग का माड्यूल क्लासेस

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर में बी.एस.सी. नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के लिए 05 दिसम्बर से माड्यूल क्लासेस डेल्टा हेल्थ केयर शिक्षण संस्थान गुजरात के कुशल शिक्षिकाओ द्वारा विभिन्न मॉड्यूल्स की जानकारी प्रदान की गई। माड्यूल वो अलग-अलग हिस्से हैं जिसमें नर्सिंग छात्र-छात्राओं को एक सपूंर्ण और कुशल नर्स बनने के लिए जरूरी कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। मिस संजीवनी एवं मिस स्लोका के द्वारा मॉड्यूल के प्रथम दिन में बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को ''हेल्थ असेसमेंट माड्यूल'' के बारे में जानकारी प्रदान की गयी, जिसमें छात्र-छात्राओं को किसी रोगी की स्वास्थ्य स्थिति का व्यवस्थित रूप से आंकलन करना सिखाया गया, जिसमें उनका स्वास्थ्य इतिहास लेना, शारीरिक परीक्षण करना, अवलोकन करना और रोगी की जरूरतों को समझकर एक प्रभावी स्वास्थ्य योजना तैयार करना सिखाया गया। द्वितीय दिन बी.एस.सी. चौथे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को पैलिएटिव माड्यूल के बारे में जानकारी दी गयी, जिसमें नर्सो को गंभीर और जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे मरीजों और उनके परिवारों को शारीरिक, मानसिक, समाजिक और अध्यात्मिक रूप से आराम और बेहतर जीवन गुणवत्ता होने के लिए प्रशिक्षित करना है, जिसमें दर्द प्रबंधन, लक्षण नियंत्रण, संचार और भावनात्मक समर्थन जैसे महत्वपूर्ण कौशल सिखाए जाते हैं। ताकि वे जीवन के अंतिम चरण में या बीमारी की किसी भी अवस्था में करूणा और दक्षता से देखभाल कर सकें। तृतीय एवं चतुर्थ दिन में बी.एस.सी. छठवें एवं सातवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को कुशल प्रसुति परिचारिका जिसका अर्थ है एक प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवर जैसे दाई, नर्स, या डॉक्टर जो गर्भावस्था, प्रसव और जन्म के बाद माँ और नवजात शिशु को जरूरी देखभाल और आपातकालीन मदद देता है, ताकि जटिलताओं को रोका जा सके और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित हो सके साथ ही सुरक्षित डिलिवरी एप यह एक निःशुल्क, साक्ष्य-आधारित सहायता, शिक्षण और प्रशिक्षण उपकरण है, जिसे प्रसव में सहायता करने और सबसे सामान्य जटिलताओं का प्रबंधन करने में दाइयों, नर्सों और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की सहायता के लिए डिजाइन किया गया है। पांचवे दिन बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा माड्यूल के बारे में जानकारी प्रदान की गई जिसमें सिखाया गया, कि नर्सो को आपातकालीन स्थिति में घायल या बीमार व्यक्ति को तत्काल, अस्थायी देखभाल कैसे दिया जाता है, ताकि पेशेवर मदद आने तक उनकी जान बचाई जा सके और स्थिति बिगड़ने से रोका जा सके, इसमें सी.पी.आर., घावप्रबंधन, सदमा और दम घुटने जैसी स्थितियों को संभालना शामिल होता है। ताकि रोगी को अस्पताल ले जाने से पहले स्थिर किया जा सके और उसके ठीक होने में मदद मिले। इन क्लासेस को सम्पन्न व सफल बनाने में शिक्षण संस्थान के कुशल शिक्षिकाएं मिस संजीवनी एवं मिस स्लोका का योगदान रहा। संस्था के प्राचार्य पुष्पेन्द्र कर्ष एवं शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित रहें और छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की जानकारी संस्था की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव के द्वारा दी गई।



# सेप्टिक टैंक से मिली महिला की लाश, एक माह से थी लापता



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के बांधाटोला गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 20 वर्षीय शादीशुदा महिला कामनी निषाद का शव उसके ही घर के सेप्टिक टैंक में मिला है। शव करीब एक माह पुराना बताया जा रहा है, जिससे आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मृतका के पति भोजराम निषाद ने लगभग एक माह पहले पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को घर के सेप्टिक टैंक से बदबू आने की सूचना मिलने पर जांच की गई, जिसके बाद महिला का शव बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोहारा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना के सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है। यह केस अब गंभीर रूप से संदेहास्पद माना जा रहा है, और पुलिस इसे संभावित हत्या, दुर्घटना या अन्य कारणों के कोण से परख रही है।

## ग्रीन नेट लगाए बिना निर्माण कार्य करने पर और सड़क बाधा प्रकरण में ई जुर्माना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 3 क्षेत्र अंतर्गत राजीव नगर क्षेत्र में माननीय एनजीटी के आदेशानुसार ग्रीन नेट लगाए बिना निर्माण कार्य करवाए जाने और सड़क बाधा के प्रकरणों पर कुल 7000 रूपये का ई जुर्माना सम्बंधित स्थल पर सम्बंधित भवन स्वामियों से उन्हें भविष्य के लिए नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए वसूला।

## राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की पुण्यतिथि पर प्रतिमा स्थल के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की पुण्यतिथि 12 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर रायपुर के जलविहार कॉलोनी उद्यान परिसर स्थित प्रतिमा स्थल के समक्ष उनका सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 3 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

## ग्राम सिलघट-भिंभौरी में आयोजित भव्य कलश यात्रा में शामिल हुईं जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



धर्म, संस्कृति और भारतीय परंपराओं के उज्ज्वल संरक्षण के उददेश्य से ग्राम सिलघट (भिंभौरी) में भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी विशेष रूप से शामिल हुईं। यह पूरा आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में, वेदमाता गायत्री, युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य तथा वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा के दिव्य संरक्षण में प्रारंभ हुआ है। 10 से 13 दिसंबर तक चलेगा 108 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा- मैं बचपन से गायत्री परिवार से जुड़ी हूँ, गाँव में यह आयोजन होते देख मन भाव-विभोर है। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा– गायत्री परिवार मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है मैं बचपन से गायत्री परिवार के संस्कार, संस्कृति और सेवा भावना से जुड़ी हुई हूँ। सिलघट (भिंभौरी) जैसे ग्राम में इतना बड़ा, भव्य और दिव्य आयोजन देख मन गर्व, भाव और आध्यात्मिक आनंद से भर उठता है। 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, गर्भोत्सव, आदर्श विवाह और 1008 माताओं का गर्भसंसकार का अनुष्ठान का कार्यक्रम ये सिर्फ आस्था के कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज निर्माण, संस्कार निर्माण और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सबसे पवित्र कदम हैं। उन्होंने आगे कहा– गायत्री महायज्ञ पीढ़ियों को संस्कार देता है, परिवारों को एकता देता है और समाज को शुद्ध दिशा प्रदान करता है। मैं ग्रामवासियों और गायत्री परिवार का हृदय से धन्यवाद करती हूँ कि उन्होंने इस पवित्र आयोजन को इतनी दिव्यता के साथ संपन्न कराया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा– आप सभी अपने इष्ट मित्रों, परिचितों और परिवार सहित इन यज्ञीय कार्यक्रमों में अवश्य शामिल हों। भारतीय संस्कृति को जीवित रखने और समाज में संस्कारों के दीप जलाने का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता अतः इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएँ। ग्रामवासियों ने किया हार्दिक स्वागत सिलघट (भिंभौरी) के ग्रामवासियों, महिला मंडल, युवाओं, गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया। गाँव में बाजा, पुष्पवृष्टि और जयकारों के साथ कलश यात्रा अत्यंत भव्य रूप में निकली।

## सिप्ला लिमिटेड ने युरपीक के लॉन्च की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

Cipla

सिप्ला लिमिटेड ने आज युरपीक (टिरज़ेपाटाइड) के लॉन्च की घोषणा की। यह एक सप्ताह में एक बार दिया जाने वाला इंजेक्टेबल उपचार है, जिसे मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज़ मेलिटस देश की दो सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रबंधन के लिए बनाया गया है। लिली को भारत के औषधि नियंत्रक महानियंत्रक की मंजूरी मिलने के बाद, सिप्ला को भारत में युरपीक, यानी लिली के टिरज़ेपाटाइड के दूसरे ब्रांड को वितरित और प्रमोट करने के अधिकार प्राप्त हैं। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, अचिन गुप्ता ग्लोबल चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, सिप्ला लिमिटेड ने कहा युरपीक का लॉन्च मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज़ मेलिटस भारत की दो दीर्घकालिक और गंभीर बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में परिवर्तनकारी क्षण का प्रतीक है। सिप्ला इस क्षेत्र में उसी स्तर की विशेषज्ञता और वैज्ञानिक प्रतिबद्धता के साथ प्रवेश कर रहा है, जिसने क्रोनिक बीमारियों और श्वसन देखभाल में हमारी नेतृत्वकारी स्थिति को परिभाषित किया है। हमारा ध्यान वैश्विक मानकों पर आधारित और भविष्य-उन्मुख उपचारों को तेज़ी से उपलब्ध कराने पर है। लिली जैसी कंपनियों के साथ हमारे सहयोग नवाचार, उत्कृष्ट उपचार-उददेश्य और व्यापक पहुंच को एक साथ लाकर यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्नत चिकित्सा-सेवा हर मरीज तक पहुँचे चाहे वे कहीं भी हों।

## भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने धान खरीदी टोकन लिमिट बढ़ाने कलेक्टर से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने बेमेतरा जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों एवं मंडियों का निरीक्षण कर किसानों से मुलाकात की। निरीक्षण के दौरान सभी किसानों ने एक ही समस्या सामने रखी–धान का टोकन नहीं कट पा रहा है और टोकन लिमिट बहुत कम है, जिससे किसानों को भारी परेशानी हो रही है। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने तत्काल कलेक्टर, जिला बेमेतरा से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की और किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रतिदिन धान खरीदी की क्विंटल लिमिट बढ़ाई जाए, जिले के 129 धान उपार्जन केन्द्रों में सॉफ्टवेयर लिमिट कम होने के कारण किसानों के धान की खरीदी प्रभावित हो रही है। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टोकन लिमिट बढ़ाई जाए, किसानों का टोकन नहीं कट पा रहा है, जिससे लंबी प्रतीक्षा और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उपार्जन केन्द्रों की नियमित मॉनिटरिंग हो, अधिकारियों को प्रतिदिन निरीक्षण कर किसानों की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया जाए। योगेश तिवारी बोले हमारी भाजपा की सरकार है, किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। धान खरीदी लिमिट एवं टोकन की समस्या जल्द ही दूर की जाएगी। किसानों के हित सर्वोपरि हैं– यह नरेंद्र मोदी और विष्णुदेव साय का स्पष्ट संकल्प है। भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा उन्होंने आगे कहा मैंने स्वयं किसानों से बात की है, उनकी समस्याएँ वास्तविक हैं।

## कोटक सिक्योरिटीज 2026 मार्केट आउटलुक : वैश्विक उथल-पुथल के बीच इक्विटी मार्केट बना रहेगा मजबूत, सोना और चमकेगा




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड (कोटक नियो) ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया है, जिसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार और कमोडिटी (जैसे सोना) में मजबूती की उम्मीद जताई गई है। रिपोर्ट में आने वाले साल में निवेशकों के ध्यान देने लायक बड़े आर्थिक रुझान, सेक्टर के अवसर और कमोडिटी के अनुमान बताए गए हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी एंड सीईओ श्रीपाल शाह ने कहा कि, वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ग्रोथ का मजबूत केंद्र बना हुआ है। हमारी इक्विटी पर राय पॉजिटिव है, क्योंकि कॉर्पोरेट अर्निंग अच्छी रहने की उम्मीद है और नीतिगत माहौल भी सहयोगी है। 2026 में सोना एक सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में अपनी चमक बनाए रखेगा। युवा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से बाजार और मजबूती पकड़ेगा और वेल्थ क्रिएशन के नए अवसर पैदा होंगे। इंडस्ट्री के मोर्चे पर उन्होंने आगे कहा कि, लेटेस्ट सेबी सर्वे के अनुसार, 63 परिवार कम से कम एक सिक्योरिटीज मार्केट प्रोडक्ट के बारे में जानते हैं, लेकिन सिर्फ 9.5% परिवार ही वास्तव में निवेश करते हैं।

## हत्या करने की नियत से अश्लील गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पोषण कुमार राजपूत साकिन बुदेली थाना परपोडी जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 09 दिसंबर को अपने दोस्त अविनाश उर्फ बंटी, रविपाल के साथ राशन सामान लेने किराना देवकर आया था समान लेकर हम तीनों वापस पर लौट रहे थे नवकेशा रोड स्थित संतोष ढाबा में गुटखा पाउच लेने हम तीनो रात्रि 08/20 बजे गये और आपस में बातबीत कर रहे थे आपस में मोटर सायकल चलाने की बात कर रहे थे वही पर लक्की ढीमर, वरूण गोस्वामी, अंकित निषाद एवं एक अन्य लोग थे इसी दौरान चारो ने हमे गाली गलौच कर रहे हो कह कर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर शराब की बोतल को फेड कर हत्या करने की नियत से प्राणघातक हमला कर चारों मारपीट गंभीर चोट पहुचाया हैं। कि रिपोर्ट पर रिपोर्ट पर चौकी देवकर थाना साजा में धारा 296, 351(3), 115(2), 109(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी देवकर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक उदल राम टांडेकर के साथ चौकी स्टाफ द्वारा विवेचना कार्य प्रारंभ की गई।

## गायत्री और कुमारी बाई को कृषि क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पेप्सीको इंडिया के 'वॉइसेज़ ऑफ हार्वेस्ट अवॉर्ड्स 2025' से किया गया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की दो प्रेरणादायक महिला किसानों, रायगढ़ की गायत्री पाईकारा और कांकेर की कुमारी बाई मंडावी, को नई दिल्ली में आयोजित पेप्सिको इंडिया के 'वॉइसेज़ ऑफहार्वेस्ट कॉन्फ्रेंस एंड अवॉर्ड्स 2025' में कृषि क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जलवायु-सहिष्णु कृषि प्रणालियों के निर्माण में उत्कृष्ट कार्य के लिए गायत्री पाईकारा को 'क्रॉप डाइवर्जिफिकेशन चैम्पियन अवार्ड' से सम्मानित किया गया, जबकि कुमारी बाई मंडावी को 'फार्म रेजिलिएंस एंड क्लाइमेट एडेप्टेशन अवार्ड' से नवाजा गया। अपने 'पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस' फिलॉसफी के मार्गदर्शन में, पेप्सिको इंडिया ने भारतीय कृषि में सतत परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों का सम्मान करने के लिए 'वॉइसेज़ ऑफ हार्वेस्ट अवॉर्ड्स 2025' का दूसरा संस्करण आयोजित किया। देशभर से 10 किसानों को उनके नेतृत्व, नवाचार और सामुदायिक प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया।

## छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से चल रहे नाइट क्लब और हुक्का बार बंद होने चाहिए : सांसद फूलोदेवी नेताम

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com



राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने संसद में शून्यकाल के दौरान देश में अवैध रूप से चल रहे नाइट क्लब और हुक्का बार का मामला उठाया है। जहां फूलोदेवी नेताम ने कहा कि गोवा में एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने से 25 लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई जिनमें 4 विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। यह घटना बडी दुखद है लेकिन इसने गोवा ही नहीं अन्य प्रदेशों में भी अवैध रूप से चलाए जा रहे नाइट क्लब और हुक्का बार की तरफ ध्यान आकर्षित किया है। नेताम ने कहा कि पहले यह अवैध व्यापार बडे शहरों तक था लेकिन अब ये छोटे शहरों में भी फैल गया है। अवैध रूप से संकरी गलियों मेंए छतों पर नाइट क्लब और हुक्का बार चलाए जा रहे हैं। इनके निर्माण में सुरक्षा और फायर सेफ्टी मानकों तक का पालन नहीं किया जाता और जो नाइट क्लब मंजूरी के चल रहे हैं वहां पर नशे का बडा व्यापार होता हैए न्यूड पार्टी होती है। नेताम ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ की राजधानी रायपुर में ही कुछ दिन पहले एक नाइट क्लब के बाहर खूनी झडप हुई और बन्दूक से हमला हुआ। समस्या सिर्फ गोवा या रायपुर की नहीं है। देश का युवा इस दलदल में फंसता जा रहा है लेकिन इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इसलिए फूलोदेवी नेताम ने सरकार से मांग की है कि देश में चल रहे नाइट क्लब की सेफ्टी ऑडिट कराई जाए और अवैध रूप से चलाए जा रहे हुक्का बार और नाइट क्लब को तुरन्त प्रभाव से बंद करवाया जाए।

## कलेक्टर उइके ने प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य-विभाजन किया जारी

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने जिला प्रशासन गरियाबंद में अधिकारियों के कार्य विभाजन का आदेश देते हुए प्रशासनिक सेवकों के विभिन्न अधिकारियों के दायित्वों का पुनर्वितरण करते हुए विस्तृत कार्य-विभाजन आदेश जारी किया है। नए आदेश के अनुसार कई विभागों की जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गई हैं। इनमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक कल्याण, जल संसाधन, कृषि, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, पशुधन, महिला एवं बाल विकास, जनसमस्या निवारण शिविर, लाईवलीहुड कॉलेज, मुख्यमंत्री कौशल विकास, जन धन योजनाएँ, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, ग्रामिण स्वास्थ्य मिशन, आदिवासी विकास तथा अन्य प्रमुख विभागों का दायित्व सौपा गया है। अतिरिक्त कलेक्टर पंकज डाहिरे को राजस्व, खाद्य सुरक्षा, आवश्यक वस्तु अधिनियम, पेट्रोलियम अधिनियम, पशु, सहित कई संवेदनशील प्रकरणों का निराकरण अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा किया जाएगा। तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के यात्रा भत्ता, चिकित्सा बिल, भविष्य निधि आहरण, सेवानिवृत्ति से जुड़े भुगतान तथा विभागीय देयों की स्वीकृति के अधिकार भी उन्हें प्रदान किए गए हैं।

## विकसित भारत की नींव हैं शिक्षित और अनुशासित युवा : ललित नरेटी

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गूकोंदल द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में 'विकसित भारत के लिए शिक्षित युवा हैं बुनियाद' विषय पर बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में शामिल होकर ललित नरेटी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए शिक्षित और अनुशासित युवा ही वास्तविक बुनियाद हैं। नरेटी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह शिविर छात्रों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक है। यह न केवल छात्रों में समन्वय और सद्भावना को विकसित करता है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक, शैक्षणिक प्रतिभा के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता को भी उभारता है। उन्होंने ह्स्स को युवाओं में सकारात्मक सोच और देश के प्रति सेवा भाव पैदा करने का एक सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के लाखों स्वयंसेवक ह्स्स से जुड़कर देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## आशीष दीवान का निधन



**रायपुर।** सुन्दर नगर, रायपुर निवासी 53 वर्षीय आशीष दीवान का आकस्मिक निधन गुरूवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार कोडागांव (बस्तर) में किया गया, जिनके भाई राजकिशोर, प्रणव, राघवेन्द्र, हितेन्द्र, समीर, एवं सिद्धार्थ दीवान हैं।

# वीर मेला महोत्सव के दौरान राजाराव पठार में स्थापित सोलर ड्यूल पम्पों से सतत पेयजल आपूर्ति-क्रेडा की पहल ने आदिवासी समाज को दी बड़ी सुविधा

## क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी एवं क्रेडा सीईओ राजेश सिंह राणा के मार्गदर्शन में राजाराव पठार में दो सोलर ड्यूल पम्प सफलतापूर्वक संचालित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





राजाराव पठार में आयोजित विराट वीर मेला महोत्सव के दौरान पेयजल की उच्च मांग को देखते हुए क्रेडा द्वारा स्थापित दो आधुनिक सोलर ड्यूल पम्प पूर्ण क्षमता से कार्यरत रहे, जिसके कारण हजारों श्रद्धालुओं एवं स्थानीय आदिवासी ग्रामीणों को सौर प्रणाली से चलित निर्बाध और स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सका। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में राजाराव पठार के करेंझर पहुँचकर वीर मेला महोत्सव के समापन दिवस में शामिल हुए। उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा, कांकेर के विधायक आशाराम नेताम, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसाय मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, पूर्व विधायक ब्रम्हानंद नेताम, जनप्रतिनिधि यशवंत जैन, चेमन देशमुख, राकेश यादव, तथा वीर मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष उमेंदीराम गंगराले सहित बड़ी संख्या में समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक, अधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, विरासत और बलिदान छत्तीसगढ़ की आत्मा हैं, और सरकार उनकी सुविधाओं, सुरक्षा एवं विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ेगी। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा क्रेडा द्वारा राजाराव पठार में स्थापित 02 नग सोलर ड्यूल पम्पों का लोकार्पण किया, जो इस क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। क्रेडा द्वारा इस अवसर पर जल उपलब्धता हेतु दोनों सौर पम्पों को सफलतापूर्वक संचालित करना-मुख्यमंत्री के दूरस्थ क्षेत्रों में हरित ऊर्जा आधारित बुनियादी सुविधाएँ के विज़न को मज़बूती से क्रियान्वित करता है। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने सोलर ड्यूल पम्पों को 'उच्च मानकों पर संचालित' करने हेतु टीम को विशेष निर्देश दिए थे। उनके मार्गदर्शन में राजाराव पठार जैसे दुर्गम क्षेत्रों में पेयजल हेतु सौर आधारित समाधान, उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का चयन, और दीर्घकालिक टिकाऊ ढाँचे की स्थापना सम्भव हो सका। इससे मेला स्थल पर एक भी क्षण जल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। सवन्नी ने कहा- जहाँ जनता की सुविधा और समाज का सम्मान जुड़ा हो, वहाँ क्रेडा की जिम्मेदारी दोगुनी हो जाती है। राजाराव पठार के दोनों सोलर पम्प उसी प्रतिबद्धता का उदाहरण हैं। क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा ने राजाराव पठार में सोलर ड्यूल पम्पों के संचालन हेतु व्यापक प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित की। उनके निर्देशानुसार- तकनीकी टीमों ने पम्पों के सभी इलेक्ट्रिकल एवं सोलर घटकों की पूर्व-जाँच की, जलस्तर और मोटर लोड के अनुसार पम्पिंग दक्षता सेट की गई, किसी भी संभावित रुकावट को रोकने हेतु प्री-इंस्पेक्शन किया गया, और पूरे कार्यक्रम के दौरान ऑन-स्पॉट मॉनिटरिंग की व्यवस्था बनाई गई।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र के ऐतिहासिक आदेश के बाद जारी किया सर्फेस राइट फ्रेमवर्क: नीलाम खदानों को मिली राहत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में खनन कार्यों में तेजी लाने वाली एक बड़ी प्रशासनिक पहल के तहत राज्य सरकार ने भारत सरकार के सतही अधिकार संबंधी निर्देशों को लागू करते हुए राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी है। इससे नीलाम खनिज ब्लॉकों में उत्पादन की शुरुआत अब पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी से हो सकेगी। RULE-801/97/2025-MRD 23.10.2025 के अंतर्गत जारी इस अधिसूचना द्वारा जिला कलेक्टरों को वार्षिक सतही मुआवजा निर्धारित करने तथा खनन पटटा धारकों को उनके आवंटित भूमि क्षेत्रों में प्रवेश दिलाने का विधिक अधिकार प्रदान किया गया है–एक ऐसा कार्य जो निजी भूमि सौदों में देरी के कारण पहले वर्षों तक अटका रहता था। यह कदम भारत सरकार द्वारा 3 जुलाई 2024 को जारी उस ऐतिहासिक आदेश के अनुपालन में है, जिसमें सभी राज्यों को सतही अधिकार मुआवजा व्यवस्था को सरल बनाने तथा खनन पट्टा धारकों को भूमि पर बिना देरी के विधिक प्रवेश उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। यह आदेश खनिज एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 20 के तहत जारी किया गया था। भारत सरकार ने पाया कि सैकड़ों खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी के बावजूद केवल कुछ ही खदानों में उत्पादन शुरू हो पाया है। सबसे बड़ी बाधा के रूप में यह कारण सामने आया, जिसमें निजी भूमिस्वामियों से सतही अधिकार प्राप्त करने में देरी। इस समस्या के समाधान हेतु केंद्र ने निर्देश दिए, वार्षिक सर्फेस मुआवजा निर्धारण हेतु अधिकारी की नियुक्ति, प्रत्येक राज्य को 30 दिनों के भीतर एक अधिकृत अधिकारी नियुक्त करना होगा। यदि राज्य किसी विशेष अधिकारी को नियुक्त नहीं करता, तो जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट स्वचालित रूप से सतही मुआवजा निर्धारित करने के अधिकृत अधिकारी माने जाएंगे। वार्षिक मुआवजा हर वर्ष 30 जून तक जमा करना होगा। वर्ष के किसी हिस्से में संचालन शुरू करने पर, प्रो-राटा आधार पर, संचालन से पूर्व भुगतान करना अनिवार्य होगा। सफल/पसंदीदा बोलीदाता के अनुरोध पर अधिकारी को 90 दिनों के भीतर मुआवजा निर्धारित करना होगा। राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करेंगी कि खनन पट्टा धारक पटटा अवधि के दौरान कभी भी अपने लीज क्षेत्र में प्रवेश कर सकें और अन्वेषण, सर्वेक्षण या खनन कार्य कर सकें। छत्तीसगढ़ ने आदेश को लागू किया: राज्य अधिसूचना की प्रमुख बातें- जिला कलेक्टर 30 दिनों के भीतर मुआवजा निर्धारित करेंगे, अधिसूचना कलेक्टरों को एमसीआर 2016 के नियम 52 के अनुरूप वार्षिक सतही मुआवजा निर्धारित करने का अधिकार देती है। हर वर्ष 30 जून से पूर्व सतही मुआवजा का भुगतान, केंद्र के निर्देशों के अनुसार अब भुगतान प्रक्रिया समयबद्ध और पूर्व-निर्धारित है। भूमि प्रवेश में तत्काल सुविधा- यदि विधिक आवश्यकताएँ पूर्ण हैं, तो कलेक्टर खनन पट्टा धारकों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रिया के भूमि में प्रवेश दिलाएंगे। संविधान के अनुच्छेद 348(3) के तहत प्रकाशन- अधिसूचना हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में प्रकाशित की गई है, जिससे इसे पूर्ण वैधानिक स्थिति प्राप्त है। राजपत्र प्रकाशन की तिथि से लागू- यह व्यवस्था 23 अक्टूबर 2025 से पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभावी हो गई है।

**यह क्यों महत्वपूर्ण है: खनन परियोजनाओं के लिए टर्निंग पॉइंट**–एनईएफ सहित उद्योग संगठनों ने वर्षों से यह मुददा उठाया था कि भूमि अधिग्रहण और सतही अधिकारों में देरी के कारण नीलाम खदानें 3-6 वर्षों तक रुकी रहती हैं। एनईएफ ने बताया कि यदि सतही अधिकार समय पर उपलब्ध हों, तो खदानें 18 महीनों के भीतर शुरू हो सकती हैं।

# पत्थलगांव क्षेत्र में सड़क व अवसंरचना कार्यों की हुई व्यापक समीक्षा, निर्माण एवं विकास कार्यों में आएगी तेजी

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पत्थलगांव विधायक गोमती साय एवं कलेक्टर रोहित व्यास ने विगत दिवस जनपद पंचायत कार्यालय पत्थलगांव में विभिन्न विभागीय निर्माण एवं विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में पत्थलगांव क्षेत्र में चल रहे प्रगतिरत, अप्रारम्भ तथा स्वीकृत कार्यों की विभागवार जानकारी प्राप्त की। विधायक एवं कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्यों को समयसीमा में पूर्ण किया जाना आवश्यक है। बैठक में सड़क, पुल-पुलिया, विश्राम गृह भवन, भवन निर्माण सहित सभी अवसंरचना परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को गंभीरता पूर्वक प्राथमिकता में लेते हुए शीघ्रता से पूरा करें। जनसुविधाओं को प्रभावित करने वाले किसी भी कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। शहरी विकास विभाग द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, सड़क सुधार तथा अन्य नगर विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभागों के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबे समय से लंबित कार्यों में तेजी लाई जाए और बाधाओं का त्वरित निराकरण किया जाए। इस दौरान बैठक में एसडीएम ऋतुराज बिसेन सहित संबंधित निर्माण एवं विकास विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत नगर पालिका पत्थलगांव में प्रस्तावित सभागार, इंडोर स्टेडियम, गौरव पथ सहित अन्य विकास कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

# देहजरी पंचायत के कोल्ड स्टोरेज पास सड़क हादसा अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में बुधवार की सुबह अज्ञात वाहन की ठोकर से बाईक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नंगाई का रहने वाला युवक संतोष सारथी 35 साल, जो कि क्षेत्र के किसी प्लांट में काम करता था। आज सुबह 11 बजे के आसपास बाईक सवार युवक जब देहजरी के पास स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने की वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अचानक घटी इस घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने डायल 112 के अलावा खरसिया थाने में मामले की जानकारी दी। जिसके बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए उसकी पतासाजी में जुट गई है।

# नगर निगम बीरगांव में आयुक्त के नेतृत्व में सामूहिक श्रमदान



**बीरगांव।** नगर पालिक निगम बीरगांव में राष्ट्रगान कर निगम कार्यालय परिसर स्थित गार्डन में आयुक्त युगल किशोर उर्वशा द्वारा श्रमदान किया गया। उनके नेतृत्व में निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए श्रमदान में हिस्सा लिया। श्रमदान के दौरान परिसर की सफाई, स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने हेतु सामूहिक प्रयास किए गए। आयुक्त उर्वशा ने सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहते हुए नियमित रूप से सफाई और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संदेश दिया।

# आपसी रंजिश में चचेरे भाई पर हथियार से हमला

## फरार आरोपी जूटमिल पुलिस की गिरफ्त में

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मिडमिडा डीपापारा में आपसी रंजिश के चलते चचेरे भाई पर चाकूनुमा हथियार से हमला कर फरार हुए आरोपी को जूटमिल पुलिस ने गिरफ्तार कर गैर जमानती धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। घटना को लेकर पीड़िता संतोषी चौहान पति अशोक चैहान उम्र 40 वर्ष द्वारा 6 नवंबर को थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें बताया गया था कि उसी दिन शाम को उनके पति अशोक चैहान को रिश्ते के देवर प्रहलाद चौहान द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर मां-बहन की अश्लील गालियां दी जा रही थीं। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे धारदार वस्तु से नाक व पेट की ओर वार कर गंभीर चोट पहुंचाई। महिला के लिखित आवेदन पर थाना जूटमिल में आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घायल अशोक चैहान का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें एक्स-रे एवं सीटी स्कैन कराने की सलाह दी गई। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धारा 118(1) बीएनएस जोड़ी गई। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसे मुखबीर सूचना पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी प्रहलाद चैहान पिता जयपाल चैहान उम्र 37 वर्ष निवासी मिडमिडा थाना जूटमिल रायगढ़ के मेमोरेंडम पर सब्जी छीलने वाला पीलर (छिलनी) जब्त किया गया, जिससे उसने वार करना स्वीकार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम में शामिल प्रधान आरक्षक खिरेन्द्र जलतारे और हमराह स्टाफकी अहम भूमिका रही।

# सिंघल पावर प्रा.लि. के सुपरवाईजर के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में पिछले दिनों सिंघल पावर प्रा.लि. तराईमाल में काम के दौरान एक मजदूर की मौत हो जाने के मामले में जांच उपरांत पुलिस ने सुपरवाईजर के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस जांच के दौरान मृतक सनत कुमार मरकाम के भतीजा आदित्य कुमार ने बताया कि 27 अक्टूबर की सुबह सनत कुमार मरकाम 33 वर्ष, निवासी परसाहीनाला थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा, सिंघल पावर प्रा.लि. तराईमाल में प्लांट के अंदर काम करते समय ट्रस के बगल में बैठकर वासर प्लेट साफ कर रहा था इसी दौरान अचानक लोहे का ट्रस से करेंट लगने से चिपक गया था। इस दौरान सनत को पकडकर हटाने की कोशिश करने पर उसे भी दो बार करेंट का झटका लगा।

# जनजाति गौरव दिवस समारोह का शासकीय संत

## रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय में हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय, बगीचा में जनजाति गौरव दिवस बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं रिसोर्स पर्सन कासाबेल महाविद्यालय के प्राचार्य मन गुलाब खाखा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। समारोह में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में- प्रथम स्थान आराधना पैकरा-द्वितीय स्थान -अनु रानी टोप्पो- रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आराधना पैकरा ग्रुप द्वितीय स्थान वरुथिनी ग्रुप तृतीय स्थान आलिया ग्रुप-निबंध प्रतियोगिता में- प्रथम स्थान - वरुथिनी-द्वितीय स्थान - आराधना एवं सोनिया- तृतीय स्थान -मौसम एवं अनु रानी-मुख्य अतिथि मन गुलाब खाखा ने अपने आशीर्वचन में सभी स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए जीवन में सफल होने के प्रेरणादायी मंत्र प्रदान किए। उन्होंने जनजातीय समाज की महान परंपराओं, मूल्यों तथा बिरसा मुंडा के अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम ने मुख्य अतिथि का शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव रंजन तिग्गा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। सभी प्रतियोगिताओं का कुशल संचालन गीतांजलि शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ, विशेष रूप से प्रो. प्रवीण मिंज, डॉ. रश्मि प्रिया टोप्पो, प्रो. करुणा खलखो एवं डॉ. आस्था तिर्की, अतिथि प्रोफेसर पूनम मानिकपुरी सोमेश साहू गिरीश वर्मा स्टाफ जगजीवन राम सुशील भगत अश्विनी सहित स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रकार जनजाति गौरव दिवस का यह कार्यक्रम संस्कृति और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन का प्रेरणादायी अवसर बना।




छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## डबल इंजन की सरकार में
# विकास सुपरफास्ट



**रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना**
के साथ रेल नेटवर्क मैप से जुड़ रहा बस्तर

PM JANMAN
**पीएम जनमन योजना**
के साथ जनजाति समुदाय का हो रहा विकास

**बोधघाट परियोजना**
दक्षिण छत्तीसगढ़ में बोधघाट परियोजना बनेगी हरियाली और समृद्धि का वरदान

**महतारी वंदन**
से महिलाओं को संबल

**समृद्ध किसान**
किसानों को बकाया बोनस, पीएम किसान सम्मान निधि का भी लाभ

**पी एम आवास**
26 लाख से अधिक परिवारों को अपना पक्का आवास

**जगदलपुर- विशाखापत्तनम और रायपुर- विशाखापट्टनम**
नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें

**स्पष्ट नीति और मजबूत निर्णयों के साथ सुशासन का राज**

Samvad-44464/6

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें

# सुशासन से समृद्धि की ओर

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403